# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-09-2023

# पति समेत छह पर दहेज हत्या का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल में शनिवार को रहस्यमय हालात में रसोई गैस चूल्हे की आग से जली विवाहिता अंजलि त्रिपाठी ने इलाज के दौरान बीती रात मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। उसका पति सूरज उर्फ सुमन तिवारी अभी भी मेडिकल कालेज में इलाजरत है। उधर, विवाहिता के पिता की तहरीर और एसएसपी के निर्देश पर इस मामले में खजनी पुलिस ने आरोपित पति, सास, दो जेठ और दो जेठानी के विरूद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। **उनवल प्रतिनिधि** के मुताबिक मृतका अंजलि त्रिपाठी के पिता चंद्रप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम सांडी खुर्द रात में ही बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर पहुंचे तब तक अंजलि मर चुकी थी। रात में ही मृतका के पिता ने कप्तान गोरखपुर के वहां पहुंच कर लिखित शिकायत किया कि 8 वर्ष पूर्व मेरी लड़की अंजलि की शादी कस्बा संग्रामपुर उनवल निवासी सूरज तिवारी पुत्र स्व. मोती तिवारी से हुई थी। हमारे लड़की को 6 माह से पति सूरज, उसकी सास, उसके दो जेठ व दोनों जेठानी मारते पीटते थे। उक्त लोग दो लाख रुपए की मांग करते थे तथा उसे घर से निकाल दिये थे। लोकलाज नाते मैंने पुनः अपने लड़की की विदाई भी कर दिया था। शनिवार को पति सूरज,व सास,दोनों जेठ व दोनों जेठानी ने जला दिया जिससे मेडिकल कलेज गोरखपुर में उसकी मौत हो गई। कप्तान के आदेश पर इंस्पेक्टर खजनी राजेश कुमार ने धारा 302, 323, 498ए एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत पति,सांस,दो जेठ तथा दो जेठानी पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

## नकबजनी के दो आरोपित गिरफ्तार

**टीपी नगर (एसएनबी)।** गीडा पुलिस ने नकबजनी के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम क्रमशः मिथुन साहनी पुत्र गंगा साहनी निवासी कुण्ड सुपौली थाना सिधवलिया जिला गोपालगंज बिहार हालमुकाम खरैला थाना गीडा जनपद गोरखपुर व निखिल चौहान पुत्र विनोद चौहान निवासी जुड़ियान थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से 1096 मीटर तांबे का तार व प्लास्टिक के 108 अलग साइज के छिले व बिना छिले केबिल बरामद किया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत रिमाण्ड के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी पिपरौली आलोक राय, आरक्षी उपेन्द्र यादव, पंकज कन्नौजिया व माधव मुरारी थाना गीडा जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# पुराना खड़ंजा उखाड़ा, प्रधान को दी धमकी

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के गींदहा में प्रधान द्वारा खड़ंजा निर्माण कराया गया था। सरकारी खड़ंजे को गांव के कुछ मनबढ़ो ने उखाड़ कर फेंक दिया। जिसका प्रधान ने विरोध किया तो मनबढ़ गाली गलौज तथा धमकी देने लगे। प्रधान ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है।

**भारत सरकार लिखी गाड़ी से पहुंचे थे धमकी देने वाले**

प्रधाना कुमारी देवी ने गांव के लोगो के आने जाने के लिए कच्चा रास्ते का निर्माण कराया था। इस रास्ते से 20 वर्ष से लोग आते-जाते रहते है। इस रास्ते पर खड़ंजा भी लगाया गया था। गांव में अपराह्न 2 बजे भारत सरकार लिखी गाड़ी से कुछ लोग आए और खड़ंजा उखाड़ कर फेंकने लगे। विरोध करने पर मनबढ़ मारपीट और गाली गलौज पर उतारू हो गये। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस बाबत एसओ महेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। चौकी इंचार्ज को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



# आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा

पीपीगंज के करपुरवा गांव में फंदे से लटके मिले विवाहिता के शव के मामले में पुलिस ने पति विमलेश, सास चंपा देवी और ससुर बेचन के विरुद्ध मारपीट, दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है. गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर एक गांव के राजेश्वर चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बहन सीमा की शादी पीपीगंज क्षेत्र के करपुरवा गांव के विमलेश से हुई थी. शुक्रवार को सीमा का शव फंदे से लटका मिला. ससुराल पक्ष के लोग उसका अंतिम संस्कार करने जंगल कौड़िया के रामघाट पहुंचे. मायके पक्ष के लोगों द्वारा हंगामा करने पर थानेदार आशीष कुमार सिंह ने समझाकर देर रात अंतिम संस्कार कराया था. थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# दो लुटेरे गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। कोतवाली पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की दो मोबाइल बरामद किए जाने का दावा किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम उत्कर्ष सिंह पुत्र ज्ञान प्रकाश सिंह निवासी गीता वाटिका पाठक विल्डिंग मेडिकल रोड थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर व शनि चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी बशारतपुर विष्णुपुरम कालोनी थाना शाहपुर बताया। पुलिस आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं 147, 323, 504, 506, 352 व 394 के तहत रिमाण्ड के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के अलावा चौकी प्रभारी नगर निगम एसआई अवनीश कुमार पाण्डेय, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार एवं आरक्षी राज गिरी थाना कोतवाली शामिल रहे।

# प्राइवेट कंपनी के दो कर्मियों पर गबन का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एक प्राइवेट कंपनी के डायरेक्टर ने गुलरिहा थाना पर अपने दो कर्मचारियों पर 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर गबन का आरोप लगाया है।

**डायरेक्टर ने 33 लाख रुपए गबन का दोनों पर लगाया है आरोप**

**भटहट प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार भटहट कस्बा निवासी दिव्यांश पांडेय ने तहरीर देकर बताया है कि वह एस आर विजन पावर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर हैं। उनकी कंपनी द्वारा प्राइवेट एवं सरकारी क्षेत्र में ठेके पर कार्य कराया जाता है। आठ महीने पहले कंपनी में अभिषेक राय पुत्र वंशीधर राय को साइट मैनेजर के पद पर और राजन पांडेय को अकाउंटेंट के पद पर रखा गया था। दोनों कर्मचारियों द्वारा कंपनी से मिले पैसे का इस्तेमाल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का वेतन आदि देने में किया जाता था। 8 जून, 2023 को कंपनी का हिसाब किताब जानने के लिए ऑडिट किया गया तो 33 लाख रुपए का गबन पाया गया। जांच में पाया गया कि दोनों ने मिलकर 33 लख रुपए को कर्मचारियों के वेतन आदि को देने के बजाए गबन कर लिया है। उसके बाद दोनों ने दो-चार दिन में पैसा वापस करने को कहा। दोनो पैसा वापस करने के बजाए अचानक कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं कई चेक बुक आदि लेकर फरार हो गए। गायब किए गए चेक बुक में से एक चेक का प्रयोग कर शाहपुर थाना क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच से पांच लाख रुपए भी निकलने का प्रयास किया गया है। गनीमत रहा कि बैंक मैनेजर द्वारा मामले की जानकारी दी गई तो पेमेंट करने से रोक दिया गया। गुलरिहा पुलिस आरोपितों के विरुद्ध धारा 420, 409, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# विवाहिता की मौत, हत्या का केस दर्ज

**अमर उजाला ब्यूरो**

**पति ने बताया, विवाद के बाद खुद लगाई थी आग**

**उनवल (गोरखपुर)।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी अंजनी (26) की झुलसने से मौत मामले में पुलिस ने हत्या, दहेज उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। मेडिकल कॉलेज में मौत के बाद पिता ने आरोप लगाया कि उसे कमरे में बंद कर जला दिया गया, जिससे मौत हुई है। उधर, पति भी घायल है।

शनिवार को झुलसने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई थी कि पति से विवाद के बाद उसने खुद को आग लगा लिया और बचाने के दौरान पति भी झुलस गया। फिलहाल, पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सिद्धार्थनगर के साडी खुर्द निवासी चंद्र प्रकाश तिवारी ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि बेटी अंजली की शादी आठ साल पहले सूरज तिवारी से हुई थी। सूरज, उनकी की मां, भाई रांगू, चिंकू और उनकी पत्नियां बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करती थीं।

आरोप है कि छह माह पहले भी दो लाख रुपये नहीं मिलने पर बेटी को कमरे में बंद कर मारा पीटा गया था। इसके बाद दोनों परिवारों में बातचीत हुई और विदाई कर दी गई। शनिवार शाम में दहेज के चलते अंजनी को जलाने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बारिश में जोश हाई, सेहत के लिए शान से बढ़े साइकिलिस्ट

## तीन घंटे चला मस्ती का दौर, हर तरफ छाया रहा बाइकाथॉन का खुमार

**GORAKHPUR (10 Sept):** अनलिमिटेड मस्ती और फुलटू धमाल का डोज लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट का मेगा इवेंट बाइकाथॉन (सीजन-15) रविवार को ऑर्गनाइज किया गया. रिमझिम बारिश में भी जोश से लबरेज हजारों की भीड़, टी-शर्ट और कैप संग एक से रंग में रंगे गोरखपुराइट्स ने रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम से 'ओमनी जेल प्रेजेंट दैनिक जागरण आईनेक्स्ट बाइकॉथन सीजन 15' में हिस्सा लिया. फिटनेट, मस्ती और अनलिमिटेड फन से भरपूर इवेंट में लोगों ने बारिश को एन्जॉय किया और हर परफॉर्मेंस पर जमकर थिरकते नजर आए. मस्ती और धमाल के बीच इनाम की बरसात भी हुई, जिसे हासिल करने के बाद विनर्स के चेहरे खिले-खिले नजर आए.



फिट रहना है तो रेगुलर एक घंटे खुद के लिए जरूर निकालना चाहिए. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट द्वारा आर्गनाइज बाइकाथॉन यही संदेश देता है. हम साइकिल चलाकर खुद को फिट रख सकते है. साथ ही पॉल्यूशन लेवल को भी घटाने में कामयाब होते है. जब हम फिट होते है तभी किसी भी काम को अच्छे से अंजाम दे पाते है.

**डॉ. गौरव ग्रोवर,**
एसएसपी गोरखपुर



बाइकाथॉन में हमेशा ही युवाओं का उत्साह देखने को मिलता है. इवेंट काफी अच्छा रहा. मैं उम्मीद करता हूं कि दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ऐसा इवेंट ऑर्गनाइज करता रहेगा. ऐसे आयोजन पब्लिक में अवेयरनेस का काम करते हैं. ऐसे कार्यक्रम रेग्युलर ऑर्गनाइज होते रहने चाहिए. मेरी ओर से आयोजकों को बधाई.

**अतुल सराफ,**
डायरेक्टर, ऐश्रा ग्रुप



साइक्लिस्ट का उत्साह देखते ही बना.



पुलिस बैंड ने बांधा समां.

### सुबह 7 बजे हुआ फ्लैग ऑफ

एनवायरनमेंट फ्रेंडली दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के इस मेगा इवेंट की शुरुआत रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम से हुई. साइकिल रैली के इनॉगरल सेशन में बतौर चीफ गेस्ट मौजूद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुबह सात बजे फ्लैग ऑफ कर रैली को रवाना किया. उनके साथ दैनिक जागरण के जीएम प्रवीण कुमार, ओमनी जेल से सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, मनीष केडिया और केतन, ऐश्रा समूह के डायरेक्टर अतुल सराफ, आरपीएम एकेडमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन अजय शाही, डायरेक्टर आराधना शाही, एवन साइकिल से रमन प्रताप सिंह, स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट गोरखपुर के एडिटोरियल हेड शिशिर मिश्र, मार्केटिंग हेड विश्वनाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे. यह रैली रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू होकर, रेलवे बस स्टैंड, यूनिवर्सिटी चौराहा, छात्रसंघ चौराहा, फिराक गोरखपुरी चौराहा, बेतियाहाता, शास्त्री चौराहा, टाउनहॉल, गोलघर, गणेश चौक, काली मंदिर, पुलिस लाइंस देते हुए वापस रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची. इस दौरान गोरखपुराइट्स ने जमकर साइकिलिंग का मजा लिया. वहीं, शहरवासियों को एनवायर्नमेंट को सेफ करने का मैसेज दिया.

### सड़कों पर दिखी साइकिल

मौसम में थोड़ी नरमी के बाद भी बाइकाथॉन में पार्टिसिपेशन के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा. हजारों की जबरदस्त भीड़ के सामने चौड़ी सड़कों की हालत भी तंग गलियों जैसी नजर आई. जिस रूट से साइकिल लिए गोरखपुराइट्स का यह कारवां गुजरा वहां पर लोग देखने के लिए अपनी जगह जमे नजर आए. साइकिल पर चल रहे गोरखपुराइट्स ने भी फिट रहने के साथ एंवायर्नमेंट सेफ रखने के लिए साइकिलिंग को प्रमोट करने का मैसेज दिया.

- दैनिक जागरण आईनेक्स्ट बाइकाथॉन (सीजन-15) रविवार को हुआ ऑर्गनाइज
- एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



बाइकाथॉन में उमड़ा पड़ा सैलाब.



एसएसपी ने बाइकाथॉन को दिखाई हरी झंडी.









सीनियर सिटीजन डॉ. धवन ने साइकिलिंग कर दूसरों को प्रेरित किया.



सड़कों पर दिखा साइकिलिस्ट का हुजूम.



# चोर उठा ले गए सीमेंट व अन्य सामान

गोला गोपालपुर के बारानगर गांव में सरकारी कार्य के लिए सामुदायिक भवन से 10 बोरी सीमेंट व अन्य सामान शनिवार की रात फाटक तोड़कर चोर उठा ले गए. प्रधान संध्या सिंह ने रविवार की सुबह गोला थाने में तहरीर दी. उन्होंने बताया कि कालिका स्थान पर पार्क का निर्माण हो रहा है. किसी कारण से कार्य रुक गया. इसके बाद सीमेंट, दो फावड़ा और बेलचा सामुदायिक भवन में रख दिया गया था, जो चोरी हो गया. थाना प्रभारी गोला धीरेंद्र राय ने बताया कि तहरीर मिली है. जांच की जा रही है.

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

खोराबार थाना पुलिस ने रविवार को हत्या का प्रयास करने वाले रामगढ़ताल के मनहट सुरहिया टोला के विकास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी खोराबार जयंत कुमार सिंह के अनुसार आरोपित ने अपने सहयोगी मनीष साहनी उर्फ कट्टा, रवि कुमार उर्फ आर्यन चौहान व बड़कू उर्फ अरविंद यादव के साथ मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था. इसमें रवि और बड़कू को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मनीष की तलाश चल रही है. जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# एएसपी मानुष पारीक बने सीओ कैंट

**GORAKHPUR:**एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार को दो सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया. एएसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक को कैंट सर्किल का प्रभार मिला है. सीओ कैंट रहे योगेंद्र सिंह को चौरी चौरा भेजा गया है.

# ऑटो में छूटा महिला का बैग बरामद

भटहट कस्बे में 31 अगस्त को आटो में छूटा महिला का बैग पुलिस ने रविवार को बरामद कर लिया. राजघाट थाना क्षेत्र के घंटाघर की रहने वाली एकता वर्मा आटो से भाई के घर जा रही थी. भटहट कस्बे में उतरते समय आटो में ही बैग भूल गई थी. उसने इसकी सूचना गुलरिहा थाना के भटहट चौकी पुलिस को दी थी. चौकी प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि चौराहे पर लगे सीसी कैमरे के फुटेज से आटो का नंबर मिला. इसके बाद चालक की तलाश शुरू हुई. 10 सितंबर को धर्मशाला के पास आटो को पकड़ा गया. आटो चालक की पहचान बलिया के रहने वाले अनिल के रूप में हुई. बैग में 1900 रुपये नकद, राखी, आधार कार्ड और अन्य कागजात मिले हैं. महिला के पति को बैग सिपुर्द कर दिया गया है.

# आग से जली महिला ने तोड़ा दम पति, सास, जेठ, जेठानी हत्यारोपी

**शनिवार को पति-पत्नी के विवाद के बाद हुई घटना**

gorakhpur@inext.co.in

**KHAJNI (10 Sept):** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल में एक महिला ने शनिवार को डीजल डालकर खुद का आग के हवाले कर दिया. गंभीर हालत में महिला को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया था. जहां पर देर रात उसकी मौत हो गई. वहीं आग के चपेट में आए पति की भी हालत गंभीर बताई जा रही है. मायके वालों के आरोप पर खजनी थाने में पति, सास, दो जेठ, 2 जेठानी पर दहेज हत्या का केस दर्ज हुआ है.

## यह था पूरा मामला

नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर चार निवासी सूरज तिवारी की 26 वर्षीय पत्नी मृतिका अंजलि ने 9 सितंबर की शाम पति से विवाद के चलते नाराज होकर अपने ऊपर डीजल उड़ेल कर गैस सिलेंडर से आग लगा लिया. धुआं देखकर पति और परिजन समेत मुहल्ले के लोग फाटक तोड़कर दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो अंजलि जल रही थी. पति को देखकर अंजलि ने आग बुझाने पहुंचे पति सूरज को गाली देते हुए पकड़ कर अपने आगोश में ले लिया. पति सूरज भी जलने लगा. किसी तरह




सूरज उसकी पकड़ से दूर होकर जलते हुए नीचे भगा.

## पहुंची महिला, भागे लोग

पत्नी अंजलि भी जलते हुए नीचे आई तो लोग यह दृश्य देखकर भयभीत होकर भाग चले. तब तक दोनों पति पत्नी बुरी तरह जल चुके थे. परिजनों ने मृतिका अंजलि के मायके सूचना देकर पति-पत्नी को को तत्काल वाहन से सदर अस्पताल भेजा. जहां दोनों की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान रात 12 बजे अंजलि ने दम तोड़ दिया. वहीं पति सूरज मेडिकल कॉलेज में जीवन और मौत से जूझ रहा है. मृतिका को दो बेटियां मुस्कान 5 वर्ष और मुअली दो वर्ष की है.

## पिता ने की शिकायत

मृतिका अंजलि के पिता चंद्रप्रकाश तिवारी ग्राम सांडी खूर्द थाना रुधौली जनपद सिद्धार्थनगर रात में ही मेडिकल कॉलेज पहुंचे तब तक अंजलि मर चुकी थी. रात में ही मृतिका के पिता ने कप्तान गोरखपुर के वहां पहुंच कर लिखित शिकायत किया कि 8 वर्ष पूर्व मेरी लड़की अंजलि की सादी कस्बा संग्रामपुर उनवल निवासी सूरज तिवारी पुत्र स्व मोती तिवारी से हुई थी. हमारे लड़की को 6 माह से सूरज, लड़की की सास, दो जेठ और दोनों जेठानी मारते पिटते थे. वह लोग दो लाख रुपए की मांग करते थे. उसे घर से निकाल दिये थे. लोक राज बस मैंने फिर अपने लड़की की विदाई भी कर दिया था शनिवार को पति सूरज,व सास,दोनों जेठ व दोनों जेठानी ने जला दिया जिससे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उसकी मौत हो गई.

## खजनी में दर्ज हुआ केस

एसएसपी के आदेश पर इंस्पेक्टर खजनी राजेश कुमार ने धारा 302,323,498 एवं3/4 एक्ट के तहत पति,सांस,दो जेठ तथा दो जेठानी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया. पोस्टमार्टम के वाद शव को राप्ती तट पर मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों ने दाह संस्कार किया. मुखाग्नि मृतका के जेठ अनिल तिवारी ने दिया.

# घायल को पीटकर लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। चौरीचौरा के रहने वाले श्याम जायसवाल को पीटकर मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से लूट के दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उनकी पहचान गीता वाटिका के रहने वाले उत्कर्ष सिंह व बशारतपुर, विष्णुपुरम में रहने वाले शनि चौहान के रूप में हुई। उनको जेल भेज दिया गया।

# बदमाश के घर पर राजघाट पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पांडेयहाता के पास 03 मार्च 2021 को एक किलो 400 ग्राम सोने के आभूषण लूटने में वांछित पंजाब के एक बदमाश के घर पर राजघाट पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। इसके बाद भी हाजिर नहीं होने पर पंजाब पुलिस की मदद से पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। इस मामले में दो लोगों को पहले ही जेल भेजा गया था।

जानकारी के मुताबिक, पंजाब के अमृतसर निवासी सुरेन्द्र सिंह स्वर्ण कारोबारी हैं। वह हाल्सीगंज के राधेश्याम धर्मशाला में ठहरे थे। सुरेंद्र सोने के आभूषण नाक की कील, नाथुनी और कान की बॉली गोरखपुर सहित अन्य जिलों में बेचते हैं। घटना के दो दिन पहले गोरखपुर आए थे।

# डॉक्टर को धमकाने में रंगदारी की धारा

गोरखपुर। जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठने और धमकी देने वाले दलाल प्रमोद सिंह से पूछताछ में कोतवाली पुलिस को कई लोगों का नाम मिला है। यह लोग अस्पताल परिसर में घूमकर मरीजों को गुमराह कर सस्ते दर पर दवा दिलवाने का झांसा देकर वसूली करते हैं।

जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर विवेचक ने सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने के दर्ज हुए मुकदमे में रंगदारी मांगने की धारा बढ़ा दी है। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

# निजी अस्पताल की है सीज एंबुलेंस

जासं, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर से शुक्रवार की रात पकड़ी गई एंबुलेंस निजी हास्पिटल के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस की जांच में आरटीओ में द प्राइड हास्पिटल के नाम से इसका पंजीकरण मिला है। चालक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह घूम-घूम कर रोगियों को ढोता था। रामगढ़ताल क्षेत्र के रहने वाले एंबुलेंस चालक फारुख को पुलिस ने 20 हजार रुपये निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

बीआरडी मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी के साथ एंबुलेंस माफिया द्वारा मारपीट किए जाने के बाद पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। नौ जुलाई के बाद से अब तक पुलिस बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर के अंदर से 15 से अधिक एंबुलेंस को संदिग्ध हाल में पकड़कर कार्रवाई कर चुकी है।

मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार की रात मेडिकल कालेज परिसर में गश्त के दौरान संदिग्ध हाल में एक टवेरा नंबर यूपी 53डीटी 1486 पकड़ी गयी। इसे एंबुलेंस के रूप में अवैध तरीके से चलाई जा रही थी। सीज एंबुलेंस गुलरिहा थाने में हैं। हास्पिटल संचालक से संपर्क कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## एंबुलेंस माफिया के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

जासं, गोरखपुर : मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी के साथ मारपीट और गाड़ी से कुचलने की कोशिश करने वाले एंबुलेंस माफिया के विरुद्ध पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। आरोपितों में चिलुआताल के फतेपुर के रिजवान, मो.अकसीम, आसिफ अली उर्फ गोलू फतेपुर डिहवा के रियासुद्दीन, मिर्जापुर एफसीआइ मार्ग के औरंगजेब शामिल हैं। इनके विरुद्ध पुलिस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की तैयारी में है। घटना नौ जुलाई की देर रात की है। मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी विवेक कुमार मिश्रा ने उत्तरी गेट पर खड़ी एंबुलेंस का चालान कर दिया था। इस पर एंबुलेंस माफिया ने गोलबंद होकर चौकी प्रभारी से मारपीट की थी। चौकी प्रभारी की तहरीर पर गुलरिहा थाना पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया था।



❝ नौ जुलाई की रात मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी के साथ मारपीट करने वाले एंबुलेंस माफिया के विरुद्ध जांच के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। अन्य आरोपितों की जांच की जा रही है।

**मनोज कुमार अवस्थी**
पुलिस अधीक्षक उत्तरी

# अमृतसर में रहने वाले लुटेरे के घर चस्पा हुआ कुर्की का नोटिस

जासं, गोरखपुर : राजघाट क्षेत्र में 42 लाख रुपये के गहने लूटकर सनसनी फैलाने वाले अमृतसर (पंजाब) के लुटेरे की तलाश में दो वर्ष से पुलिस छापेमारी कर रही है। कोई सुराग न मिलने पर अब संपत्ति कुर्क कराने की तैयारी चल रही है। शनिवार को अमृतसर स्थित घर पहुंचे राजघाट थाने के दारोगा ने आरोपित के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

अमृतसर में रहने वाले सर्राफ सुरेन्द्र सिंह गोरखपुर व आसपास के जिलों में सोने के आभूषण दुकानदारों को बेचते हैं। 28 फरवरी, 2021 को वह गोरखपुर आए और राजघाट स्थित राधेश्याम धर्मशाला में ठहरे थे। तीन मार्च, 2021 को संतकबीरनगर से लौटते समय स्कूटी सवार बदमाशों ने पांडेयहाता में असलहा सटा गहनों से भरा बैग लूट लिया था। वारदात में शामिल अमृतसर के डिविजन बी अंतर्यामी कालोनी में रहने वाले संतोष सिंह उर्फ हीरा सिंह पुलिस को नहीं मिला।

# सगी बहनों समेत तीन का अपहरण, पुलिस कर रही तलाश

जासं, गोरखपुर : बांसगांव क्षेत्र के एक गांव की दो सगी बहनों समेत तीन का अपहरण हो गया। इनके स्वजन की सूचना पर पुलिस अपहरण का केस दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

बांसगांव संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के एक गांव से गायब बहनों के स्वजन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 सितंबर को भोर में उनकी 18 वर्षीय और 16 वर्षीय बेटियां गायब हो गईं। स्वजन ने बताया कि उनकी पुत्रियों का अपहरण कन्हैया राय और सोहेल खान ने किया है। अपहरण कराने में मंटू महतो और प्रिया सिंह का हाथ है। इसी क्रम में क्षेत्र के एक और गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि नौ सितंबर को उनकी 13 वर्षीय पुत्री सब्जी लेने के लिए बाजार गई थी।

इसके बाद घर नहीं लौटी। आरोप लगाया कि उनकी पुत्री को बाबी देओल नाम के युवक ने अपहरण किया है। इसका गांव के रामानंद प्रसाद के घर आना-जाना था। थाना प्रभारी बांसगांव चंद्रभान सिंह ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद आरोपितों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस लाइन में रक्तदान करते पुलिसकर्मी • सौ. पुलिस मीडिया सेल

# 66 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

जासं, गोरखपुर : पुलिस लाइन में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें रक्तवीर युवा क्लब के संचालक पुलिसकर्मी शिवाम्बुज पटेल के नेतृत्व में 66 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। पुलिस लाइन के आरआइ हरिशंकर ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

शिवाम्बुज पटेल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में हर माह पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर लगाया जाता है। इसमें पुलिस विभाग के रक्तवीर क्लब के नेतृत्व में सेंटर फार फ्रेंडस ब्रेन एंड स्पाइन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में एकत्र हुए रक्त को जरूरतमंत लोगों को दिया जाएगा।

## दूसरों की जान बचाने को 14 लोगों ने किया रक्तदान

गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में रविवार को दूसरों की जान बचाने को 14 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सैंथवार-मल्ल स्वाभिमान मोर्चा संगठन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया था। रक्तदानियों में एक पुष्पलता सिंह शिक्षक दिवस पर देहदान का संकल्प भी ले चुकी हैं।

## डाक्टर को धमकाने में बढ़ाई रंगदारी की धारा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर (ओटी) में डाक्टर की कुर्सी पर बैठने और धमकी देने वाले दलाल प्रमोद सिंह से पुलिस की पूछताछ में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जो मरीजों को गुमराह कर सस्ती दर पर दवा दिलाने का झांसा देकर वसूली करते हैं। जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर विवेचक ने सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने के दर्ज मुकदमे में रंगदारी मांगने की धारा बढ़ा दी है। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

बांसगांव के रहने वाले प्रमोद सिंह पर चार सितंबर को कोतवाली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिला अस्तपाल के डाक्टर आरके सिंह की शिकायत पर कार्रवाई हुई थी। आरोप है कि प्रमोद साथियों संग आर्थो के ओटी में पहुंचा और डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। बाहर जाने के लिए कहने पर डाक्टर को धमकी देने लगा।

कर्मचारियों के विरोध करने पर साथियों को बुलाकर गाली देने लगा। पुलिस पहुंची तो आरोपित फरार हो गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित से पूछताछ में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उनकी तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के कहरपुरवा गांव में शुक्रवार को सीमा (35) की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति, सास व ससुर पर केस दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

**पीपीगंज थाना क्षेत्र के कहरपुरवा गांव की घटना**

जानकारी के मुताबिक, सीमा की लाश शुक्रवार को फंदे से लटकी मिली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर मायके वालों ने दाह संस्कार से इन्कार कर दिया था। उनका आरोप था कि हत्या कर शव को लटकाया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद पुलिस ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। अब पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। एसओ आशीष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# कार्रवाई की जद में नहीं आए प्रदेश के नौ माफिया, डीजीपी नाराज


## कहा– गैंगस्टर की कार्रवाई कर जल्द संपत्ति जब्त कराएं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल नौ बदमाशों पर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। डीजीपी विजय कुमार ने समीक्षा में यह बात सामने आने पर नाराजगी जताई है। माफिया जिस जिले के रहने वाले हैं, वहां के पुलिस कमिश्नर/पुलिस कप्तान को पत्र लिख कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सूची में देवरिया जिले के एक बदमाश संजीव द्विवेदी उर्फ रामू का भी नाम है। पुलिस अब नए सिरे से माफिया व उसके गिरोह के सदस्यों पर कार्रवाई करने की तैयारी में जुटी है।

डीआइजी कानून व्यवस्था एलआर कुमार ने पत्र में लिखा है कि अगस्त में माफिया की सूची में शामिल बदमाश व उनके गिरोह के सदस्यों पर कार्रवाई की जानकारी मांगी गई थी। पुलिस मुख्यालय को प्राप्त सूचना की समीक्षा करने पर पता चला कि सूची में शामिल देवरिया के संजीव द्विवेदी उर्फ रामू, मुजफ्फरनगर के विनय त्यागी, गाजीपुर के त्रिभुवन सिंह, गौतमबुद्धनगर के अनिल भाटी, सिंह राज भाटी, वाराणसी के सुभाष सिंह ठाकुर, बृजेश सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ जहर और प्रतापगढ़ के मनोज तिवारी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

इन पर शिकंजा कसने के लिए पहले से दर्ज मुकदमों में प्रभावी पैरवी करें। गवाहों को सुरक्षा देकर न्यायालय में समय से गवाही कराएं। चिह्नित माफिया के साथी व मददगार पर भी कार्रवाई करें।

जमानत पर छूटे साथी या सहयोगी अपराध में संलिप्त हैं, तो उनकी जमानत निरस्त कराएं। गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करके माफिया के साथ ही उसके गिरोह के सभी लोगों की संपत्ति जब्त कराएं।



**61** की सूची में नौ बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई

### बुलडोजर चलने पर हटा था माफिया विनोद का नाम

माफिया पर कार्रवाई न होने वाली सूची में गोरखपुर के विनोद उपाध्याय का नाम भी शामिल था, लेकिन दो माह के भीतर फार्म हाउस पर जीडीए का बुलडोजर चलने सहित गुलरिहा व शाहपुर थाने में कई मुकदमे दर्ज होने के बाद नाम हटा। पुलिस विनोद की तलाश कर रही है, एक लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### गोरखपुर के रहने वाले लोगों के विरुद्ध हुई कम कार्रवाई

गोरखपुर के रहने वाले माफिया व पूर्व विधायक राजन तिवारी, बागपत के धर्मेंद्र, प्रतापगढ़ के डब्बू सिंह उर्फ प्रदीप, अनूप सिंह, प्रयागराज के बच्चा पासी, जाबिर हुसैन, कम्मू उर्फ कमरुल हसन पर कम कार्रवाई हुई है।

# हत्या के प्रयास के आरोपित को किया गिरफ्तार

गोरखपुर : खोराबार थाना पुलिस ने रविवार को हत्या का प्रयास करने वाले राम्गढ़ताल के मनहट सुरहिया टोला के विकास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी खोराबार जयंत कुमार सिंह के अनुसार आरोपित ने अपने सहयोगी मनीष साहनी उर्फ कट्टा, रवि कुमार उर्फ आर्यन चौहान व बड़कू उर्फ अरविंद यादव के साथ मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। इसमें रवि और बड़कू को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मनीष की तलाश चल रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (जासं)

# घायल को पीटकर लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार



कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में गोलघर में मोबाइल फोन लूटने के आरोपित ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** घायल को पीटकर मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से लूट के दो मोबाइल फोन बरामद हुए।

चौरी चौरा के रहने वाले श्याम जायसवाल 28 अगस्त को दोस्तों संग पार्टी करने गोलघर आए थे। लौटते समय बाइक सवार दो युवकों ने ठोकर मार दी। आरोप है कि घटनास्थल पर श्याम का मोबाइल फोन गिर गया, जिसे बाइक सवार युवकों ने ले लिया। स्वजन व दोस्तों ने फोन किया तो लौटाने के बहाने जिला अस्पताल बुलाया और पीटकर उनका भी एक मोबाइल फोन छीन लिया।

श्याम की तहरीर पर मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही कोतवाली थाना पुलिस ने सीसी कैमरा फुटेज की मदद से रविवार की सुबह घटना में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान गीता वाटिका के रहने वाले उत्कर्ष सिंह और बशारतपुर, विष्णुपुरम के रहने वाले शनि चौहान के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित के कब्जे से लूटे गए मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# माफिया अजीत के विरुद्ध दो मुकदमों में चार्जशीट दाखिल

जासं, गोरखपुर : माफिया अजीत शाही पर शिकंजा कसते हुए गीडा थाना पुलिस ने दो मुकदमों में चार्जशीट दाखिल कर दी है। एक मामले में अजीत शाही समेत छह लोग तो दूसरे में माफिया को आरोपित बनाया गया है।

मोहनापुर निवासी दामोदर उपाध्याय ने एक मई, 2023 को गीडा स्थित भारत मोटर यार्ड के संचालक व सहयोगियों पर लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। गीडा थाना पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि यार्ड का संचालन माफिया अजीत के भाई व सहयोगी करते हैं। माफिया के इशारे पर ही वारदात हुई। विवेचक ने इस मामले में छिनौता बेलघाट के नीरज सिंह उर्फ चमन, अखिलेश सिंह, रामपुर के रामकेश उर्फ पप्पू प्रासद, बेतियाहाता केमाफिया के भाई अभिषेक शाही, लखनऊ के इंदिरा में रहने वाले शत्रुधन शाही व माफिया अजीत शाही के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया।

वहीं दूसरा मुकदमा माफिया अजीत शाही पर 12 जून को गीडा थाने में ही दर्ज हुआ था।

# डॉक्टर को धमकाने में पुलिस ने बढ़ाई रंगदारी की धारा

अमर उजाला ब्यूरो

**हिरासत में लिए गए दलाल ने पूछताछ में खोले कई राज**

**गोरखपुर।** जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर (ओटी) में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठने और धमकी देने वाले दलाल प्रमोद सिंह से पूछताछ में कोतवाली पुलिस को कई लोगों का नाम मिला है।

यह लोग अस्पताल परिसर में घूमकर मरीजों को गुमराह कर सस्ते दर पर दवा दिलवाने का झांसा देकर वसूली करते हैं। जांच में मिले साक्ष्य के आधार पर विवेचक ने सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने के दर्ज केस में रंगदारी मांगने की धारा बढ़ा दी है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

बांसगांव के रहने वाले प्रमोद सिंह पर चार सितंबर को कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया था। जिला अस्पताल के डॉक्टर आरके सिंह की शिकायत पर कार्रवाई हुई थी। आरोप है कि प्रमोद अपने साथियों संग आर्थो की ओटी में पहुंचा और डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ गया।बाहर जाने के लिए उन्होंने कहा तो धमकी देने लगा।

कर्मचारियों के विरोध करने पर अपने साथियों को बुलाकर गाली देने लगा। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया था।

# दो सगी बहनें घर से लापता, केस दर्ज

**खजनी।** बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की दो सगी बहनें (16 वर्ष) और (18 वर्ष) रविवार सुबह चार बजे घर से लापता हो गईं। परिजनों ने दो युवकों पर दोनों लड़कियों को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# मानुष पारिक सीओ कैंट बनाए गए

**गोरखपुर।** एसएसपी ने दो सीओ का कार्यक्षेत्र बदल दिया। चौरीचौरा सीओ रहे आईपीएस मानुष पारिक को सीओ कैंट बनाया गया है। वहीं, सीओ कैंट रहे योगेंद्र सिंह को चौरीचौरा सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। ब्यूरो

# लूट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने लूट के आरोप में दो युवकों को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूट के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान शाहपुर के बशारतपुर निवासी शनि चौहान और गीता वाटिका निवासी उत्कर्ष सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# चोरी के तार के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गीडा पुलिस ने चोरी के तार के साथ दो युवकों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान बिहार के गोपालगंज निवासी मिथुन साहनी और गीडा के जुड़ियान निवासी निखिल चौहान के रूप में हुई। आरोपी के पास से चोरी के 10.96 मीटर तांबे के चार बरामद हुए हैं। मिथुन गीडा इलाके में किराये के मकान में रहता है। ब्यूरो

# सोने की लूट में वांछित के घर कुर्की का नोटिस चस्पा



अमृतसर में कुर्की का नोटिस चस्पा करती गोरखपुर पुलिस। विज्ञप्ति

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। राजघाट थाना क्षेत्र के पांडेयहाता के पास तीन मार्च 2021 को एक किलो 400 ग्राम सोने के आभूषण लूट में वांछित एक बदमाश के घर पंजाब जाकर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इसके बाद भी हाजिर नहीं होने पर पंजाब पुलिस की मदद से राजघाट पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। इस मामले में दो लोगों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक, पंजाब के अमृतसर निवासी सुरेंद्र सिंह स्वर्ण कारोबारी हैं। वह हाल्सीगंज के राधेश्याम धर्मशाला में ठहरे थे। सुरेंद्र सोने का आभूषण गोरखपुर सहित अन्य जिलों में बेचते हैं। घटना के दो दिन पहले गोरखपुर आए थे। यहां के सराफा बाजार में गहनों की बिक्री की थी। इसके बाद वह गहनों की बिक्री के लिए

## अमृतसर के स्वर्ण कारोबारी से पांडेयहाता में हुई थी 1.400 किलो सोने के आभूषण की लूट

संतकबीरनगर चले गए। वापस लौटते समय उनके साथ लूट हो गई थी।

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि पंजाब से ही उनके पीछे बदमाश लग गए थे। फिर वारदात कर फरार हो गए। पुलिस ने दो बदमाशों को पंजाब से गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक सोना बरामद भी कर लिया था। लेकिन, तीसरा आरोपी अमृतसर डिविजन बी अंतर्यामी कॉलोनी निवासी संतोष सिंह उर्फ हीरा सिंह पकड़ में नहीं आया था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी है।

एसओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट से 82 का नोटिस हासिल कर पंजाब में आरोपी के घर पर चस्पा किया है।

# नाम बदलकर पासपोर्ट बनवाने में माफिया अजीत शाही पर चार्जशीट

## पुलिस की जांच में सामने आया सच, गीडा थाने में दर्ज दो केस में चार्जशीट दाखिल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। माफिया अजीत शाही को अजय वीर विक्रम बनकर पासपोर्ट बनवाने का आरोपी पाया गया है। उसने फर्जी नाम पते पर पासपोर्ट बनवा लिया था। इसकी पुष्टि पुलिस की जांच में हुई है। वह अपराध में अजीत शाही तो शराफत की दुनिया में अजीत वीर विक्रम सिंह नाम का इस्तेमाल करता था। इसी नाम पर ही वह अपनी प्रापर्टी भी धीरे-धीरे परिवर्तित कर रहा था। पुलिस ने माफिया के खिलाफ गीडा थाने में दर्ज दो केस में चार्जशीट दाखिल की है।

**लूट और साजिश के एक मामले में माफिया सहित छह तो दूसरे में अजीत आरोपी**

**अंडरग्राउंड क्राइम**



जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के मोहनापुर निवासी दामोदर उपाध्याय ने एक मई 2023 को गीडा थाने में केस दर्ज कराया था। आरोप है कि भारत मोटर यार्ड के संचालक व सहयोगियों ने किस्त बकाया होने पर जबरन ट्रक को यार्ड में खड़ा कर लिया और केबिन में रखे 16 हजार रुपये लूट लिए। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि यार्ड का संचालन माफिया अजीत शाही के भाई व सहयोगी करते हैं।

विवेचक ने इस मामले में नीरज सिंह उर्फ चमन निवासी छितौना थाना बेलघाट, अभिषेक शाही निवासी बी 76 न्यू कॉलोनी दक्षिणी बेतियाहाता थाना कैंट, शत्रुधन शाही निवासी इंदिरानगर लखनऊ, स्थाई पता पकड़ी बाबू थाना भाटपाररानी देवरिया, अजीत शाही, अखिलेश सिंह निवासी छितौना थाना बेलघाट, रामकेश उर्फ पप्पू प्रसाद निवासी रामपुर थाना बेलघाट के खिलाफ मारपीट, लूट, आपराधिक साजिश के तहत कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया।

वहीं माफिया अजीत शाही पर दूसरा केस 12 जून को गीडा थाने में दर्ज हुआ था। पता चला था कि अजीत शाही अपनी माफिया गिरी जिस नाम से करता है, उस नाम से संपत्ति या अन्य काम नहीं करता। शराफत की जिंदगी के लिए उसने अपना नाम अजीत वीर विक्रम सिंह रखा है। माफिया की दोहरी जिंदगी उजागर होने के बाद उसके खिलाफ गीडा थाने में पिपरौली चौकी इंचार्ज ने जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।

विवेचना में सामने आया कि पुलिस और प्रशासन को धोखा देने के लिए वह दो नामों का इस्तेमाल करता है। माफिया अजीत शाही को पता था कि उसके अपराध से उसे सजा हो सकती है ऐसे में उसने विदेश भागने और अवैध संपत्तियों को वैध में परिवर्तित करने के उद्देश्य से अजीत वीर विक्रम सिंह का नाम इस्तेमाल करता था। उसने इसी नाम से गलत तरीके से पासपोर्ट भी बनवाया है।

पासपोर्ट पर उसने अलग तरीके से हस्ताक्षर किया है जबकि कोर्ट में दिए शपथपत्र में हस्ताक्षर का तरीका अलग है। विवेचना में सामने आया कि उसने दो-दो भारत निर्वाचन कार्ड बनवाया है। वह इसका इस्तेमाल अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग आपराधिक उद्देश्य के लिए करता है। विवेचना में अजीत को कूटरचित दस्तावेज की मदद से जालसाजी का आरोपी पाते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

# कारनामा ट्रैफिक पुलिस का...सिर पर हेलमेट फिर भी कर दिया चालान

## फर्जी चालान से आम लोग परेशान, आए दिन सामने आ रहे मामले, गलत चालान हो तो यातायात कार्यालय पर प्रार्थनापत्र देकर करा सकते हैं माफ

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। यातायात नियमों का पालन वैसे तो खुद की जिंदगी के लिए जरूरी होता है, लेकिन अब फर्जी चालान की वजह से आम लोगों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। आलम यह है कि सिर पर हेलमेट होने के बाद भी चालान कटने का संदेश आ रहा है तो कई ऐसे पीड़ित हैं, जिनकी गाड़ियों के नंबर का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और चालान, वाहन स्वामी के पास पहुंच जा रहा है।

हैरत की बात तो यह कि जिसके पास बिना हेलमेट का चालान पहुंच रहा है, उसके ऊपर ही फोटो में वह हेलमेट लगाए साफ नजर भी आ रहा है। अब यातायात पुलिस यह



दलील देती है कि ऐसे चालान की शिकायत का निपटारा कर दिया जाता है, लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, शहर को हाईटेक बनाने के साथ ही चौराहों पर ऑनलाइन चालान की व्यवस्था की गई है। दूसरे, हर चौराहे पर यातायात पुलिस भी चालान काटती है। इसके पीछे की सोच तो यही है कि नियमों का पालन हो, ताकि जिंदगी को बचाया जा सके। लेकिन अब यातायात पुलिस मनमानी करने लगी है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

सिर पर हेलमेट होने के बाद भी एक हजार रुपये के चालान का संदेश लोगों को बेचैन कर देता है। फिर वह यातायात पुलिस की गलती से कटे चालान को खत्म कराने के लिए दौड़ते हैं।

यातायात कार्यालय पर प्रार्थनापत्र देकर जांच के बाद ऐसे चालान माफ तो कर दिए जाते हैं, लेकिन इसके लिए आप को दौड़ना भी पड़ेगा। जिस चालान में फोटो है तो फिर भी आसान है, अगर किसी चालान में फोटो लोड नहीं किया गया तो फिर साबित कर पाना ही मुश्किल हो जाता है। इस तरह के मामले अब तेजी से सामने आ रहे हैं।

**केस 1**

असुरन के पास रहने वाले दिलीप पांडेय का तीन महीने पहले बिना हेलमेट का चालान कट गया। संदेश आने पर वह आश्चर्य में पड़ गए। क्योंकि वह रोजाना हेलमेट लगाते हैं। चालान का फोटो सामने आया तो उसमें वह साफ-साफ हेलमेट लगाए दिख रहे थे। फिर वह यातायात कार्यालय गए और उनका चालान माफ किया गया।

**केस 2**

रुस्तमपुर निवासी उमाशंकर के मोबाइल फोन पर 16 मई को चालान कटने का संदेश आया। उन्होंने जब चालान को डाउनलोड किया तो फोटो में हेलमेट लगाए नजर आ रहे थे। वह भी इसकी शिकायत लेकर ट्रैफिक कार्यालय गए थे, लेकिन कोई मिला नहीं। उमाशंकर बताते हैं कि उन्होंने लोक अदालत में इसे खत्म कराया।

**केस 3**

कौड़ीराम निवासी गुड्डू मद्धेशिया ने अचानक तीन दिन पहले अपना मोबाइल फोन से चेक किया तो देखा 25 मार्च को असुरन में उनकी बाइक के नंबर प्लेट पर 5000 का चालान हो गया है जबकि बाइक पर नवंबर में ही एचएसआरपी नंबर प्लेट लग गया था। चालान पर लगी फोटो में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगा हुआ है।

**फैक्ट फाइल (जनवरी से अगस्त तक हुए चालान)**

- हेलमेट : एक लाख 17 हजार 552
- सीट बेल्ट : 3,536
- मोबाइल से बात करने पर : 1011
- नो पार्किंग : 39,121

गलत चालान के मामले सामने आने पर जांच कर कार्रवाई की जाती है। गलत नंबर के चालान एक नंबर इधर उधर होने की वजह से हो जाते हैं। हेलमेट के चालान के मामले अगर आए हैं तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

– श्यामदेव बिंद, एसपी ट्रैफिक

# मैनेजर-अकाउंटेंट ने की 33 लाख की जालसाजी

## गुलरिहा पुलिस ने दर्ज किया केस, मामले की छानबीन शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

### भटहट के दिव्यांश पांडेय ने अपनी ही फर्म के कर्मियों पर कराया केस

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट के रहने वाले दिव्यांश पांडेय ने अपनी ही फर्म के मैनेजर और अकाउंटेंट पर 33 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। दिव्यांश की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी खर्च दिखाकर रुपये का गबन किया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, दिव्यांश ने तहरीर में लिखा है कि वह एसआर विजन पॉवर सॉल्यूशन के एसोसिएट डायरेक्टर हैं। कंपनी सरकारी एवं गैर सरकारी ठेकों पर काम करती है। आरोप है कि आठ माह पूर्व कंपनी में अभिषेक राय को साइट मैनेजर तथा राजन पांडेय को अकाउंटेंट के पद पर नियुक्त किया था। दोनों कर्मचारी कंपनी की ओर से प्राप्त धनराशि को अपने अधीनस्थ कर्मचारी एवं अन्य जरूरी खर्च पर इस्तेमाल किया करते थे।

आरोप है कि आठ जून 2023 को कंपनी के हिसाब-किताब की जानकारी लेनी चाही तो पता चला कि दोनों कर्मचारियों की ओर से कंपनी के खाते से 18 लाख एवं 15 लाख रुपये नकद अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अन्य देनदारियों को न देकर स्वयं गबन कर लिया गया है। पूछताछ की तो आरोपियों की ओर से कुछ दिन का समय मांग कर पूरा हिसाब करने की बात कही गई।

बताया है कि कुछ दिन बाद पुनः हिसाब मांगने पर दोनों लोग कंपनी के ऑफिस से लेखा-जोखा व कंपनी के जरूरी दस्तावेज एवं संबंधित चेक बुक लेकर फरार हो गए। उक्त चेक बुक में से एक चेक निकाल कर पांच लाख रुपये छलपूर्वक भुगतान कराने की कोशिश कर रहे थे।

बैंक कर्मचारियों ने फोन पर इसकी सूचना दी। उसके बाद वह शाहपुर स्थित ब्रांच बैंक ऑफ बड़ौदा मेडिकल कॉलेज रोड पर गए। आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए कहा कि संपूर्ण 33 लाख रुपये भूल जाओ नहीं तो तुम्हारी हत्या कर देंगे। आरोप है कि कंपनी की संपत्ति को हड़पने के साथ ही जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# दलालों और उनके खैरख्वाहों की अब अच्छी तरह खबर लेंगे जिलाधीश

## मरीज-एंबुलेंस माफिया : मरीज उठाने की घटनाओं और डॉक्टर के साथ दलाल की हरकत का असर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टर के साथ दलाल की गलत हरकत और दबंगई अपना असर दिखा रही है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में दलालों की मनमानी हावी है। डीएम (जिलाधीश) ने दलालों और सिस्टम में रहकर उनकी पैरोकारी करने वालों की कमर तोड़ने का मन बना लिया है।

मरीज-एंबुलेंस माफिया के नेटवर्क को तोड़ने के लिए अब जिला प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। अब एडीएम सिटी के अलावा सभी एसडीएम रोजाना पांच सरकारी अस्पतालों में जाएंगे और दवा व इलाज की जानकारी लेंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी तय किए गए हैं, जो ओपीडी के साथ ही भर्ती मरीजों व तीमारदारों से फीडबैक भी लेंगे।

डीएम के निर्देश पर एक महीने तक इसे अभियान के रूप में चलाया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में बार-बार मरीजों की खरीद-फरोख्त का मामला सामने आया है। वहीं, जिला अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के ओटी में डॉक्टर की कुर्सी पर दलाल के बैठने और बाद में डॉक्टर को धमकाने का मामला आने के बाद जिला प्रशासन ने अब सभी अस्पतालों में जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत बीआरडी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व महिला अस्पताल पर विशेष निगरानी की जाएगी। इसके लिए एडीएम सिटी के साथ अन्य अधिकारियों को लगाया गया है।

वहीं, जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच के लिए एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### अब अस्पतालों में एडीएम के साथ एसडीएम जाएंगे, दवा-इलाज की लेंगे रिपोर्ट


बीआरडी में हो रहा था मरीज का सौदा एंबुलेंस सीज...माफिया फिर खिसके

10 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### दोपहर दो बजे के पहले एमआर मिले तो कार्रवाई

गोरखपुर। सरकारी अस्पतालों में ओपीडी के समय अगर डॉक्टर से मिलने एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) पहुंचे तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। डीएम ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। नोडल बनाए गए अधिकारी सरकारी अस्पतालों में जांच के दौरान यह देखेंगे कि कोई एमआर तो ओपीडी के आसपास भटक नहीं रहा है। दरअसल, प्रशासन को यह शिकायत मिली थी कि ओपीडी के समय बहुत सारे एमआर पहुंच जाते हैं और डॉक्टर उन्हें ज्यादा समय देते हैं। उनके प्रभाव में आकर निजी कंपनियों की दवाएं भी लिखी जाती हैं। इसके बाद डीएम ने जांच कराने का निर्देश नोडल अधिकारियों को दिया है।

सभी सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज व दवाओं की उपलब्धता की जांच के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। सभी को रोजाना पांच अस्पतालों की जांच कर रिपोर्ट देनी है। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। अगर कहीं दलाल व बाहरी तत्वों की सक्रियता मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- कृष्णा करुणेश**, डीएम

>> डॉक्टर को धमकाने के मामले में बढ़ी रंगदारी की धारा - पेज 7

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-11-09-2023



करन पटेल

# पोखरे में डूब रहे कासिम को बचाया, दो किमी कंधे पर लादकर पहुंचा अस्पताल

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सदर कोतवाली के सकरापार में रविवार को तालाब में नहा रहा एक किशोर डूबने लगा। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे करन पटेल ने डूब रहे किशोर को पोखरे से निकाला।

गंभीर हालत देख एंबुलेंस का इंतजार किए बिना कंधे पर लाद कर दो किलोमीटर तक दौड़ता हुआ मेडिकल कॉलेज पहुंचा, जिससे किशोर की जान बच गई। मेडिकल कॉलेज में किशोर का इलाज चल रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खरजरवा के रहने वाला कासिम (12) पुत्र सादिक रविवार को सकरापार में गांव के दक्षिण तरफ स्थित पोखरे में कुछ लड़कों के साथ स्नान कर रहा था। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

### एंबुलेंस को नहीं लगा फोन तो भी नहीं हारी हिम्मत

उसके साथ के लड़के शोर मचाने लगे। आवाज सुन कर रास्ते से गुजर रहे सकरापार निवासी करन पटेल पुत्र जय प्रकाश तालाब में कूद गए और कासिम को पानी से निकाला। इसके बाद कुछ देर तक एंबुलेंस को फोन लगाया, लेकिन फोन नहीं लगा। इस पर करन ने हिम्मत नहीं हारी और कासिम को कंधे पर लादकर करीब दो किलोमीटर तक दौड़ लगाते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचा और भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

कासिम के पिता सादिक ने कहा कि वह करन का अहसान जीवन भर नहीं भूलेंगे। उनके लिए फरिश्ता बनकर आया है।



कासिम को कंधे पर लादकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा करन। स्रोत

# यौन शोषण : बलिया के होटल में पुलिस ने की छानबीन, रिकॉर्डों को खंगाला

## बीईओ व शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों पर गुमनाम पत्र के जरिए लगे हैं गंभीर आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के एक ब्लॉक के बीईओ व शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों पर गुमनाम पत्र के माध्यम से लगे यौन शोषण के आरोपों के मामले में पुलिस ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। पुलिस टीम बलिया के बेल्थरा स्थित उस होटल तक भी पहुंची जिसका जिक्र गुमनाम पत्र में किया गया है। पुलिस ने पत्र में बताई गई तिथि पर होटल में आने जाने वालों के नाम, आधार नंबर और सीसीटीवी फुटेज को भी एकत्र किया है।

गैर जनपद तबादला हुई गुमनाम शिक्षिका के आरोपों की जांच कर रही समिति को अब पुलिस की रिपोर्ट का इंतजार है। इधर, मईल पुलिस ने मामले में कुछ शिक्षकों व कुछ बाहरी लोगों के मोबाइल नंबर की भी छानबीन शुरू कर दी है। बीते दिनों संबंधित ब्लॉक से चार शिक्षिकाओं का गैर जनपद तबादला हुआ है। इन सभी से पुलिस व जांच समिति ने भी फोन कर आरोपों, शिक्षक संघ के दोनों आरोपी पदाधिकारियों के कार्य-व्यवहार व खंड शिक्षा अधिकारी ने कभी परेशान किया हो या गैर हाजिर रहने पर धनउगाही की हो जैसी पूछताछ भी पूरी कर ली गई है।

### प्रकरण में विभागीय के अलावा बाहरी के भी शामिल होने की आशंका

जैसे-जैसे जांच प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे मामले की तस्वीर भी स्पष्ट होने लगी है। गुमनाम पत्र से आरोप लगाने वाली शिक्षिका अब तक सामने नहीं आई है ऐसे में जांच समिति को उनका पक्ष नहीं मिल पाया है। आरोपी पक्ष से समिति ने पहले ही उनका पक्ष जान लिया है। ऐसे में अब जांच रिपोर्ट भी इसी के आधार पर तैयार कर ली गई है। सूत्र प्रकरण में विभागीय के अलावा बाहरी व्यक्ति के भी शामिल होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। अधिकारी भी मान रहे हैं कि मामले को हवा देने में कुछ बाहरी भी हैं। ऐसे में इन सभी को चिह्नित कर इन पर भी कार्रवाई का खाका तैयार कर लिए जाने की बात सामने आ रही है।

*महिला शिक्षिका को एक महिला अधिकारी के सामने आकर अपनी शिकायत दर्ज कराने में क्या दिक्कत है। गुमनाम पत्र उच्चाधिकारियों को लिखकर जनपद के एक खंड शिक्षाधिकारी व दो शिक्षकों पर सनसनीखेज आरोप लगाने वाली शिक्षिका के आरोपों में कोई दम नहीं नजर आ रहा। मैं अपनी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को इसमें अवगत करा चुकी हूं।*

\- शालिनी श्रीवास्तव, बीएसए



शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों पर लगाया यौन शोषण का आरोप

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

# युवक की पीटकर हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुरा के तिवारी टोला में शुक्रवार की रात एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। तिवारी टोला के रहने वाले अजय कुमार पुत्र उपेंद्र सदर कोतवाली थाना के पुरवा चौराहे स्थित एक टेंपो एजेंसी में मैनेजर के पद पर कार्य थे। शुक्रवार को रात कुछ लोग उन्हें घेर करके लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में सात लोगों के विरुद्ध हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इसमें भोलू उर्फ पंकज, सन्नी, पिंटू यादव, वीरेंद्र यादव, नीरज यादव, इंद्रजीत, मखड्डू यादव शामिल हैं। पुलिस ने सन्नी पुत्र छोटक यादव तथा नीरज यादव पुत्र सोहन विशुनपुरा तिवारी टोला को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि सात में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। संवाद

# झड़प में वृद्ध की मौत, केस दर्ज

तरकुलवा (एसएनबी)। बघौचघाट थानाक्षेत्र के रामनगर गांव में मृत गाय को ग्राम सभा की जमीन में दफनाने को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में जमीन पर गिरकर एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। एसपी व क्षेत्राधिकारी सदर भी मौके पर पहुंच कर परिजनों से पूछताछ किए।

**रामनगर गांव में ग्रामसभा की जमीन में गाय को दफनाने को लेकर हुआ विवाद।**

बघौचघाट थानाक्षेत्र के रामनगर गांव निवासी काशीनाथ यादव की मृत गाय को दफनाने लेकर उनके भाई चंद्रदेव व कुछ लोग गांव के दक्षिण ग्राम सभा की खाली जमीन पर गए थे। जेसीबी मशीन से गड्ढे की खुदाई हो रही थी। इसकी खबर कुछ दूर पर रहने वाले नरेश यादव को हुई। पड़ोस में घर होने का हवाला देकर नरेश गाय को दफनाने से मना करने लगे।

बात-बात में दोनो तरफ से धक्का-मुक्की शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान नरेश ने चंद्रदेव ( 60 वर्ष) को जोर से धक्का दे दिया। जिससे चंद्रदेव जमीन पर गिर गए। लोग आनन-फानन में चंद्रदेव को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पकहा ले गए, जहा डक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बात की सूचना लोगो ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक ड़ संकल्प शर्मा व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारीद्वय ने घटना स्थल का मुआयना किया और लोगों का बयान दर्ज किया। उधर काशी यादव की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।



बघौचघाट थानाक्षेत्र के रामनगर गांव में वृद्ध की मौत की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर मुआयना करते एसपी, सीओ व इन्सर्ट में मृतक चंद्रदेव

# खलिहान व स्कूल की भूमि से हटा कब्जा

बनकटा (एसएनबी) । श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के सिकटिया दीनाचक गांव में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने उप जिलाधिकारी भाटपाररानी के आदेश पर खलिहान व स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटवा दिया। बताया जा रहा है गांव के नीलमणि ने उप जिलाधिकारी को समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर गांव के खलिहान की जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था प्रधान अखिलेश कुशवाहा ने स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया था जहां आंगनबाड़ी केंद्र प्रस्तावित था।उप जिलाधिकारी ने दोनों सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया था जिसपर श्रीरामपुर पुलिस ने राजस्व विभाग की टीम के साथ अवैध कब्जा हटवा दिया।

# न्यायालय के आदेश पर अवैध शराब हुई नष्ट

लार (एसएनबी)। न्यायालय सिविल जज सिडिएफटीसी प्रथम सीजेएम के द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में लार थाने में शराब विनिष्ट की गई। उपजिलाधिकारी सलेम्पुर सीमा पाण्डेय द्वारा गठित कमेटी के नेतृत्व में थाना में पकड़े गए अंग्रेजी शराब के 63 मामले के विनिष्टिकरण की कार्रवाई शुरू किया गया है। जेसीबी से थाने के बगल की जमीन में बड़ा एक गड्ढा तैयार किया गया था। मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में शराब गड्ढे में डाल कर ऊपर से जेसीबी से कुचल दी गई।

# पुलिस ने दो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया

मईल। पुलिस ने इशारू गांव से दो दिन पहले लापता हुए व्यक्ति के मामले में रविवार की शाम को दो युवकों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इशारू गांव निवासी शिवानी पांडेय ने पुलिस को शनिवार को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पति शंकर पांडेय को भागलपुर निवासी संजय उर्फ टाटा ने शुक्रवार की शाम को भागलपुर बुलाया तभी से वह लापता हैं। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए लापता का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने लगी। पुलिस ने इस मामले में भागलपुर के शिवम यादव को शनिवार की रात में हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार की। जिस पर पुलिस ने भागलपुर के संजय यादव टाटा व भागलपुर के ही शिवम के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। संवाद

# गायब व्यक्ति को नदी में ढूंढ रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। मईल थाने के ईशारू गांव के गायब एक व्यक्ति को मईल पुलिस भागलपुर के सरयू नदी में ढूंढ रही है। मईल पुलिस शनिवार को गुमशुदगी का केस दर्ज की थी। आशंका है कि हत्या कर शव नदी में फेंक दिया गया है।

मईल थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासी शंकर पांडेय शुक्रवार की शाम भागलपुर के एक युवक के बुलाने पर घर से निकले थे। वापस न आने पर उनकी पत्नी शिवानी पांडेय पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी का केस दर्ज कराईं। पुलिस तलाश में जुट गई और भागलपुर के एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम के साथ सरयू नदी में काफी खोजबीन कि लेकिन पता नहीं चल सका। हालांकि पुलिस कुछ बताने से इनकार कर रही है। बरहज के सीओ

## इशारु गांव के शंकर पांडेय के लापता होने पर दर्ज है मईल थाने में गुमशुदगी का केस

अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि गायब व्यक्ति की सभी पहलुओं से तलाश की जा रही है। जल्द गायब शंकर पांडेय के बारे में पता लगा लिया जाएगा।

**अनहोनी की आशंका पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है** : गायब शंकर की पत्नी शिवानी पांडेय, बेटा श्रेयश, दोनों बेटियों श्रेया और सौम्या का रो-रो कर बुरा हाल है। लड़कियों की शादी और लड़के की परवरिश कौन करेगा, इसको लेकर पत्नी शिवानी बार बार बेहोश हो जा रही थीं। शंकर पांडेय दो साल पहले केरल प्रांत में रहकर नौकरी करते थे। दो साल से वह गोरखपुर के एक प्राईवेट स्कूल में चौकीदार की नौकरी करते थे। छुट्टी के दिनों में गाय बेचने खरीदने का कार्य करते हैं।

# पशुओं से लदे दो ट्रक पकड़े, 28 पशु बरामद, 13 तस्कर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पशु लदे दो ट्रक को रामजानकी मार्ग पर हाईडिल तिराहा पर लार पुलिस ने शनिवार की रात पकड़ा। ट्रकों से 28 पशु बरामद हुए, जबकि 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

लार कस्बा चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ रात में गश्त पर थे। पुलिस टीम रामजानकी मार्ग पर हाईड्रिल तिराहा पर संदिग्ध लोगों व वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच बिहार की तरफ से तेज गति से आ रहे दो ट्रकों पर पुलिस की नजर पड़ी। संदेह के आधार पर पुलिस ने ट्रकों को रोका। जब ट्रक में टॉर्च जलाकर देखा तो ट्रक में पशु लदे थे। पुलिस कर्मियों ने दो ट्रकों को रोक लिया। प्रत्येक ट्रक में 14 - 14 भैंस लादी गई थी। पुलिस ने जब डॉक्टर द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, जिला प्रशासन की ओर से जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र और आवश्यक दस्तावेज मांगे तो वे नहीं दे सके। पुलिस दोनों ट्रक को थाने लेकर चली गईं। जबकि ट्रक में सवार मुकेश यादव निवासी ग्राम चैनपुर थाना सिसवन जिला सिवान (बिहार), अखिलेश कुमार सिंह निवासी ग्राम सिसवन थाना सिसवन जिला सिवान (बिहार), प्रभु कुमार यादव चैनपुर थाना सिसवन जिला सिवान (बिहार), ढोठा यादव निवासी ग्राम बंगरा कबारी थाना सिसवन जिला सिवान (बिहार), राजेश यादव निवासी ग्राम असहनी थाना-रसुलपुर जिला सारण (छपरा) बिहार, कन्जन पाल निवासी ग्राम नसीरपुर नमईचा थाना अवरास जनपद उन्नाव (उप्र), उमेश पाल निवासी ग्राम नसीरपुर नमईचा थाना अवरास जनपद उन्नाव (उप्र), कप्तान सिंह यादव निवासी ग्राम भवानी खेड़ा थाना माखी जनपद उन्नाव, शुद्धि रैदास निवासी ग्राम भवानी खेड़ा थाना माखी आदि को गिरफ्तार कर दिया गया।

# भटनी में बाइक चोरी करते तीन युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद

देवरिया। भटनी में बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आए दिन नगर व देहात क्षेत्रों से चोर दिनदहाड़े बाइक चोरी को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को नगर के सोनारी गली में तीन युवक बाइक चुराते कैमरे में कैद हुए है। फुटेज मिलने के बावजूद पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। इसके पहले भी शनिवार को सिनेमा गली से दुकानदार की बाइक चोरी कर ले जाते एक युवक का फुटेज पुलिस को मिला था।भटनी नगर के सोनारी गली निवासी विजय जायसवाल अपनी दुकान के सामने बाइक खड़ी की थी। रविवार को अचानक बाइक गायब हो गई। संवाद

# प्रेमिका से मिलने गए युवक को पेड़ से बांध पीटा

## लार थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना, पुलिस पर मामला मैनेज करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। प्रेमिका के बुलाने पर शनिवार की देर रात उसके घर मिलने गए युवक को प्रेमिका के परिजनों ने दरवाजे पर नीम के पेड़ से बांध पिटाई कर दी। इससे आधी रात को गांव में अफरा-तफरी मच गई। किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को फोन कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष को थाने लेकर पहुंची।

घायल युवक का सीएचसी में उपचार हुआ। उधर पुलिस पेड़ से बांध पिटाई की घटना से इनकार कर रही है। रविवार की सुबह तीन घंटे की पंचायत के बाद दोनों पक्षों ने आपस में सुलह कर लिया। घटना को लेकर पूरे दिन चर्चाओं का माहौल गर्म रहा।

लार थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक भटनी रेलवे स्टेशन पर रह कर चाय बेचने का काम करता है। दो दिन पहले वह गांव आया। युवक के मुताबिक शनिवार की रात घर से भटनी जाने के लिए करीब दस बजे निकल रहा था। इसी बीच गांव की रहने वाली उसकी प्रेमिका ने फोन कर मिलने के लिए बुलाया। युवक ग्यारह बजे के करीब उससे मिलने घर पहुंच गया। इसी बीच खटपट की आवाज सुन परिजनों की नींद खुल गई। यह देख युवक ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी प्रयास के बाद दरवाजा खोल लड़की के परिजनों ने पिटाई शुरू कर दी।



पिटाई से घायल युवक। संवाद

इसके बाद घर के पास नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे बांध दिया। इसकी जानकारी युवक के परिजनों को नहीं थी। रात्रि दो बजे के करीब युवक के चीखने की आवाज सुनाई दी।

इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची मईल की पीआरवी ने घटना को लार पुलिस को बताया। बंधक बनाकर पीटने की सूचना पर सक्रिय हुई। पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। वहीं युवती के परिजनों का आरोप है कि युवक गलत नियत से घर में घुसा था। उसे किसी ने बंधक नहीं बनाया है। उधर पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर पहुंची।

यहां घटना को लेकर पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि युवक प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। परिजनों ने घर के अंदर मिलने पर दरवाजा बंद कर पुलिस को सूचना दी थी। पेड़ से बांध कर पिटाई नहीं हुई है। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई थी। दोनों पक्षों ने तहरीर नहीं दी है। आपस में सुलह कर लिए हैं।

### दहशत इतनी की किसी ने छुड़ाने का नहीं दिखाया साहस

युवक के मुताबिक प्रेमिका के बुलाने पर वह गया था, जहां परिजनों ने पकड़ कर पिटाई कर दी। इसके बाद उसे दरवाजे के पास पेड़ से रस्सी से बांध दिया। इसके बाद करीब चार घंटे तक वह बंधा रहा। इस बीच वह चीखता रहा, लेकिन उसकी आवाज सुन किसी ने उसे छुड़ाने का साहस नहीं दिखाया। युवक के अनुसार तीन बजे रात में जब डायल 112 की पुलिस पहुंची तो हूटर की आवाज सुन आनन-फानन में बांधने वालों ने रस्सी खोल दी।

### दोनों पक्षों ने की सुलह

युवक की पेड़ से बांध पिटाई के मामले के बाद पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची। पुलिस घटना से संबंधित जानकारी दोनों पक्षों से ली। इसी बीच एक व्यक्ति मामले को मैनेज करने में जुट गया। इसके बाद मामले को खत्म करने के लिए पंचायत चली। करीब तीन घंटे बाद दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया। इसके बाद पुलिस ने छोड़ दिया। उधर इतने बड़े मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करना इसकी चर्चा आम लोगों में खूब है।

# अयोध्या भेजी जा रही 42 भैंस व पड़िया बरामद

## लार उपनगर के पिपरा चौराहे के समीप से पुलिस को मिली सफलता, 13 तस्कर गिरफ्तार

जासं, लार: दो ट्रकों से सिवान से अयोध्या भेजी जा रही 28 भैंस व 14 पड़िया को लार पुलिस ने पिपरा चौराहे के समीप से बरामद कर लिया। साथ ही 13 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार की रात पुलिस राम-जानकी मार्ग पर गश्त कर रही थी कि बिहार सीमा की तरफ से तेजी से दो ट्रक लार रोड की तरफ निकले। पुलिस ने पिपरा चौराहे के समीप से दोनों ट्रकों को पकड़ लिया और तलाशी ली तो उसमें से 28 भैंस व 14 पड़िया मिली। पशुओं को ठीक से नहीं रखा गया था। एक के ऊपर एक भैंस खड़ी थी। पुलिस ने इस मामले में सिवान के सिसवन के रहने वाले मुकेश यादव, अखिलेश सिंह, ढोढ़ा यादव, राजेश यादव, शंकर यादव, धर्मेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र बिंद, उन्नाव के रहने वाले कंजन पाल, उमेश पाल, कप्तान सिंह यादव, शुद्धि रैदास को गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी कुंदन पटेल ने बताया कि सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।



ट्रक में लदी भैंसे • जागरण

# गाय का शव दफन करने को लेकर मारपीट में वृद्ध की मौत

## ग्राम समाज की भूमि पर गाय दफनाने को लेकर हुआ विवाद, गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में रविवार की सुबह ग्राम समाज की जमीन पर गाय दफनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान



चंद्रदेव (फाइल फोटो)

एक वृद्ध की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसपी संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



रामनगर में हुई वृद्ध की हत्या की जांच करने पहुंचे सीओ सिटी। संवाद

सुबह थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी काशीनाथ यादव की मृत गाय को लेकर उनके भाई चंद्रदेव व कुछ लोग गांव के दक्षिण ग्राम सभा की जमीन पर गए। जहां गाय को दफनाया जाना था, वहीं गांव के ही नरेश यादव का घर है। वह नरेश गाय को दफनाने से मना करने लगे। कुछ ही समय में दोनों तरफ से धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान नरेश ने चंद्रदेव (60) को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गए। इससे उनकी हालत बिगड़ गई आनन-फानन में चंद्रदेव को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकहां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

मामले में मृतक के भाई काशीनाथ की तहरीर पर गांव के ही नरेश यादव और उनकी पत्नी हीरमती के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी पहुंचे और घटना की जांच शुरू की।

# पशु दफनाने के विवाद में अधेड़ की हत्या, दंपती गिरफ्तार

## बघौचघाट थाना के रामनगर गांव में ग्रामसभा की भूमि को लेकर हुआ विवाद, एसपी, सीओ सिटी पहुंचे घटनास्थल

जासं, पथरदेवा: क्षेत्र के रामनगर में रविवार की सुबह ग्राम सभा की भूमि पर गाय दफनाने को लेकर दो पक्षों में हो रहे धक्का-मुक्की में एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दंपती के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संकल्प शर्मा, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।



मृतक चंद्रदेव • फाइल फोटो।



रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं • जागरण

बघौचघाट थाने के रामनगर गांव के रहने वाले काशीनाथ यादव की गाय की भोर में मौत हो गई। गांव के बगल में ही स्थित ग्राम सभा की भूमि पर गाय को दफन करने के लिए काशीनाथ के साथ ही उनके भाई चंद्रदेव यादव व कुछ अन्य लोग लेकर पहुंचे और बुलडोजर से गड्ढा खोदाई का कार्य शुरू किए। इस बीच पड़ोसी नरेश यादव पहुंचा और गाय दफन करने से मना करने लगा। इसी



घटना की जानकारी लेते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। नरेश ने चंद्रदेव को धक्का दे दिया, जिससे वह गड्ढे में गिर गए। उन्हें उपचार के लिए न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकहा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने नरेश व उसकी पत्नी हीरमती के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**वृद्ध की मृत्यु के बाद परिवार में मातम:** वृद्ध चंद्रदेव पहले बाहर कार्य करते थे। कोरोना काल से पहले वह गांव आ गए और गांव में ही दुकान खोल कर चलाने लगे। वह लोगों को समझा रहे थे, इस बीच आरोपित ने उन्हें धक्का दे दिया और वह गिर गए। उनके सिर में कहीं चोट आ गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। चंद्रदेव की मृत्यु के बाद परिवार में मातम छा गया।

# साथी ने की आखिर क्यों मौत के घाट उतारा बना रहस्य

लार रोड/ भागलपुर(एसएनबी) ।सलेमपुर तहसील क्षेत्र के इशारू गांव के एक व्यक्ति दो दिनो से लापता है। इस मामले मे रविवार को मईल पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ गायब व्यक्ति के पत्नी के तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच मे जुटी हुई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मईल थाना क्षेत्र के इशारू गांव निवासी शिवानी पांडे ने मईल पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे पति शंकर पांडेय को भागलपुर निवासी संजय यादव उर्फ टाटा ने शुक्रवार की शाम को भागलपुर बुलाया तभी से वो लापता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापता का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने लगी है।

## शव को सरयू मे तलाशती रही एसडीआरएफ नहीं मिली सफ़लता



लापता व्यक्ति

सूत्रों की माने तो पुलिस ने इस मामले में भागलपुर निवासी शिवम हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार है और बताया शव उफनाती सरयूनदी मे भेक दिया है ।पर ये बात जान लोगो मे रहस्य बना हुआ है की आखिर क्यो साथी ने ही साथी को मौत के घाट उतारा ऐसे कौन सा कारण था । पहली तो उलझी लग रही है पर उसके कहने पर ही पुलिस शव को सरयू मे तलाशती रही। एसडीआरएफ वोट ले नदी मे उतरी पर सफलता नही मिली। इधर मईल पुलिस ने भागलपुर के संजय यादव टाटा व शिवम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मईल गोरखनाथ सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन चल रही है।

# युवकों में मारपीट, एक हिरासत में

देवरिया (एसएनबी)। शहर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में पुरानी रंजीश को लेकर दो ग्रुपों के युवकों में मारपीट हो गयी। घटना शाम 5 बजे की है। दोनों गुट जब होटल से बाहर निकले तो फिर मारपीट करने लगे। एक युवक जो नशे धुत था अपनी जान बचाने के लिए एक व्यक्ति के अहाते में चला गया।कुछ युवक उसका पीछा कर रहे थें। अहाते के लोगों ने सदर कोतवाल को घटना की जानकारी दी। शहर कोतवाल के कहने पर दो सिपाही मौके पर पहुंचे। युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गये। युवक का कहना था कि देवरिया रामनाथ के युवक उसके पीछे पड़े है। क्षेत्राधिकारी सदर घटना की जांच पड़ताल करा रहे है।

# रंगे हाथ चोर को पकड़ लोगों ने पुलिस को सौंपा

गौरीबाजार (एसएनबी) उपनगर के थाना रोड से एक सूने मकान में चोरी करते समय एक चोर को लोगो ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपित युवक से पूछताछ कर रही है। उपनगर के वार्ड नंबर छह गोला वार्ड के रहने साहब अली अंसारी के घर चोरी की नियत से चोर रविवार की शाम घूंसा था।इस बाबत थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# दो ट्रकों में क्रूरता से लदे 28 पशु पकड़े गए

लार (एसएनबी)। बिहार की तरफ से आए दिन भैंस लाद कर फैजाबाद जाती है। क्रूरता पूर्वक वाहनों में पशुओं को ठूंस कर ले जाया जाता है। बीती रात जनपद के लार थाना के कस्बा चौकी स्टाफ ने ऐसे दो ट्रक पकड़े जिनमे अलग अलग 14-14 जानवर निर्दयता से लादे गए गए थे। पुलिस ने दोनों ट्रकों को और उसमे सवार लोगों को पकड़ कर थाने ले गई। बीती रात रामजानकी मार्ग पर हाईड्रिल तिराहा पर कस्बा पुलिस के जवान चौकी प्रभारी कुंदन पटेल और मुख्य आरक्षी मुहम्मद राशिद खान के नेतृत्व में रात्रि गस्त कर रहे थे। वे संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच बिहार की तरफ से तेज गति से आ रहे दो ट्रकों पर पुलिस की नजर पड़ी। संदेह के आधार पर पुलिस ने ट्रकों को रोका। जब ट्रक के हुड पर चढ़कर पुलिसकर्मियों ने टार्च जलाया तो उनके होश उड़ गए। ट्रक में पशु बेरहमी से बांधे गए थे। कुछ ट्रक में ही गिर गए थे। ऐसे दोनो ट्रक पकड़ लिए गए। प्रत्येक ट्रक में 14-14 भैंस लोड थी। मौके पर पुलिस ने चालक से जब पशु चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ प्रमाण पत्र, जिला प्रशासन द्वारा जारी अनापत्ती प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगा तो वे नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों ट्रक को थाने लेकर चली गई।

# अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। भटनी थाना क्षेत्र के एक गाँव से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लडकी भगा ले जाने के आरोप मे मुकदमा थाने में दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे लडकी की माँ द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लडकी भगाने का आरोप लगाया गया था ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारण ,-363 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# 6 के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

भटनी (देवरिया )। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम जिगिन दीक्षित के -6 लोगो के खिलाफ थाने मे मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना के सम्बन्ध मे किरन देवी पत्नी.बृजेश्वर दीक्षित ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखी है कि मेरे ही गाँव के आशुतोष दीक्षित पुत्र मकेन्द्र दीक्षित जीतेन्द्र दीक्षित स्व चन्द्रभान दीक्षित संतों दीक्षित पुत्र शुभनारायण दीक्षित किरन देवी पत्नी आशुतोष दीक्षित शान्ति दीक्षित पत्नी मकेन्द्र दीक्षित हिमान्शु दीक्षित पुत्र जीतेन्द्र दीक्षित द्वारा रास्ते को विवाद को लेकर मेरे घर मे घुसकर गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिये ।जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिये ।तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस बिभिन्न धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर जाँच कर रही है ।

# महिला ने ताला तोड़ने का आरोप

खुखुन्दूरू स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनहुला गांव में महिला ने घर पर न रहने के चलते बगल के कुछ लोगों पर ताला तोड़कर सामान इधर-उधर करने का आरोप लगाए हैं इसकी सूचना पुलिस को दी। सोनहुला गांव की रहने वाली रेशमा देवी ने आरोप लगाया कि घर का ताला बंद कर चली गई थी, जब शाम को लौटी तो घर का ताला तोड़कर सामान बिखेर दिया गया था, जब बगल के लोगों से पूछताछ की गई तो उलझ गए इसकी सूचना पुलिस को दी प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सूचना मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध शराब का पुलिस ने किया विनिष्टिकरण

भटनी(देवरिया)। थाना भटनी द्वारा न्यायालय के आदेश के क्रम में बरामद अवैध कच्ची देशी शराब और अंग्रेजी शराब का विनिष्टिकरण किया गया। रविवार को न्यायालय के आदेशानुसार 158 अभियोगो में बरामद अवैध अंग्रेजी शराब 1394.57लीटर, अवैध देशी शराब 35.96 लीटर, अवैध कच्ची शराब 157850लीटर कुल मात्रा 3007.03 लीटर शराब का विनिष्टिकरण क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी व नायब तहसीलदार भटनी एवं थाना प्रभारी भटनी सहित न्यायालय के प्रतिनिधि की मौजूदगी में नियमानुसार कार्य कराया गया।

# मारपीट में पांच पर बलवा का केस दर्ज

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के तारासारा गांव में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुआ था। मामले में पुलिए एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज की है।

तारासारा गांव के रहने वाली सुमन देवी पत्नी रामू गौंड़ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 27 अगस्त की सायं करीब पांच बजे प्रशासन द्वारा उनके दरवाजे पर खड़ी गिरवा दिया गया था। जिसमें उनके परिवार के लोगों ने कोई दखल नहीं किया। प्रशासन के जाने के बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी डण्डा लेकर उनके दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि गाली देने से मना करने पर मारपीट करने लगे।

जिस पर वह जान बचा कर घर में भागी तो वह लोग घर में घुसकर मारने पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर उनके देवर पन्नेलाल और संगम गौंड दौडकर आए और बीच बचाव करने लगे। जिस पर उन्हें भी लाठी डण्डा और लात मुक्का से मारपीट कर घायल कर दिए। जिसमें पन्नेलाल के हाथ की हड्डी टूट गई है। मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के खुशिहाल गोंड व हरिहर गोंड पुत्रगण पड़ोही, प्रेमचन्द, धनेश व साहिल पुत्रगण खुशिहाल गोंड के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज की है।

# नवविवाहिता की मौत पर ससुरालियों पर केस

महुआडीह। सोनबरसा गांव में फंदे से लटकी मिली नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी राज चौहान बाहर रहकर वेल्डिंग का काम करता है। इसकी शादी 10 मई को कोतवाली थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह निवासी गुड्डू चौहान की पुत्री सबिता चौहान के साथ हुई। शनिवार की शाम करीब 5 बजे सविता की सास तारा देवी चौराहे पर दवा कराने चली गई। इस दौरान सविता ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता गुड्डू चौहान की तहरीर पर पुलिस ने पति राजू चौहान पुत्र पन्नेलाल , ससुर पन्नेलाल पुत्र पहलवान , सास तारा देवी पत्नी पन्नेलाल और जेठानी पर केस दर्ज कर किया है।

# महिला से रेप का आरोप

गौरीबाजार। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के एक व्यक्ति पर घर में घुस कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पांच सितंबर को घर पर अकेली थी। गांव का एक व्यक्ति ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया।

# डेढ़ लाख के बर्तन व जेवर चोरी कर सो गया था चोर

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गौरीबाजार थाने के समीप के मोहल्ले एक सुनसान मकान के कमरे में चोर सोते हुए मिला। परिवार के लोगों ने चोर को पकड़ कमरे में रखे बॉक्स व स्टील के संदूक की तलाशी ली तो करीब डेढ़ लाख का बर्तन, जेवर व नकदी गायब मिला। कड़ाई से पूछताछ में चोर ने डेढ़ महीने से सुनसान मकान में चोरी करने की बात स्वीकार किया। लोगों ने चोर को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है।

गौरीबाजार कस्बा के थाना रोड निवासी साहब अली पुत्र झखरी की वार्ड 6 जलकर रोड पर मकान है। बताया जाता है कि उस मकान में बेटी की शादी के लिए खरीदा गया तांबे का बर्तन, बाक्स व संदूक में डेढ़ लाख का वर्तन, जेवर व 50 हजार नकदी रखा गया था। सोमवार को बेटी की सगाई होने वाली थी। परिवार के लोग रविवार शाम जलकल रोड वाले मकान पर पहुंचे तो आराम से एक युवक कमरे में सोता मिला। कमरे के अंदर का बाक्स व स्टील का संदूक खुला मिला। उसमें रखा बर्तन, कपड़ा, नकदी व जेवर गायब था। पकड़े गए युवक से लोगों ने कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने चोरी स्वीकारते हुए चौकाने वाली बात बताई। वायरल वीडियो में उसने डेढ़ महीने से चोरी को अंजाम देना स्वीकार किया है। चोरी के बाद सामान को कस्बे के दुकानों पर बेच देता था। रात में रेलवे स्टेशन पर शरण लेता था।

# वर्कशॉप मैनेजर के दो हत्यारोपी भेजे गए जेल

**फॉलोअप**

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। वर्कशॉप मैनेजर की रंजिश में पीट कर हत्या करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों पर हत्या और एससी-एसटी का केस दर्ज किया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बिशनपुर तिवारी टोला निवासी ई रिक्शा वर्कशॉप मैनेजर अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता उपेंद्र प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों उत्तर हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी कर रहे हैं। पुलिस ने देर रात मामले के दो आरोपी सन्नी यादव पुत्र छोटक यादव उर्फ़ राजकिशोर यादव और नीरज यादव पुत्र सोहन यादव



रामपुर कारखाना थाना परिसर में पकड़े गए हत्यारोपित।

निवासीगण विशुनपुरा तिवारी टोला थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया। रविवार को सीओ सदर की देखरेख में पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

इससे

# जिले में 22 दरोगा संग 38 पुलिसकर्मियों का तबादला

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में थाने, लाइन और प्रकोष्ठो में तैनात 22 दरोगा समेत 38 पुलिस कर्मियों का पुलिस अधीक्षक ने रविवार की देर शाम को तबादला कर दिया। इसमें दरोगा मान सिंह को सदर कोतवाली का एसएसआई बनाया गया है।

एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की देर रात को महकमें में तैनात 22 दरोगा और 16 पुलिस कर्मियों का तबादला कर दिया।मईल थाने के एसएसआई दरोगा मान सिंह को सदर कोतवाली का एसएसआई बनाया गया है।

सदर कोतवाली में तैनात दरोगा सदगुरु मिश्रा को मईल थाना का भागलपुर पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा शिव प्रकाश मिश्र को सदर कोतवाली, अरविन्द्र कुमार सिंह को गौरीबाजार, देव बक्स सिंह को रुद्रपुर, रामजी यादव को अभियोजन शाखा, रमेश सिंह को भाटपाररानी, राम सिंह को मईल, रामरजन पाण्डेय, देवेन्द्र प्रताप को खामपार, लक्ष्मीनारायण पाण्डेय को बघौचघाट, नरेन्द्र कुमार पाण्डेय को महुआडीह, मनोज उपाध्याय को रुद्रपुर कोतवाली के कस्बा चौकी प्रभारी, रामकुवर भारती को रुद्रपुर,मो. मुख्तार खां को सलेमपुर,करुणेश राय को बरहज, दिनेश कुमार को गौरीबाजार से भलुअनी, एकौना में तैनात दरोगा सुधाकर विक्रम सिंह को सदर कोतवाली,रुद्रपुर में तैनात नीरज यादव को पुलिस लाइन, रुद्रपुर कोतवाली के कस्बा चौकी के प्रभारी केशव मौर्य को भाटपाररानी, मईल थाने में तैनात ज्ञान सिंह पटेल को एकौना , प्रयागदत्त चौबे को पुलिस लाइन से भाटपाररानी थाने में तैनात किया गया है। इसके साथ 16 पुलिस कर्मियों का भी तबादला किया गया है।

# मजिस्ट्रेट ने नष्ट कराई शराब

लार। एसपी देवरिया के निर्देश के क्रम में एएसपी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर के पर्यवेक्षण में न्यायालय सिविल जज सिडिएफटीसी प्रथम सीजेएम के आदेश के क्रम में रविवार को एसडीएम सलेमपुर सीमा पाण्डेय द्वारा गठित कमेटी में सीओ देव आनन्द, नायब तहसीलदार सलेमपुर डॉ भागीरथी सिंह,कोर्ट के बाबू देव व्रत व प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी की मौजूदगी में थाना में पकड़े गए शराब के 63 मामले के विनिष्टिकरण की कार्रवाई शुरू किया गया है।

# न्यायालय के आदेश पर जब्त शराब नष्ट की

भटनी। स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जब्त किए गए अंग्रेजी तथा देशी शराब को नष्ट किया गया। राजस्व विभाग तथा न्यायालय के कर्मियों के समक्ष पुलिस ने करीब तीन हजार लीटर शराब को नष्ट किया। क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव के नेतृत्व में थानेदार डा महेंद्र कुमार ने पकड़े गए करीब 1394लीटर अंग्रेजी तथा 15 सौ लीटर कच्ची, देशी शराब रविवार को नष्ट किया गया।

# चोरी की मोटर के साथ चार को किया गिरफ्तार

भाटपाररानी। पुलिस ने चोरी की मोटर के साथ चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके पास से चार सिंचाई करने वाला मोटर बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष टीजे से बताया कि मुखबीर की सूचना पाकर पुलिस ने थाना क्षेत्र के फुलवरिया चौराहा से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की पहचान भाटपाररानी थाना क्षेत्र के सुकवा निवासी दयानन्द राजभर, कन्हैया प्रसाद, रामभुवन, पवन कुमार निवासी बरईपार थाना भाटपाररानी के रूप में हुआ है।

# 14 पशु तस्कर गिरफ्तार 28 मवेशी बरामद किए

लार/मेहरौनाघाट, हिन्दुस्तान टीम। पुलिस ने 28 पशुओं समेत 14 पशु तस्करों को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पशुओं को दो ट्रकों में लादा गया था। लार कस्बा चौकी प्रभारी कुंदन पटेल की तहरीर पर सभी तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता का केस दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

रामजानकी मार्ग पर हाईड्रिल तिराहा के पास शनिवार की रात कस्बा पुलिस के जवान चौकी प्रभारी कुंदन पटेल और मुख्य आरक्षी मुहम्मद राशिद खान के नेतृत्व में रात्रि गस्त कर रहे थे। इसी बीच बिहार की तरफ से तेज गति से आ रहे दो ट्रकों पर पुलिस की नजर पड़ी। संदेह के आधार पर पुलिस ने ट्रकों को रोका।

ट्रक में पशु बेरहमी से बांधे गए थे। कुछ ट्रक में ही गिर गए थे। ऐसे दो ट्रक पकड़ लिए गए। प्रत्येक ट्रक में 14 - 14 भैंस लोड थी। मौके पर पुलिस ने जब पशु डॉक्टर द्वारा जारी किया गया स्वास्थ प्रमाण पत्र, जिला प्रशासन द्वारा जारी अनापत्ती प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेज चालको से मांगा तो वे नहीं दे सके। पुलिस ने दोनों ट्रक को थाने लेकर चली गई।

इस मामले में मुकेश यादव पुत्र स्व छबिला यादव निवासी चैनपुर, अखिलेश कुमार सिंह पुत्र स्व परमात्मा सिंह निवासी सिसवन, प्रभु कुमार यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी चैनपुर, ढोठा यादव पुत्र जिलाधर यादव निवासी बंगरा कबारी, थाना सिसवन, राजेश यादव पुत्र पुन्यदेव यादव निवासी असहनी थाना-रसुलपुर जिला सारण छपरा बिहार, शंकर यादव पुत्र मंगलदेव यादव, धर्मेन्द्र यादव पुत्र हरेराम यादव, सत्येन्द्र यादव पुत्र हरेराम यादव, विरेन्द्र बिन्द पुत्र श्रीनाथ बिन्द निवासीगण सिसवन थाना सिसवन जिला सिवान बिहार, कन्जन पाल पुत्र बलिराम पाल निवासी नसीरपुर नमईचा थाना अवरास जनपद उन्नाव, उमेश पाल पुत्र बलिराम पाल निवासी नसीरपुर नमईचा थाना अवरास जनपद उन्नाव, कप्तान सिंह यादव पुत्र श्रीराम रतन यादव निवासी भवानी खेड़ा थाना माखी जनपद उन्नाव, शुद्धि रैदास पुत्र सुबाष रैदास निवासी भवानी खेड़ा थाना माखी उन्नाव को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ चौकी प्रभारी कुंदन पटेल की तहरीर पर पशु क्रूरता का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# ससुराल गए गोरखपुर के युवक की नदी में मिली लाश

## हत्या की आशंका

- गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के मेहदीया गांव का रहने वाला है युवक
- परिवार के लोगों ने रंजय की हत्या कर शव नदी में फेंकने का लगाया आरोप

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। दो दिनों पूर्व ससुराल जाने के लिए घर से निकले युवक का शव मईल थाना क्षेद्ध के नारायणपुर गांव के समीप मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में बंद करा दिया। परिजनों ने रविवार को शव की शिनाख्त किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है।

गोरखपुर जिले के गगहा थाना क्षेत्र के मेहदीया गांव के रहने वाल रंजय गुप्ता (35) पुत्र स्व. राम चन्द्र गुप्ता दो दिनों पूर्व घर से ससुराल जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा था। परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल पर सम्पर्क करने की कोशिश किया, लेकिन उनका मोबाइल स्वीच ऑफ बता रहा था। शनिवार को एकौना थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप गोर्रा नदी में एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर एकौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में बंद करा दिया। उधर परिवार के लोग रंजय की तलाश में गोरखपुर के गगहा थाने को सूचना दिया।

एकौना पुलिस ने अज्ञात शव की जानकारी गगहा थाने को दी। पुलिस ने इसके बारे में रंजय के परिजनों को सूचना दिया। परिजन मोर्चरी पहुंच कर शव की शिनाख्त किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिवार के लोगों ने रंजय कर हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस मामलें में हर पहलु पर जांच कर रही है।

# 22 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल

**देवरिया**: एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की रात 9 बजे 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। चौकी प्रभारी भागलपुर मान सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक सदर कोतवाली, सदर कोतवाली से सद्गुरु मिश्र को चौकी प्रभारी भागलपुर, पुलिस लाइन से शिव प्रकाश मिश्र को सदर कोतवाली, अरविन्द सिंह को गौरी बाजार, देव बक्स को रुद्रपुर, रामजी यादव को अभियोजन शाखा, रमेश सिंह को भाटपाररानी, राम सिंह को मईल, राम रतन पाण्डेय, देवेंद्र प्रताप को खामपार, लक्ष्मी नारायण पांडेय को बघौचघाट, नरेंद्र पांडेय को महुआडीह, मनोज उपाध्याय को चौकी प्रभारी रुद्रपुर कस्बा, रामकुवर को रुद्रपुर, मुख्तार खान को सलेमपुर, करुणेश राय को बरहज, दिनेश को भलुअनी, सुधाकर सिंह को कोतवाली, नीरज को लाइन, केशव मौर्या को भाटपाररानी, प्रयाग राज को भाटपाररानी में तैनाती दी गई है।

# विद्यालय बनवाने के लिए लिया 12 लाख, अब इन्कार

**गौरीबाजार :** विद्यालय भवन के निर्माण के लिए एक व्यक्ति ने 12 लाख रुपये उधार लिया, अब देने से इन्कार कर दिया है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। गौरीबाजार के मोहनमठ के रहने वाले विजय राय ने आरोप लगाया है कि उनके दोस्त ने महुआडीह चौराहे पर विद्यालय खोलने के लिए 12 लाख रुपये उधार लिया। प्रभारी निरीक्षक रांजू सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# शव की शिनाख्त

**एकौना :** क्षेत्र के कोलकेशव के समीप राप्ती नदी से शुक्रवार की सुबह बरामद किए गए युवक के शव की रविवार को पहचान कर ली गई। युवक की पहचान गोरखपुर जनपद के गगहा थाना के मेंहदिया के रहने वाले रंजय गुप्ता के रूप में की गई थी। (जासं)

# पांच के विरुद्ध मारपीट का केस

**भटनी :** क्षेत्र के जिगिना दीक्षित गांव में रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने किरन देवी की तहरीर पर श्याम लखन, राम लखन, बृजेश्वर दीक्षित, किरन देवी, अंजली दीक्षित के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# युवक की हत्या कर शव नदी में फेंका, एक गिरफ्तार

**जासं, मईल:** मईल थाना के इशारू गांव से दो दिन पूर्व गायब युवक के मामले में पुलिस को रविवार को अहम सुराग हाथ लग गया। युवक की हत्या कर शव सरयू नदी में बहा दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस देर शाम तक दबिश दे रही थी।

मईल थाना के इशारू गांव के रहने वाले शंकर पांडेय को आठ सितंबर की रात भागलपुर गांव के रहने वाला संजय यादव उर्फ टाटा ने फोन कर बुलाया व उसी रात से वह गायब हो गए। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस ने शक होने पर भागलपुर के शिवम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि संजय यादव के साथ मिलकर चाकू से गोदकर भागलपुर-पिंडी मार्ग के समीप स्थित एक स्थान पर हत्या की गई। इसके बाद शव को बोरे में रखकर नदी में फेंक दिया गया। सीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शव की तलाश में टीमें लगी हैं।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# बाइक संग दो वाहन चोर गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। कसया थाने की पुलिस ने चोरी के एक बाइक के साथ दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को कसया पुलिस ने अविनाश पुत्र मुन्ना प्रसाद तथा अब्दुल कलाम पुत्र दिल मुहम्मद निवासीगण बनवारी टोला थाना कसया को जांच के दौरान विशुनपुरा कट के समीप से एक चोरी की बिना नम्बर प्लेट की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों शातिर वाहन चोरों को जेल भेज दिया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी कुशीनगर विवेक कुमार पाण्डेय, सिपाही साहिल यादव, सोनू यादव व रवि प्रकाश सिंह शामिल रहे।



कसया थान में चोरी की बाइक व चोरों के साथ कसया पुलिस।

# पाक्सो एक्ट का फरार आरोपित गिरफ्तार

पिपरा बाजार : नेबुआ नौरंगिया थाने के देवतहां बाली गांव के सुरेंद्र के विरुद्ध पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज है, वह फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, एसआइ रामेश्वर यादव, कांस्टेबल दिनेश कुमार ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



हाटा कोतवाली परिसर में चारी का पर्दाफाश करते सीओ कुंदन सिंह।

# चोर गैंग का पर्दाफाश, तमंचे के साथ आठ गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। हाटा कोतवाली पुलिस ने रविवार को अन्तरजनपदीय चोरी गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न घटनाओं से चोरी हुये करीब दस लाख रूपये का सामान बरामद किया है। पुलिस ने आठ शातिर चोरों को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रीतेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत हाटा कोतवाली पुलिस ने सुकरौली से बंचरा जाने वाली नहर पर भरवा बागीचे के पास से चोरी के विभिन्न अभियोगों में चोरी गये सामान के साथ आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने संदीप कुशवाहा पुत्र भरत कुशवाहा निवासी

## पुलिस टीम में यह रहे शामिल

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, दरोगा प्रदीप कुमार, चन्द्रभूषण पाण्डेय, अनुराग यादव, सिपाही सत्यनरायन राय, रणजीत सिंह, सचिन यादव, मुकेश चौहान व राजन जायसवाल आदि शामिल रहे।

कोटवा बसावन टोला थाना महुआडीह जनपद देवरिया, आदित्य गोंड उर्फ धर्मराज पुत्र लालविहारी गोंड निवासी सहोदरपट्टी थाना महुआडीह, शैलेश सिंह उर्फ रतन सिंह पुत्र दरोगा सिंह निवासी सहोदर पट्टी, एक डीजे का मिक्सर मशीन, एक गैस सिलेन्डर खाली, छह जोड़ा पुराना चांदी का पायल, एक जोड़ा नया पायल, दो मंगलसूत्र, दो जोडी कान की बाली, एक नथिया, 31000 नगद, चोरी की घटना में प्रयुक्त एक पिकअप, एक तमंचा 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर व दो लोहे का चाकू बरामद किया है।

# 15 लाख की अवैध शराब नष्ट

**खड्डा।** न्यायालय के आदेश पर खड्डा थाने में आबकारी एक्ट के तहत कुल 61 मुकदमे में वर्ष 2022 से 2023 तक बरामद 15 लाख रुपये की 4680 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब को जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर नष्ट किया। क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा के नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक खड्डा आशुतोष सिंह के निर्देश में खड्डा थाने में अवैध अंग्रेजी व कच्ची शराब आदि को नष्ट किया गया। इस दौरान पीओ शशिकान्त, एसएसआई अखिलेश यादव, नीरज यादव आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या का आरोपी व गैंगस्टर गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही थाना के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, दरोगा सुजीत भारती, सिपाही उमाशंकर चौरसिया, पंकज यादव व साक्षी सिंह की टीम ने दहेज हत्या का आरोपी समेत एक दूसरे मामले में गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दहेज हत्या का अभियुक्त नीरज पुत्र दूधनाथ सिंह निवासी मिश्रौली जोगी बाबा टोला थाना सेवरही तथा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी हृदया हरिजन पुत्र पूरन निवासी पिपराघाट दहारी टोला थाना सेवरही को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

# वारंटी को दबोचकर जेल भेजा

**पडरौना।** विशुनपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, दरोगा जनार्दन सिंह, सिपाही सुशील सिंह, मानवेन्द्र यादव व नीतू यादव ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वांरटी नत्थू यादव निवासी बांसगांव टोला चौरिया थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# छेड़खानी का अभियुक्त गिरफ्तार

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाना के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, दरोगा रामेश्वर यादव, सिपाही दिनेश कुमार बिन्द ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुरेन्द निवासी देवतहा बाली थाना नेबुआ नौरंगिया गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

# अवैध रूप से संचालित गेस्ट हाउस सील

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** अनैतिक कारोबार की लगातार शिकायत मिलने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कुशीनगर के कई होटलों पर छापेमारी की गई। इनमें चार होटलों का पंजीकरण न होने व आपत्तिजनक समान मिलने पर उन्हें सील कर दिया गया।

कसया तहसीलदार नरेंद्र राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के सूर्या पैलेश, सिंह गेस्ट हाउस, मनोकामना गेस्ट हाउस, जीरो गेस्ट हाउस पर पहुंचकर छापेमारी की गई। छापेमारी से संचालकों के हाथ पांव फूल गए और होटल में मौजूद लोग एक एक कर खिसकने लगे।

घण्टों चले छापेमारी व सघन जांच में इन होटलों को बिना पंजीकरण अवैध पाया गया और आपत्ति जनक समान मिला। इस पर इन होटलों को सील कर दिया गया। नगर के विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउसों की आ रही शिकायतों को लेकर प्रशासन काफी सक्रिय हो गया है। छापेमारी के दौरान प्रभारी निरीक्षक डॉ. आशुतोष तिवारी, कुशीनगर चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय, एसआई व अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



गेस्ट हाउस सील करते पुलिसकर्मी।

# अभियुक्त के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**अहिरौली बाजार।** कप्तानगंज पुलिस ने कृष्ण कुमार प्रजापति पुत्र राम अवध प्रजापति निवासी ग्राम बरवा कोटवा थाना कप्तानगंज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है। कृष्ण कुमार की शादी पिपराइच थाना जनपद गोरखपुर के जंगल अहमद अली शाह गांव निवासी संध्या प्रजापति से हुई थी। विवाहिता ने कृष्ण कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

# 25 हजार नगदी समेत हजारों का सामान उड़ाया

**हाटा।** महुई में शनिवार की रात अज्ञात चोर रोशनदान के रास्ते से घर में घुसकर 25 हजार रूपये नगदी समेत सोने की टीका, मंगलसूत्र आदि कीमती सामानों की चोरी कर फरार हो गये। महुई निवासी निर्मला देवी पत्नी विजय कुमार गोंड ने पुलिस को तहरीर सौंप अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दो महिला सिपाहियों समेत चार पुलिसकर्मी हुए चोटिल

# दबिश देने गई पुलिस पर बिहार में हुआ पथराव

पडरौना (कुशीनगर), निज संवाददाता। दबिश देने बिहार के गोपालगंज गई कुशीनगर पुलिस पर शनिवार रात महिलाओं के पथराव करने का मामला सामने आया है। इसमें एक गाड़ी का शीशा टूटने व दो महिला सिपाहियों समेत चार पुलिसकर्मियों के चोटिल होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पुलिस पथराव और सिपाहियों के घायल होने से इनकार कर रही है। पुलिस ने बिहार से पांच बदमाश को गिरफ्तार करने के साथ ही लूटी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली और वारदात में प्रयुक्त पिकअप बरामद की है।

गत छह सितंबर की भोर में कुशीनगर के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कोरया-शाहपुर उचकीपट्टी मार्ग पर स्थित ग्राम सभा जंगल शंकरपुर टॉवर के पास टाटा मैजिक सवार बदमाशों ने ड्राइवर को बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट ली थी। चालक के हाथ-पैर बांधकर ठाकुर चौराहे के समीप गन्ने के खेत में फेंककर फरार हो गए थे। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की जगह चोरी का केस दर्ज कर पुलिस टीमें खुलासे में लगी थीं।

इस मामले में कुशीनगर पुलिस शनिवार की रात पांच गाड़ियों से बिहार के गोपालगंज जिला के विसंभरपुर थाना क्षेत्र के नौका टोला गांव में दबिश देने गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस बदमाशों को पकड़ने के साथ एक पिकअप बरामद कर लौट रही थी कि महिलाओं ने पथराव कर दिया। इससे एक गाड़ी का पीछे का शीशा टूट गया तथा दो महिला सिपाहियों सहित चार पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। हालांकि पुलिस पथराव और सिपाहियों के चोटिल होने से इनकार कर रही है। अलबत्ता पांच बदमाशों को गिरफतार कर ट्रैक्टर-टॉली और पिकअप बरामद कर ली है।

- गाड़ी का शीशा टूटा, पुलिस का पथराव की घटना से इन्कार
- ट्रैक्टर-ट्रॉली की लूट मामले में बिहार पहुंची थी पुलिस

## फोटो खींच रहे पत्रकार का मोबाइल छीना

समउर बाजार के लोगों के मुताबिक रविवार सुबह करीब पौने आठ बजे पुलिस की पांच गाड़ियों से बिहार के तरफ से समउर बाजार पुलिस चौकी पर रुकी। पुलिस की एक गाड़ी के पीछे का शीशा टूटा हुआ और दो महिला सिपाहियों का उपचार चौकी के समीप एक प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर कराया जा रहा था। इस दौरान कस्बा निवासी एक पत्रकार क्षतिग्रस्त गाड़ी का फोटो खींचने लगा।

## चालक को बंधक बनाकर लूटी थी ट्रैक्टर-ट्रॉली

विशुनुपरा थाना क्षेत्र के कोकिलपट्टी गांव निवासी नागेंद्र गोंड पुत्र बलवंत गोंड इसी थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी परमहंस कुशवाहा की ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाता है। गत छह सितंबर को वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईट लाने दुदही की तरफ से तुर्कपट्टी की ओर जा रहा था। शंकरपुर और मछरियां के बीच मटियरियां के समीप मैजिक सवार कुछ बदमाशों ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट ली थी।

"बिहार से पांच बदमाशों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली और वारदात में प्रयुक्त पिकअप बरामद कर टीम लौटी है। पथराव और पुलिसकर्मियों के चोटिल होने की सूचना निराधार व गलत है। रास्ते में दो गाड़ियों की हल्की टक्कर में एक का शीशा टूट गया था। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

धवल जायसवाल, एसपी, कुशीनगर

# शांति-व्यवस्था में बाधा डालने पर होगी कार्रवाई



सिधुआ बाजार में मातहतों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

**जासं, पडरौना :** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतें। शांति व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्ती से पेश आएं और इनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। रविवार की शाम सात बजे छावनी, नगर व आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर उन्होंने हाल जाना। ताजिया जुलूस को लेकर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। मनमानी करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने को कहा। कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेजें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर ड्रोन व सीसी कैमरे के जरिये नजर रखें। क्षेत्र स्थित संवेदनशील गांव व जगहों पर विशेष चौकसी बरती जाए। संदिग्धों को चिन्हित कर उन्हें चेतावनी दी जाए।

# अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार

**जासं,हाटा**: कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के भरवा के समीप रविवार को आठ अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया। एक के पास से तमंचा व कारतूस मिला। चोरों की निशानदेही पर चोरी के आभूषण व अन्य कीमती सामान बरामद हुए।

सीओ कुंदन कुमार सिंह ने कोतवाली में पत्रकारों को बताया कि कोतवाली प्रभारी निर्भय सिंह मातहतों संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि सुकरौली बंचरा रोड के रास्ते शातिर चोर गिरोह के सदस्य जा रहे हैं। टीम ने भरवा के समीप छापेमारी कर आठ शातिरों को दबोच लिया। जिनकी पहचान संदीप कुशवाहा व दीपक पटेल निवासी कोटवा बसावन टोला, आदित्य गौड़ व शैलेश सिंह सहोदरपट्टी थाना महुआडीह तथा अतीश कुमार गोरेया घाट, हेमंत जायसवाल मिश्री मुंडेरा थाना रामपुर कारखाना, सत्येंद्र सुबिखर थाना खुखूंदु व रंजीत भारती भीमपुर थाना कोतवाली सदर देवरिया जिला देवरिया के रूप में हुई। सीओ ने बताया कि इनकी निशानदेही पर संदीप के घर से लोहे का राड, रिंच, आरी ब्लेड, डीजे मशीन, एंपलीफायर, माइक, सोने-चांदी के आभूषण, चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप आदि बरामद हुआ। सीओ ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों को आपराधिक इतिहास है। गिरोह ने हाटा नगर में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

# दबिश देने गई पुलिस पर पथराव

- तुर्कपट्टी से लूटी गई ट्रैक्टर-ट्राली बिहार के कुचायकोट से बरामद
- बदमाशों को गिरफ्तार कर लौट रही टीम पर गांव वालों ने बोला हमला

जासं, समउर बाजार: बिहार के सिवान में रविवार सुबह दबिश देने गई एसओजी व तुर्कपट्टी पुलिस की संयुक्त टीम पर गांव वालों ने पथराव कर दिया। मुश्किल हालात में टीम ने लूट की ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद कर पिकअप सवार पांच बदमाशों को दबोच लिया। पथराव में एसएचओ तुर्कपट्टी के वाहन का शीशा टूट गया और पीछे बैठे कुछ पुलिसकर्मियों को सामान्य चोट आई है।

बताया जा रहा कि बीते मंगलवार की रात तुर्कपट्टी इलाके में हुई ट्रैक्टर-ट्राली लूट की घटना में शामिल बदमाशों का लोकेशन मिलने पर सुबह पांच बजे एसओजी व तुर्कपट्टी पुलिस की संयुक्त टीम पांच वाहनों से बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट में दबिश देने पहुंची। टीम ने वहां से लूटी गई ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद कर नजदीक लगे पिकअप पर सो रहे पांच बदमाशों को दबोच लिया। यह जानकारी होते ही आसपास के लोग इकटठा हो गए। लोगों ने बदमाशों के बचाव में पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इससे एसएचओ की गाड़ी का शीशा टूट गया। पीछे बैठे दो महिला व तीन पुरुष समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ साथ कुशीनगर के उच्चाधिकारियों को सूचना दी और बिगड़े माहौल को नियंत्रित करने के लिए मोर्चा संभाला। पुलिस की सख्ती देख लोग हटे तब टीम वहां से निकल पाई।

# बिना लाइसेंस संचालित चार होटल किया सील

**जासं, कसया:** कसया एवं कुशीनगर में संचालित होटलों में संगठित रूप से देह व्यापार का धंधा चलने की लगातार मिल रही शिकायतों के क्रम में रविवार को पुलिस एवं तहसील प्रशासन ने आधा दर्जन से अधिक होटलों की जांच पड़ताल की। इनमें कसया में दो व कुशीनगर में संचालित दो होटल एवं गेस्ट हाउस प्रबंधन द्वारा रजिस्ट्रेशन का कागजात प्रस्तुत न करने पर सील कर दिया गया।

एसडीएम योगेश्वर सिंह ने तहसीलदार नरेंद्र राम एवं प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने का निर्देश दिए। टीम बारी-बारी से होटलों ओर पहुंची और जांच पड़ताल की। कसया में संचालित मनोकामना होटल एवं जीरो रेस्टोरेंट, सिंह रिसार्ट एवं कुशीनगर में संचालित होटल सूर्या पैलेस में रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। टीम ने इन सभी को सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि नियम विरुद्ध संचालित सभी होटल एवं गेस्ट हाउसों को बंद कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चार होटल सील किया गया है।

**शटर गिरा संचालक हुए फरार:** नगर में तहसील एवं पुलिस प्रशासन द्वारा होटलों की जांच की खबर जैसे ही फैली अफरा-तफरी मच गई। कुछ बड़े होटलों को छोड़कर शेष सभी संचालकों ने आनन-फानन कमरा खाली करा दिया। कुछ ने अपना बोर्ड हटा लिया तो शेष सभी शटर गिरा व चैनल बंद कर फरार हो गए।

## मैनेज का शुरू हो गया खेल

कार्रवाई की जद में आए संचालक थाना एवं तहसील में मंडराने लगे। हर कोई अपने तरीके से अधिकरियों को प्रभावित करके सील खोलवाने के फिराक में दिखा। एक संचालक ने तो बताया कि उसके पास वैद्य लाइसेंस है। कर्मचारी दिखा नहीं सके। वहीं लेकर आया हूं।

# अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने शुरू की विवेचना

**जासं, कप्तानगंज** : आभूषण दुकानदारों को नकली जेवर बेच लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के अज्ञात सदस्यों के विरुद्ध कप्तानगंज पुलिस ने शनिवार को मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। उधर पुलिस की इस कार्रवाई पर आभूषण दुकानदारों ने सवाल उठाया है। दुकानदारों का कहना है कि दो महिला समेत चार संदिग्धों को उठाने के बाद भी पुलिस नामजद मुकदमा दर्ज करने की बजाय अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर इस प्रकरण को उलझाने की कोशिश की है। बीते गुरुवार को उप-नगर के कारीतिन चौराहे पर स्थित अभिषेक ज्वेलर्स की दुकान पर दो महिलाएं अपने जेवर बेचने आईं। जेवर देखने के बाद दुकानदार धर्मेंद्र वर्मा उसकी गुणवत्ता परखने लगे।

# विश्वकर्मा पूजा के नाम पर धनउगाही का आरोप

हाटा : नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य श्याम विहारी विश्वकर्मा ने मंदिर के तथाकथित पदाधिकारियों द्वारा विश्वकर्मा पूजा के नाम पर दुकानदार आदि से गलत ढंग से चंदा वसूली करने का आरोप लगाया है। कहा है कि वसूली किए गए धन का बंदरबांट हो रहा है। बताया कि विश्वकर्मा मंदिर कमेटी का प्रकरण उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। उन्होंने अवैध ढंग से चंदा वसूल रहे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। (जासं)

# मंदिर में पुलिस की उपस्थिति से विदेशी बौद्ध श्रद्धालु होते असहज

**जासं, बुद्धनगरी**: अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर में पूजा के दौरान पर्यटक पुलिस की उपस्थिति से विदेशी बौद्ध श्रद्धालु असहज हो जाते हैं। इससे उनकी पूजा प्रभावित होती है। कुछ विदेशी महिला श्रद्धालुओं ने रविवार को कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर से इसकी शिकायत दर्ज कराई।

ज्ञानेश्वर ने पर्यटक थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार टण्डन को सुझाव दिया कि महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर के अंदर सादे वेश में पर्यटक पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि विदेशी श्रद्धालु पूजा के दौरान असहज महसूस न कर सकें। महापरिनिर्वाण मंदिर, माथाकुंवर मंदिर व रामाभार स्तूप के प्रवेश व निकास द्वार पर पर्यटक पुलिस ड्यूटी पर रहती है।

# चोरी के दस लाख रुपये के सामान के साथ आठ आरोपी गिरफ्तार

## सुकरौली बाजार में तीन सितंबर को हुई चोरी के पर्दाफाश का दावा

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली में तीन सितंबर को बाजार में हुई चोरी के मामले का हाटा पुलिस रविवार को खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने चोरी के सामान के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद सामान की कीमत करीब दस लाख रुपये बताई जा रही है।

रविवार की शाम करीब चार बजे हाटा कोतवाली परिसर में कसया सीओ कुंदन सिंह ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह पुलिस टीम के रविवार की सुबह गस्त पर थे। करीब चार बजे भोर में सुकरौली से बंचरा मार्ग स्थित बगीचे में कुछ लोग संदिग्ध हाल में दिखे। पुलिस ने उन सभी को पकड़ कर पूछताछ की। इन लोगों ने अपना नाम संदीप कुशवाहा निवासी कोटवा बसावन थाना महुआडीह

### सुकरौली से बंचरा मार्ग स्थित बगीचे से भोर में पकड़े गए

देवरिया, आदित्य गौड उर्फ धर्मराज, शैलेश सिंह उर्फ रतन सिंह निवासी सहोदरपट्टी थाना महुआडीह देवरिया, दीपक पटेल निवासी कोटवा बसावन टोला थाना महुआडीह देवरिया, अतीश कुमार यादव निवासी गोरयाघाट थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया, हेमंत कुमार निवासी मिश्री मुंडेरा थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया, सत्येन्द्र निवासी सुबिखर थाना खुखुंदू जनपद देवरिया, रंजीत भारती निवासी भीमपुर थाना व जिला देवरिया बताया। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो इन लोगों ने सुकरौली में चोरी की कबूल की।

इन लोगों की निशानदेही पर दो लोहे का राड, एक रिंच, एक लोहा काटने वाली आरी और दो ब्लेड, एक स्टेपलाइजर एक एम्प्लीफायर, डीजे मशीन, दो माईक, एक डीजे का मिक्सर मशीन, एक गैस सिलिंडर खाली, सात जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी नई पायल, दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी कान की बाली, एक नथिया, झाला और 31,000 हजार रुपो बरामद हुए। इसके अलावा एक घटना में प्रयुक्त पिकअप, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो चाकू भी बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदीप कुशवाहा के खिलाफ कई अन्य थानों में मुकदमा दर्ज है। इस गिरफ्तारी के दौरान उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, चंद्र भूषण पांडेय, अनुराग यादव, सत्यनारायण राय, रणजीत सिंह, सचिन यादव, मुकेश चौहान, राजन जायसवाल मौजूद रहे।

# पोल सहित नहर में धार्मिक झंडा गिरने से बढ़ा तनाव, पुलिस ने सुलझाया

**खड्डा।** मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुल पर लगाए गए दो धर्मों के झंडे में से एक पोल सहित नहर में गिर गया। इसके लिए लोग एक-दूसरे को जिम्मेदार बताने लगे। तनाव की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सूझबूझ का परिचय देते हुए लोगों को शांत करा दिया। इस तरह बड़ा विवाद बच गया।

खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी गांव के नहर पुल के एक तरफ कुछ वर्ष पहले धार्मिक झंडा स्थापित करने की शुरुआत हुई थी, जो अबतक लगता आ रहा है। एक वर्ष पहले पुल के दाहिने तरफ दूसरे धर्म के लोगों ने भी अपनी धार्मिक झंडा लगा दिया।

**गंडक के पुल पर लगे दो धर्मों के झंडे में से एक झंडा नहर में गिरने को लेकर शुरू हुआ था विवाद**

रविवार की भोर में एक महिला ने इस झंडा को बांस के पोल सहित नहर में गिरा देखकर शोर मचाया, तो उस समुदाय के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इन लोगों का कहना था कि जानबूझकर किसी ने बांस के पोल को काट कर झंडा गिराकर अपमान किया है। हालांकि दूसरे धर्म के लोगों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं की। सूचना मिलते ही खड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की तो पता चला कि बांस का पोल कमजोर होने व हवा के दबाव के चलते पोल सहित झंडा नहर में गिरा है।

पुलिस ने ग्राम प्रधान कुद्दुस अंसारी सहित अन्य लोगों से बातचीत कर झंडा रखवा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह का कहना है कि झंडा अपने आप गिरा था। किसी के द्वारा जानबूझकर काटने की बात सही नहीं है। लोगों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है। इस तरह के विवाद को बढ़ाने वाले तत्वों पर नजर रखी जा रही है। संवाद

# साहब! पति कर चुका है दूसरी शादी मुझे अपनाने से कर रहा इन्कार

**तमकुहीराज।** रविवार शाम करीब छह बजे नगर पंचायत के तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 निवासी एक विवाहिता (40) तीन बच्चों के साथ थाने पहुंची। उसने पति के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। अब उसे और चार बच्चों को अपनाने से इंकार कर रहा है। महिला ने बताया करीब 20 वर्ष पहले उनकी शादी नगर पंचायत के तमकुही वार्ड न 11 निवासी अशोक उर्फ़ ओझा के साथ हुई है। उनसे आनंद (17), सरवन (15), चंदन (13) और प्रज्ञा (छह) समेत चार बच्चे हैं।अभी पति बिहार के गोपालगंज में रह कर फेरी लगाते हैं। इसी दौरान एक युवती के संपर्क में आ कर उन्होंने उससे शादी कर ली। पत्नी के रुप में साथ रखने लगा। अब पति मुझे और मेरे बच्चों को घर से निकाल रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट भी करते हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर नीरज कुमार राय ने बताया मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# अवैध रूप से संचालित चार गेस्ट हाउस सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया/पकवा इनार।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे चार गेस्ट हाउस को एसडीएम के निर्देश पर रविवार की शाम राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सील कर दिया। ये गेस्ट हाउस बिना पंजीकरण के ही संचालित किए जा रहे थे।

कसया के तहसीलदार नरेंद्र राम और एसएचओ डॉ. आशुतोष तिवारी की संयुक्त टीम ने नगर में अवैध रूप से संचालित हो रहे गेस्ट हाउस पर एसडीएम के निर्देश पर छापा मारा। इसमें कुशीनगर के निकट झुगवा गांव और विशंभरपुर गांव के पास संचालित हो रहे गेस्ट हाउस पर पूछताछ के दौरान संचालकों के पास वैध कागजात नहीं मिलने पर सील कर दिया गया। उसके बाद कसया नगर के नेशनल हाईवे और देवरिया मार्ग पर सबया में संचालित हो रहे गेस्ट हाउस पर छापा मारा गया। वे होटल भी अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। उनके पास कोई वैध कागजात नहीं मिला।

## राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार की शाम को मारा छापा



अवैध रूप से संचालित हो रहे होटल को सील करती पुलिस। संवाद

इसलिए तहसीलदार ने सील कर दिया। जिन गेस्ट हाउस व होटल को सील किया गया, उनमें सिंह गेस्ट हाउस, सूर्या गेस्ट हाउस, मनोकामना व जीरो गेस्ट हाउस शामिल है। इस दौरान चौकी प्रभारी विवेक पांडेय, एसआई अतुल कुमार सिंह, महिला एसआई अंजली त्रिपाठी, कांस्टेबल साहिल, राहुल आजाद आदि शामिल थे।

# पहले लूट की बात कही, अब चोरी में दी तहरीर, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक में बिल्डिंग मैटेरियल व्यवसायी ने शनिवार को लूट की बात कही थी, लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में उसकी बात संदिग्ध मालूम हुई। दूसरे दिन उसने चोरी की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमहा गांव के निवासी शिव यादव करीब पांच वर्षों से पिपरा कनक चौराहे पर हार्डवेयर और बिल्डिंग मैटेरियल्स का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने शनिवार को बताया था कि सुबह करीब 8:30 बजे दुकान खोलकर बैठे थे। तभी उनकी दुकान पर बाइकसवार दो युवक पहुंचे। युवक उनसे छड़ और सीमेंट का दाम पूछने लगे। शिव ने छड़ व सीमेंट का दाम बताया।

इसके बाद युवकों ने उनसे छड़-सीमेंट का दाम लिखकर देने को कहा। व्यवसायी ने बताया कि जैसे ही वह इसके लिए काउंटर खोले कि वहां खड़े युवकों में एक ने उनकी कनपटी पर पिस्टल सटा दिया।

## शनिवार को पिपराकनक के एक व्यवसायी ने पिस्टल सटा लूट की दी थी जानकारी

व्यवसायी की दुकान में लूट की बात पहले से ही संदिग्ध लग रही थी। उसकी दुकान में तीन सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वे बंद हैं। उनका तार कटा हुआ है। करीब डेढ़ महीना पहले भी उसने लूट की शिकायत की थी, लेकिन जांच में पता चला कि रुपये के लेनदेन का मामला था। व्यवसायी ने रविवार को तहरीर देकर बताया है कि वह दुकान खोलकर कहीं गया था, तभी गल्ले से 43 हजार चोरी हो गए। चोरी का केस दर्ज किया है।
**-धवल जायसवाल,** पुलिस अधीक्षक

काउंटर में हाथ डालकर रुपये निकालने लगा। काउंटर में रखे 43 हजार रुपये और दो मोबाइल लूट लिया। सूचना पर पटहेरवा और समउर बाजार चौकी की पुलिस ने घटना की छानबीन की थी।

पुलिस के मुताबिक रविवार को व्यवसायी अपनी उस बात से पलट गया और उसने पुलिस को चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी के मामले में केस दर्ज किया है।

# दबिश देने गई पुलिस और ग्रामीणों में भिड़ंत, दो पुलिसकर्मी घायल

## पांच सितंबर को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट में दबिश देने बिहार गई थी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

पिपराकनक/गंगुआ बाजार (कुशीनगर)। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया-घोरठ गांव के बीच बीते पांच सितंबर की रात चालक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने के मामले में दबिश देने बिहार में गई पुलिस और कुछ ग्रामीणों में झड़प हो गई। इसमें महिला कांस्टेबल सहित दोकांस्टेबल चोटिल हो गए। उनका समउर बाजार के एक मेडिकल स्टोर में मरहम-पट्टी कराया गया। इसमें तुर्कपट्टी थाने के एसएचओ की गाड़ी का शीशा टूटने की बात भी कही जा रही है। पुलिस इस भिड़ंत की बात से इन्कार कर रही है। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। लूट में प्रयुक्त पिकअप को भी बरामद कर लिया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली का पता लगाया जा रहा है।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र मछरिया-घोरठ गांव के बीच मटियरिया के पास 5 सितंबर की रात बदमाशों ने प्रभुनाथ कुशवाहा को बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्राली लूट लिया था। पुलिस घटना को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू की। एसपी ने स्वॉट टीम समेत पांच टीमें गठित की थीं।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने दो दिन पूर्व इंदरपट्टी के तधिया टोका से तीन लोगों को हिरासत में लिया था। इस मामले में पुलिस ने इनसे मिली जानकारी के आधार पर रविवार की भोर में बिहार के गोपालगंज जिले के एक गांव में दबिश दी, जिससे नाराज लोगों ने पुलिस को विरोध किया।

इसके बाद बात बढ़ गई और दोनों में भिड़ंत हो गई। ईंट-पत्थर चलाने की भी चर्चा है, जिसमें तुर्कपट्टी थाने के एसएचओ की गाड़ी का शीशा टूट गया। गाड़ी में पीछे बैठी एक महिला कांस्टेबल सहित दो पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। किसी तरह वहां से निकली पुलिस जनपद में बिहार बार्डर स्थित समउर बाजार चौराहा की पुलिस चौकी पर सुबह करीब सात बजे पहुंची, जहां एक मेडिकल स्टोर पर घायल सिपाहियों का इलाज हुआ।

दबिश में स्वॉट टीम, पटहेरवा, तुर्कपट्टी, तमकुहीराज थाने की पुलिस शामिल रही। तुर्कपट्टी थाने के इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दबिश के दौरान वाहन बैक करते समय गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। पुलिस टीम पर हमला नहीं हुआ है।

### 5 लोग गिरफ्तार, लूट में प्रयुक्त पिकअप को भी पुलिस ने किया बरामद

ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट के मामले में पुलिस दबिश देने बिहार में गई थी। पांच लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट में प्रयुक्त किया गया पिकअप भी बरामद कर लिया गया है। लूटे गए ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद नहीं हुए हैं। उसका पता लगाया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को लेकर आते समय कुछ विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस पर पथराव, गाड़ी का शीशा टूटने की बात गलत है। किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई है। **-धवल जायसवाल**, एसपी, कुशीनगर

### सच कौन बोल रहा- कुशीनगर या बिहार पुलिस

ट्रैक्टर-ट्रॉली लुट की घटना पर वारदात के समय से ही पुलिस सच बताने से बच रही है। चर्चा है कि दबिश के दौरान पुलिस पर हमला हुआ। तुर्कपट्टी इंस्पेक्टर का तर्क है कि वाहन बैक करते समय गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। किसी सिपाही को चोट नहीं आई और न ही किसी का इलाज कराया गया। वहीं, तमकुहीराज के इंस्पेक्टर नीरज राय किसी तरह की दबिश में शामिल नहीं होने का दावा कर रहे हैं। गोपालगंज जनपद के के कटया थाने के एसओ छोटकन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम जिले में आई थी।

# सेहत सुधरने पर होगा युवती का मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज

## जिला अस्पताल में भर्ती युवती अब भी बड़बड़ा रही है, शादी के लिए बुलाया और कर दिया इन्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। बेसुध हालत में तमकुहीराज थाना क्षेत्र के चखनी पुल के पास शनिवार को जिस 18 वर्षीय युवती को अर्द्धनग्न हाल में गन्ने के खेत में फेंका गया था, उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

अभी उसका मेडिकल परीक्षण नहीं हुआ है, न ही मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान हो पाया है। अब भी पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है घटना के बारे में बता पाने की स्थिति में नहीं है। पूरी तरह ठीक होने के बाद ही पुलिस उसका मेडिकल परीक्षण और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराएगी। वैसे दो आरोपियों को हत्या के प्रयास में पुलिस शनिवार को ही जेल भेज चुकी है।

रविवार को जिला अस्पताल में पूछने पर युवती ने बताया कि शादी के लिए घर बुलाया और मना कर दिया।

वह बार-बार उसके मोबाइल पर फोन कर रही थी, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। युवती की देखभाल के लिए जिला अस्पताल में उसकी मां और मामा अस्पताल में शनिवार से ही मौजूद हैं। बिहार के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले उसके गांव के कुछ लोग भी रात से ही आए हैं। बहुत पूछने पर युवती ने इतना बताया कि कन्हैया पाल नाम के युवक से उसका प्रेम संबंध है। शादी के लिए उसने घर बुलाया था।

जब पहुंची तो उसने शादी से इन्कार कर दिया। इसके बाद गुस्से में आकर उसके घर में रखी मिर्गी की दवाई खा ली, जो आरोपी के भाई की थी। इसके बाद उसे पता नहीं कि उसके साथ क्या हुआ।

युवती की बात कहां तक सही है, यह तो युवती ही जानती है या उसके पूरी तरह ठीक होने के बाद पता चलेगा, लेकिन इस मामले में अभी तक उसका मेडिकल परीक्षण नहीं हो पाया है। इस वजह से उसका मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान भी नहीं हो पा रहा है।

युवती अभी पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। इसलिए उसका चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हो पाया है और न ही बयान हुआ है। उसके ठीक होने पर यह कार्य होगा। तब तक पुलिस की निगरानी में उसका इलाज कराया जा रहा है। **-धवल जायसवाल, एसपी**

### छह सितंबर को पंजाब से आया था आरोपी

बताया जा रहा है कि बिहार की रहने वाली यह युवती वर्तमान में पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित अपनी ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी युवक की बहन की सहेली का घर युवती के ननिहाल में है। आरोपी युवक अपनी बहन की सहेली के घर आता जाता था और इसी दौरान कन्हैया पाल और युवती संपर्क में आए। दोनों एक-दूसरे से मिलते जुलते रहे। कन्हैया पंजाब में रहकर काम करता है। वह छह सितंबर को सेवरही थाना क्षेत्र में स्थित अपने गांव आया था।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# 117 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 117 वाहनों का चालान किया गया। **शांतिभंग में 62 गिरफ्तार** : जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 62 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। **119 लीटर कच्ची शराब बरामद** : जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 16 व्यक्तियों के कब्जे से 119 लीटर कच्ची व 70 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया।

# नगर चौकी पर पसरा सन्नाटा

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर चौकी अन्तर्गत नगरपालिका परिषद के एक वार्ड में एक युवती की तहरीर पर दुष्कर्म, हत्या, छेड़खानी, पोक्सोएक्ट केतहत दर्ज मुकदमे में आरोपित के साथ मिलकर चार आरक्षी व एक महिला आरक्षी द्वारा प्रलोभन देकर सुलह-समझौता कराया गया था। एसपी ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लापरवाही बरतने व सुलह समझौता कराने के आरोप में चौकी प्रभारी व चार आरक्षियों को निलंबित कर दिया है वहीं प्रभारी निरीक्षक व 13 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इस प्रकार पूरी नगर चौकी खाली हो गयी। इससे नगर चौकी पर सन्नाटा पसरा हुआ है। दूसरी तरफ नवागत प्रभारी निरीक्षक आनन्द प्रकाश गुप्ता ने कोतवाली पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नवागत प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जब तक नगर चौकी पर चौकी प्रभारी सहित मुख्य आरक्षी/आरक्षियों की तैनाती नहीं हो जाती तब तक नगर चौकी का संचालन कोतवाली द्वारा ही किया जायेगा।



# पुलिस टीम को नहीं मिली सफलता भाजपा नेता पकड़ से दूर

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर चौकी अंतर्गत हत्या,दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की तीन टीमें कुशीनगर,गोरखपुर,लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी में लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। पुलिस की पकड़ से भाजपा नेता अभी भी दूर हैं। हां इतना जरूर है कि पुलिस के लापरवाही के कारण प्रभारी निरीक्षक, चौकी प्रभारी सहित 17 पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर/ निलंबित होना पड़ा है। जनपद से भागने के बाद आरोपित की अंतिम लोकेशन कुशीनगर के कसया में मिली थी। आरोपी वहां से एक परिचित के मोबाइल से फोन पर बात की थी। इसके बाद पुलिस कुशीनगर निवासी दो लोगों के साथ भाजपा नेता की पत्नी, बेटे, भाई व करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार छह सिंतबर को जब बड़ी लड़की के 164 का बयान दर्ज हो गया तो पुलिस ने पूरे मामले को दबाने के लिए मामले को झूठा बताने में जुट गई। इसी को लेकर सदर कोतवाली पुलिस ने शहर के ही दो लोगों की सुपुर्दगी में आरोपित को यह कहकर थाने से छोड़ दिया था कि जरूरत पड़ने पर उसे फिर कोतवाली बुलाया जा सकता है। बावजूद इसके थाने से छूटते ही आरोपित फरार हो गया। पुलिस की अब तक की जांच में मिला है कि महराजगंज से फरार होने के बाद आरोपित कुशीनगर में अपने एक परिचित के घर पहुंचा था और पूरी रात वहीं गुजारी थी। इस दौरान उनके मोबाइल से कई जगह पर बात भी किया गया और अगली सुबह वहां से फरार हो गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमें गठित की है जो कुशीनगर, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज व वाराणसी तक छापेमारी कर रही है लेकिन अभी भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

## पत्नी व भाई समेत आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने उठाया

# कोतवाल समेत 14 लाइन हाजिर

**महराजगंज ( एसएनबी )**। जनपद के चर्चित भाजपा नेता/ अधिवक्ता राही मासूम रजा पर दर्ज मुकदमे में कोतवाली व चौकी पुलिस की भूमिका ने उनको कटघरे में खड़ा कर दिया है। उच्चाधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद जहां भाजपा नेता की मुश्किलें बढ़ गयी है वहीं उन्हें सुपुर्दगी में देना प्रभारी निरीक्षक रवि राय, चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह व 17 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों पर भारी पड़ गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय सहित 14 पुलिसकर्मियों को जहां लाइनहाजिर कर दिया है वहीं चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह सहित 5 आरक्षियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक फरेंदा आनन्दप्रकाश गुप्ता को जहां प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली नियुक्त किया है वहीं कोतवली के वरिष्ठ निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह को फरेंदा का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है।

**चौकी प्रभारी समेत पांच निलंबित, नगर चौकी के प्रभारी समेत सभी आरक्षी लाइन हाजिर**

पुलिस अधीक्षक ने भाजपा नेता/अधिवक्ता के मामले में बरती गयी लापरवाही को गम्भीरता से लिया साथ उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपने मातहतों को लाइन हाजिर व निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रवि कुमार राय को लाइन हाजिर कर दिया साथ ही मामले में लापरवाही बरते तथा सलाह के दौरान अनुपस्थित रहने के कारण चौकी प्रभारी प्रवीण सिंह को निलंबित कर दिया साथ ही उक्त प्रकरण में लापरवाही बरते व सुलह करवाने वाले पुलिसकर्मी आरक्षी आबीद अली, अखिलेश यादव, अखिलेश चौधरी तथा महिला आरक्षी प्रियंका सिंह को निलंबित कर दिया है। उक्त आरक्षियों द्वारा बिना थाना को संज्ञान लिए ही चौकी स्तर पर सुलह करा दिया गया था। इसी प्रकरण में मुख्य आरक्षी विश्वनाथ पासवान, भानु प्रताप सिह, अशोक कुमार, सुनील कुमार, विनोद कुमार यादव, मनीष कुमार गौंड, चन्द्रसेन शाह, गोविन्द कुमार, अनिल यादव, धीरज कुमार शाह, प्रमोद सिंह यादव, विरेन्द्र यादव व धनन्जय यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। इस प्रकार नगर चौकी के चौकी प्रभारी व 4 आरक्षी जहां निलंबित हो गये है वहीं चौके के 13 अन्य मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को लाइन हाजिर होना पड़ा है। चर्चा तो यह भी है कि चौकी के सभी मामलों का सुलह-समझौता कराने की जिम्मेदारी मनीष कुमार गौंड व अनिल यादव की होती थी लेकिन दोनों को सिर्फ लाइन हाजिर किया गया है।

# एसएचओ की सीएम से शिकायत की

**नौतनवा।** नौतनवा थाने में रविवार को एक व्यक्ति के मामले को लेकर पहुंचे भाजपा नेता और एसओ के बीच बहस हो गई। कुछ देर गहमागहमी के बाद हालांकि मामला शांत हो गया, लेकिन भाजपा नेता ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर नौतनवा थाने पर तैनात एसएचओ पर पीड़ितों के साथ अभद्रता और शिकायत पर कार्रवाई के बजाय समझौता करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता का कहना है कि पीड़ितो की समस्या का समाधान नहीं होने पर यदि उसकी शिकायत अधिकारियों से की जाती है तो नौतनवा के एसएचओ नाराज हो जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस मामले की जांच कराकर एसएचओ को हटाया जाए।

# नेपाली शराब के साथ दो पकड़े गए

**भगवानपुर।** सोनौली पुलिस ने जांच के दौनान सोनौली निवासी अवधेश व भगवानपुर निवासी संजय के कब्जे से 30 शीशी नेपाली शराब बरामद की है।

कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# भाजपा नेता मामले में चौकी इंचार्ज समेत पांच सस्पेंड

- भाजपा नेता पर रेप और हत्या के केस का मामला
- कोतवाल संग 14 पुलिस वाले लाइन हाजिर

**महराजगंज, निज संवाददाता।** महराजगंज में चर्चित भाजपा नेता प्रकरण में एसपी डॉ. कौस्तुभ ने रविवार को दो बड़ी कार्रवाइयां की है। पहले सदर कोतवाल समेत 14 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया फिर कुछ घंटों बाद ही मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में नगर चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया।

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा के खिलाफ उनके ही मकान में किराए पर रहने वाले एक दलित परिवार की बड़ी बेटी ने आरोप लगाया था कि उसने उसके साथ दुष्कर्म, छोटी बहन के साथ छेड़छाड़ व उसके पिता की हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ हत्या, रेप, पॉक्सो, एससी-एसटी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया था।

पुलिस निशाने पर P04

# दुष्कर्म की फोटो प्रसारित करने के मामले में मुकदमा

**जासं, परतावल :** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस ने पीड़िता के पति के दोस्त के विरुद्ध दुष्कर्म, आइटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने थाने में दिए तहरीर में बताया कि घर पर पति का दोस्त अजय सिंह आता था।

पति की गैर मौजूदगी में उसने मोबाइल को हैक कर उसमें से निजी तस्वीर ले ली। उसके बाद में ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर दुष्कर्म सहित अन्य आपत्तिजनक फोटो को इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दिया।

श्यामदेउरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रयास विफल, सीमा पर 16 किमी लंबी कतार

- ट्रकों की कतार के चलते मुश्किल हुआ आवागमन
- जाम कम करने में सफल नहीं हो रहा भारत व नेपाल का प्रशासन

**जासं, सोनौली (महराजगंज) :** सोनौली-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर एक माह से नेपाल जाने वाले मालवाहक ट्रकों की कतार लग रही है। कतार कम करने के लिए दोनों देशों के अधिकारियों ने संयुक्त प्रयास शुरू किया लेकिर पांच दिन बाद भी प्रयास विफल ही साबित हो रहा है। सोनौली सीमा से रात 11 बजे नेपाल निर्यात होने वाली सामग्री लदे वाहनों को जाने की छूट देने के बावजूद 16 किलोमीटर लंबी कतार लगी है।

राजमार्ग की एक लेन पर मालवाहक ट्रकों का कब्जा है। इसी बीच कई दलाल सक्रिय हो गए हैं। जो रात में मालवाहक ट्रकों को कतार से निकाल कर विपरीत लेन से आगे करने का खेल, खेल रहे हैं। इसके लिए वह रुपये भी वसूल रहे हैं। नौतनवा के छपवा तिराहा, बनैलिया मंदिर चौराहा , सोनौली के कुनसेरवा चौराहा, कोतवाली चौराहा व टैक्सी स्टैंड चौक पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के बाद भी ट्रकों को कतार से निकाल कर आगे ले जाने का खेल जारी है। नेपाल में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट व भंसार पार्किंग स्थल निर्माण के कारण मालवाहक ट्रक सामान्य दिनों की अपेक्षा 200 कम जाने दिए जा रहे थे। जिसका परिणाम यह रहा कि भारतीय क्षेत्र के राजमार्ग पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार लगने लगी।

एक घंटे की मिली राहत में करीब 100 से 150 ट्रक ही नेपाल जा पा रहे हैं। भैरहवा भंसार कार्यालय शाखा रुपंदेही के प्रवक्ता युवराज भट्टराई ने कहा कि नेपाली क्षेत्र में पार्किंग स्थल निर्माण से भारत से मालवाहक ट्रक पहले की अपेक्षा कम प्रवेश पा रहे थे।

# मानव तस्करी का सरगना नेपाल के बेलहिया में गिरफ्तार

जासं, सोनौली (महराजगंज) : नेपाल पुलिस के मानव तस्करी जांच ब्यूरो ने संगठित मानव तस्करी में सक्रिय मुख्य आरोपित को रुपंदेही जिले के बेलहिया से गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को वह भारत भागने की फिराक में था। काफी समय से वांछित अपराधियों की सूची में शामिल नेपाली मूल का अमेरिकी नागरिक गौतम, टेक्सास में रहकर नेपालियों को अमेरिका में अवैध प्रवेश दिलाने में सक्रिय था।

नेपाल पुलिस के मुताबिक विकलांग होने के कारण गौतम ह्वील चेयर का उपयोग करता है। नेपाल के रुकम जिला के सिस्ने का मूल निवासी है। वह जब नेपाल की पैरा ओलिंपिक कमेटी का महासचिव था तब अमेरिका जाने का मौका मिला था। वहां से लौटने के नौ साल बाद आन अराइवल वीजा लेकर सिंगापुर गया। वहां से मैक्सिको, लैटिन अमेरिकी देश बेलीज के रास्ते अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में दाखिल हुआ। वहां शरणार्थी आवेदन जमा करने के बाद अमेरिकी नागरिक बन गया। हाल ही में वह नेपालियों को अमेरिका में ठहराने के बहाने दुबई, थाईलैंड, फिलीपींस, जाम्बिया, सिंगापुर, हांगकांग और अन्य देशों में ले जाता था। मैक्सिको को उसने अपना बेस एरिया बनाया था। वह नेपाल, दुबई, सिंगापुर, फिलीपींस, थाईलैंड, श्रीलंका, कंबोडिया और लैटिन अमेरिका में एजेंट तैनात कर मानव तस्करी का नेटवर्क चला रहा था। नेपाल ब्यूरो में गौतम के खिलाफ पांच अलग-अलग मामले दर्ज हैं। पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान बहादुर बिस्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि गौतम 200 से अधिक नेपाली नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका ले गया।

# थानेदार पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

जासं, नौतनवा : दो पक्षों के विवाद को लेकर रविवार को थाना नौतनवा में एक पक्ष की ओर से अपनी बात रखने गए भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने थानेदार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर भाजपा नेता ने कहा है कि बातचीत के दौरान इंस्पेक्टर ने भद्दी भाषा का प्रयोग किया और दूसरे पक्ष का समर्थन करते दिखे। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि आरोप निराधार है।

# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

जासं, निचलौल : निचलौल क्षेत्र में वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से गिरोह बनाकर विवाद करने के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई छितौना निवासी राहुल यादव की तहरीर पर की गई है।

आरोपितों ने शुक्रवार को सिरौली पेट्रोल पंप के पास राहुल को मारपीट कर घायल कर दिया था।

निचलौल थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित राहुल यादव की तहरीर पर पिपरा काजी निवासी मोनू अली, डिगही निवासी विपुल चौधरी, निचलौल कस्बे के महाशय वार्ड निवासी ओमकार अग्रहरि और बैदौली निवासी विशाल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिला ने ही किया था पति पर हमला, मुकदमा दर्ज

- हाथपैर वांधकर पति पर किया था चाकू से वार
- वांसपार कोठी गांव के पिपरा टोला का मामला

**जासं, परतावल:** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बांसपार कोठी के पिपरा टोला निवासी रामपति पर शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों द्वारा हाथ पैर बांधकर चाकू से हमला करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। रामपति की पत्नी सुमित्रा ने ही देर रात उनका हाथ-पैर बांधकर चाकू से हमला किया था। हालांकि घटना का क्या कारण है, यह पता नहीं लग सका है। पुलिस ने आरोपित महिला सुमित्रा के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली थी, कि रामपति को किसी अज्ञात हमलावरों ने हाथ पैर बांधकर चाकू से हत्या की कोशिश की। सूचना पर मौके पर पहुंचकर सर्वप्रथम उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जांच में पता चला है कि घायल व्यक्ति की पत्नी द्वारा ही हत्या का प्रयास किया गया है। इसके पीछे का कारण क्या है,पता लगाया जा रहा है।

घायल व्यक्ति के घर में अन्य किसी सदस्य के न होने के कारण गांव की महिला प्रधान के पति छोटेलाल ने तहरीर दी है। आरोपित महिला सुमित्रा देवी के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये बरामद

**जासं, महराजगंज :** भाजपा नेता मासूम रजा रही पर युवती के साथ दुष्कर्म, छेड़खानी और हत्या के आरोप में दर्ज मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस टीम ने पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये बरामद किया है। यह रुपये पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीडिया सेल में तैनात और आरोपित के घर किरायेदार सिपाही आबिद अली ने पीड़िता को बयान बदलवाने के लिए दिलवाए थे। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि बयान बदलने वाली पीड़िता के पास से यह रुपये बरामद किए गए हैं। अब तक की पूछताछ में यह प्रकाश में आया है कि आरोपित के किराएदार सिपाही द्वारा बयान बदलने के लिए यह डीलिंग कराई गई थी। इस पूरे मामले में विभागीय जांच के साथ ही साथ विवेचना जारी है।

# पत्नी और भाई समेत छह को पुलिस ने उठाया

**जासं, महराजगंज :** फरार भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें कसया, गोरखपुर, प्रयागराज और वाराणसी में छापेमारी कर रहीं हैं।

आरोपित की अंतिम लोकेशन कुशीनगर के कसया में मिली थी। वहां से एक जानने वाले के मोबाइल से आरोपित ने फोन पर बात की थी। जिसके बाद पुलिस कसया निवासी दो लोगों के साथ ही भाजपा नेता की पत्नी, भाई सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस की अबतक की जांच में पता चला है कि आरोपित कसया में एक जानने वाले के घर रात गुजारी थी। उनके मोबाइल से कई जगह बात भी किया, अगली सुबह वहां से फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

# पहले ही दिन आरोपित के पक्ष में हो गई थी पुलिस

## हत्या, दुष्कर्म व छेड़खानी के मामले में पीड़िता के पिता को कर दिया गया था पाबंद

**विश्वदीपक त्रिपाठी • महराजगंज**

हत्या, दुष्कर्म व छेड़खानी के मामले में न्याय की उम्मीद लिए दर-दर की ठोकर खा रहे संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल क्षेत्र के निवासी पीड़ित दुकानदार के परिवार की उम्मीद 28 अगस्त को घटना के दिन ही टूट गई थी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की करतूत उजागर होने पर जब पीड़ित पिता न्याय के लिए नगर चौकी पर पहुंचा तो उसे दुत्कार दिया गया। आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की बात तो दूर पीड़ित पिता को ही शांति भंग की धारा में पाबंद कर दिया। उसी दिन अगर पुलिस ने न्याय किया होता तो पीड़ित दुकानदार की जान नहीं जाती।

पांच बच्चे पिता की मृत्यु व बहन की आबरू लूटने वाले आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। बच्चों को न्याय देने की बजाए उन्हें डरा धमका व रुपये की लालच देकर कदम-कदम पर तोड़ने का प्रयास हुआ। इस पूरे प्रकरण में सदर कोतवाली व नगर चौकी के पुलिस कर्मियों की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही। 28 अगस्त को हुई इस घटना की अनदेखी करने के बाद 31 अगस्त को निजी अस्पताल में पीड़ित दुकानदार की संदिग्ध मृत्यु के बाद भी मामले को दबाने की कोशिश की गई। पुलिस के साथ आरोपित के गुर्गे भी मामले को मैनेज करने में जुटे रहे। मृत्यु के समय दुकानदार का ओठ व नाखून नीला पड़ गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी जब मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका तो बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया गया। पांच सितंबर को हत्या, दुष्कर्म, छेड़खानी व एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू हुई तो यहां भी पुलिसिया तंत्र भाजपा नेता को बचाने में जुटा रहा।



सदर कोतवाली कार्यालय • जागरण

### पुलिस कर्मी दे रहा था पल-पल की रिपोर्ट

भाजपा नेता ने अपना घर कई पुलिस कर्मियों को भी किराए पर दे रखा है। इस प्रकरण में फंसने के बाद एक पुलिसकर्मी आरोपित को पुलिस की एक-एक गतिविधि की रिपोर्ट दे रहा था। पुलिसकर्मी ने आरोपित व कोतवाली के जिम्मेदारों के बीच सेतु का भी काम किया, जिसके बाद पुलिस भाजपा नेता के पक्ष में खड़ी नजर आने लगी। यह पुलिसकर्मी दोनों पक्षों के बीच हुए सुलह में भी शामिल था। संबंधित पुलिसकर्मी को भी एसपी ने निलंबित कर दिया है।

### हत्या व छेड़खानी के मामले में भी दे दी क्लीन चिट

इस पूरे प्रकरण में कोतवाली पुलिस भाजपा नेता का पक्ष लेने के चक्कर में अपने ही बुने जाल में फंसती चली गई। सामान्य मामलों में पीड़िता का बयान कराने में महीनों टरकाने वाली पुलिस ने पांच सितंबर को मुकदमा दर्ज होने के एक घंटे बाद ही 161 के तहत मृत दुकानदार की बड़ी बेटी का बयान दर्ज करा लिया। अगले दिन छह सितंबर को न्यायालय में 164 का भी बयान हुआ। दोनों बयानों में पीड़िता ने अपने साथ हुई किसी भी घटना से इन्कार किया। इसी बयान को आधार मानते हुए पुलिस ने भाजपा नेता को हत्या, छेड़खानी व एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में भी क्लीन चिट देते हुए कोतवाली से छोड़ दिया। जबकि इतनी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजने का प्रविधान है। विवेचना के दौरान यदि आरोप सही पाए जाते तो विवेचक न्यायालय में चार्जसीट दाखिल करते। मामला गलत साबित होने पर विवेचक 169 सीआरपीसी के तहत आरोपित का नाम मुकदमे से हटाने व उन्हें रिहा करने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रेषित करते। इन सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना ही पुलिस ने आरोपित भाजपा नेता को छोड़ दिया। पुलिस की गिरफ्त से छूटते ही आरोपित फरार हो गया।

घटना में प्रथम दृष्टया जिन पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्रकरण की जांच चल रही है। फरार भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। शीघ्र ही आरोपित को पकड़ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डा. कौस्तुभ,** एसपी, महराजगंज

### विवेचक ने भी मामले में नहीं दिखाई थी गंभीरता, सीओ ने नहीं दिया था गिरफ्तारी का आदेश

**भजपा** नेता के विरुद्ध गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद घटना को लेकर कोतवाली पुलिस के साथ ही विवेचक भी गंभीर नहीं रहे। विवेचना कर रहे सीओ की ओर से सदर कोतवाली पुलिस को गिरफ्तारी का आदेश (हुकूम तहरीरी) नहीं दिया गया। पांच सितंबर को दुकानदार की पुत्री द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे और घटना के दिन नगर चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार सिंह द्वारा की गई पाबंदी की कार्रवाई में भी अंतर है। 28 अगस्त को नगर चौकी प्रभारी द्वारा की गई शांतिभंग की कार्रवाई में पूरे मामले को बच्चों के बीच विवाद होने का उल्लेख है।

# हत्या व दुष्कर्म के आरोपित भाजपा नेता को बचाने में पांच पुलिस कर्मी निलंबित, 14 लाइनहाजिर

जागरण संवाददाता, महराजगंज : महराजगंज में हत्या, दुष्कर्म व छेड़खानी के आरोपित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की तरफदारी पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गई। पुलिस अधीक्षक ने कार्य दायित्व के निर्वहन में लापरवाही पर चौकी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए कोतवाली प्रभारी समेत 14 को लाइनहाजिर कर दिया। जांच में पता चला है कि भाजपा नेता के घर किराए पर रहने वाले सिपाही आबिद ने आठ लाख रुपये में पूरे मामले को मैनेज कराया था।

राही पर आरोप है कि उसने दुकानदार की बड़ी बेटी के साथ 28 अगस्त को दुष्कर्म किया। छोटी बेटी के साथ भी छेड़खानी करता था। दुकानदार के विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित ने नगर पुलिस चौकी पर शिकायत की तो पुलिसकर्मियों ने समझौता कराते हुए शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। आहत दुकानदार रहस्यमयी परिस्थितियों में बीमार हो गया। 31 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया। पांच सितंबर को दुकानदार की बेटी ने भाजपा नेता पर हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़, एससी-एसटी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा कराया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने दबाव बनाकर थाना और न्यायालय में भाजपा नेता के पक्ष में बयान करा दिया। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने आरोपित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई कर दी। पुलिस ने मामले को मैनेज कराने के नाम पर लिए गए आठ लाख रुपये भी बरामद कर लिए हैं।

**इनका हुआ निलंबन :** चौकी इंचार्ज प्रवीन सिंह, आरक्षी आबिद, अखिलेश यादव, अखिलेश चौधरी और प्रियंका यादव

**यह हुए लाइन हाजिर :** सदर कोतवाल रवि राय, मुख्य आरक्षी विश्वनाथ, भानु प्रताप, अशोक, सुनील, विनोद, आरक्षी मनीष, चंद्रसेन, गोविंद, अनिल, धीरज, प्रमोद, वीरेंद्र और धनंजय ।

संबंधित खबर » 2

## आनंद गुप्ता बने सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक

**महराजगंज।** सदर कोतवाली में कार्रवाई के बाद नए प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता बनाए गए हैं। वह इसके पहले फरेंदा थाने में तैनात रहे। वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली सदर अजीत सिंह को फरेंदा थानाध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी एसपी डॉ. कौस्तुभ ने दी। संवाद

## शहर के पांच लोगों से पूछताछ कर रही पुलिस

**महराजगंज।** फरार हुए भाजपा नेता का सुराग लगाने के लिए पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है। सूत्र बता रहे हैं कि उसके करीबियों से पूछताछ की जा रही है। पांच लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए उठाया है। उनसे कुछ सुराग मिलने की उम्मीद है। संवाद

# पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**नौतनवा।** स्थानीय पुलिस ने महिला की लज्जा भंग करने के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। यह जानकारी नौतनवा थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने दी। संवाद

# एनडीपीएस में की गई कार्रवाई

**महराजगंज।** थाना कोल्हुई की ओर से प्रमोद निवासी बरगदवा मधुवनी थाना पुरंदरपुर के कब्जे से अवैध नशीली दवा 576 कैपसूल बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# महिला ने बेटे और बहू पर दर्ज कराया केस

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के 24 नर्सरी निवासी एक बुजुर्ग महिला बरसाती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे और बहू पर केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि पीड़िता बरसाती देवी ने पुलिस से बताया है कि बेटा मिस्त्री सहानी और बहू रेशमा मामूली बात में मारने-पीटने के अलावा जान से मारने की धमकी देते हैं। संवाद

# पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में युवक को किया गिरफ्तार

फरेंदा। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जब शादी करने से प्रेमी ने इन्कार कर दिया तो पीड़िता थाने पहुंच गई। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी तो परिजन प्रेमी पर शादी करने का दबाव बनाने लगे तो प्रेमी ने जाति सूचक शब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अंब्रेश गुप्ता के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया। संवाद

# पूरी नगर चौकी पर गिरी गाज, इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

## सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समेत 14 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर भी किए गए

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर उसके भाई की पिटाई और सदमे में पिता के खुदकुशी कर लेने के मामले में आरोपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी में लापरवाही बरतने के आरोप में रविवार को नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक समेत 14 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

भाजपा नेता पर शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती ने अपने साथ दुष्कर्म, छोटी बहन से छेड़छाड़, भाई की पिटाई और सदमे में पिता के खुदकुशी कर लेने का आरोप लगाया था। बाद में युवती दुष्कर्म के आरोप से मुकर गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई रोक दी। दुष्कर्म के अलावा भाजपा नेता पर लगे अन्य आरोपों को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया।

संज्ञान में आने पर उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद रविवार को एसपी ने नगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, आरक्षी आबिद अली, अखिलेश यादव, अखिलेश चौधरी व महिला आरक्षी प्रियंका सिंह को निलंबित कर दिया। साथ ही उन्होंने सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय व पुलिसकर्मियों विश्वनाथ, भानुप्रताप सिंह, अशोक, सुनील, विनोद, मनीष, चंद्रसेन, गोविंद, अनिल, धीरज, प्रमोद, वीरेंद्र, धनंजय को लाइन हाजिर कर दिया है।

भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही बरतने के मामले में नगर पुलिस चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक समेत 14 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। - **डॉ. कौस्तुभ**, एसपी

# भाजपा नेता के करीबियों पर शिकंजा पुलिस ताबड़तोड़ मार रही छापामारी

### कुशीनगर, देवरिया जिले में पुलिस ने मारा छापा, नहीं मिली सफलता

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष की मुश्किल बढ़ गई है। उनको बचाने का प्रयास करने वालों पर कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस टीम लगातार छापा डाल रही है, लेकिन सफलता अब तक नहीं मिली है। पुलिस उसके शुभचिंतकों के जरिए पता लगाने की कोशिश कर रही है।

सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस छह से अधिक से पूछताछ कर रही है। यह सभी उसके करीबी हैं। उनके बताए गए पतों पर पुलिस टीम पहुंचकर छापा डालने में जुटी हैं। शुरुआत में बयान होने के बाद पुलिस को लगा कि अब तो मामला ठंडा हो जाएगा, लेकिन 24 घंटे के अंदर पूरी कहानी पलट गई। उच्चाधिकारियों के संज्ञान लेते ही कार्रवाई के लिए पुलिस हवा में तीर मारने लगी। पुलिस छेड़छाड़ व मारपीट के मामले को नजरंदाज कर दिया। उसे लगा की सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

भाजपा ने

थोड़ी चूक ने पुलिस की मुश्किलों को बढ़ा दिया। वैसे में कोतवाली पुलिस को मामला रफा दफा करने का पुराना तर्जुबा है। हर बार की तरह इस बार भी चकमा देकर मामने को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही थी। मामला ऊपर तक पहुंचने के बाद उच्चाधिकारी खुद रुचि लिए तो विवश होकर कार्रवाई को आगे बढ़ाना पडा। जिस भाजपा नेता का पुलिस हमदर्द बनी थी, वही उसके लिए मुसीबत बन गई है।

# बयान से पलटने वाली युवती खामोश छोटी बहन बोली-जैसी करनी-वैसी भरनी

## लापरवाह पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी तो मृतक की छोटी बेटी बोली अब मिला सुकून

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** दुष्कर्म जैसा गंभीर आरोप लगाकर बयान से पलटने वाली युवती अब खामोश है। वह कुछ बता नहीं रही है। वहीं, उसकी छोटी बहन ने अपनी कही। कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी।

उधर, पीड़ित सभी बहनों व भाई को उनके एक रिश्तेदार के घर रखा गया है। आरोप है कि छोटी बहन के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष ने छेड़छाड़ की थी। छोटे भाई को मारा-पीटा था। सदमे में पिता ने जहर खाकर जान दे दी थी।

ता प्रकरण

छोटी बहन ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी। पुलिस ने जैसा हमलोगों के साथ किया, उनके साथ भी उसी तरह से कार्रवाई हुई है। शुरुआत में ही हमलोगों की बात सुन ली गई होती तो पिता की मौत नहीं होती। गंदी हरकत को भाई ने देखा तो उसे पीटा गया।

शिकायत लेकर कोतवाली व नगर पुलिस चौकी में पहुंची तो कायदे कानून का पाठ पढ़ाकर वापस कर दिया गया। 28 अगस्त को मामला कोतवाली में पहुंचा था तो बड़ी बहन ने सब कुछ बताया था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमलोगों को दबा दिया गया। इससे पिता को गहरा सदमा लगा, वह ज्यादती बर्दाश्त नहीं कर सके।

### पीड़िता के पिता ने सदमे में जहर खाकर जान दे दी थी



6 सितंबर को प्रकाशित खबर।

भाजपा नेता घटना के बाद से ही धमकी देता रहा। रकम देने की बात पर वह कुछ नहीं बोली।

अपनी बड़ी बहन को बयान से पलटने के बारे में भी उसने कुछ नहीं कहा। उधर, बड़ी बहन अब भी खामोश है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस की ओर से उनको न बोलने की हिदायत दी गई है। इस वजह से दोनों बहुत कुछ कह नहीं पा रही है। यह कार्रवाई होने की बात सुनकर छोटी बहन ने कहा कि अब उम्मीद जग रह है कि हम लोगों के साथ न्याय होगा। शासन सत्ता की सख्ती का असर दिख रहा है।

**दुष्कर्म से मुकरी तो अन्य मामलों में गंभीरता क्यों नहीं दिखाई?** सदर कोतवाली में एक साथ बड़ी कार्रवाई की चर्चा दिन भर शहर में होती रही। शहर के लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए उच्चाधिकारी के सख्ती की सराहना की।

# लचर कार्रवाई की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती है कोतवाली पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** करीब दो माह पहले दुष्कर्म के आरोपी सब रजिस्ट्रार प्रकरण में कोतवाली पुलिस सुर्खियों में रही। मामले उलझाने में कोतवाली पुलिस की यह कोई पहली घटना नहीं है। पीड़ित को न्याय मिले या न मिले, आरोपी के बचाव की व्यवस्था नियमानुसार कोतवाली पुलिस कर देती है।

दुष्कर्म का आरोप झेल रहे सब रजिस्ट्रार को गिरफ्तार करने की मांग पीड़िता करती रह गई, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। मामला लंबा खिंचा तो हाई कोर्ट से स्टे मिल गया। पुलिस न्यायालय के आदेश की बात कर पल्ला झाड़कर किनारे हो गई। उस वक्त प्रत्येक दिन शहर में इस बात को लेकर चर्चा हो रही थी कि आखिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। अब दूसरा मामला सामने आया।

इसमें हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धारा में केस दर्ज हुआ। बाद में बयान हुआ तो पीड़िता ही बयान में दूसरी बात कर दी। दुष्कर्म होने की बात नहीं की। यहीं से पुलिस आराम की मुद्रा में आकर आरोपी को ही बचाने में जुट गई।

आरोपी सत्ताधारी दल भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष है। इन मामलों को लेकर कोतवाली पुलिस की कार्य प्रणाली पर लोगों ने सवाल खड़ा किया।

---

शहर के दवा कारोबारी प्रवीण सिंह ने कहा कि गंभीर मामलों में पुलिस प्राथमिक स्तर पर चूक कर देती है, इस वजह से मामला बड़ा हो जाता है। पीड़ित को त्वरित न्याय मिलने की मंशा पर पानी फिर जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में भी शुरूआत में शांति भंग की कार्रवाई हुई थी।

दूसरी बार में केस भी दर्ज हुआ तो बयान में सिर्फ दुष्कर्म की बात से पीड़िता मुकरी थी, अन्य आरोपों पर पुलिस ने गंभीरता क्यों नहीं दिखाई। उच्चाधिकारियों की सतर्कता के कारण यह कार्रवाई हुई। अब पीड़ितों को न्याय मिलने की राह आसान हो गई है। वरुण त्रिपाठी भी इस मासले पर कुछ ऐसी ही प्रतिक्रिया व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आरोपी को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# धार्मिक भावना आहत करने पर मुकदमा

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया कस्बा निवासी शमसीर अहमद का आरोप है कि दुबौलिया निवासी सचिन सोनी समेत दो लोगों ने अभद्र टिप्पणी की, जिससे धार्मिक भावनाएं को ठेस पहुंची।

# महिला की पिटाई, दो नामजद

बस्ती। सोनहा पुलिस ने महिला की पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। भानपुर निवासी कृपाशंकर अग्रहरी का आरोप है कि उनकी पत्नी कविता को विपक्षियों ने शनिवार का अपशब्द कहा। मना करने पर लाठी-डंडे से मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने भानपुर निवासी राजू सोनी और शनि सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कार की ठोकर से टूटा विद्युत पोल

सांऊघाट। बस्ती-बांसी मार्ग पर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पुर्सिया गांव के सामने एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे 11 हजार विद्युत पोल से रविवार की सुबह जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि विद्युत पोल टूटकर कार के ऊपर ही जा गिरा। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त एयरबैग खुल गए और चालक को हल्की चोटें आई।

# महसो कस्बा में एएसपी ने की पैदल गश्त

बस्ती। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने रविवार की शाम लालगंज थाना क्षेद्ध के महसो कस्बे में पैदल गस्त किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल संग कस्बे की सड़क व गलियों का भ्रमण किया। आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का अहसास दिलाया। थानाध्यक्ष लालगंज जितेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# 60 लाख हड़पने के आरोप में पिता-पुत्र पर मुकदमा

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरु की छानबीन
- मांगने पर गोली मारने की धमकी दी और रुपये हड़प लिए

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र के खिलाफ रुपया हड़पने व जानमाल की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। हवेली खास निवासी संतोष पांडेय ने तहरीर देकर बताया है कि वे विपक्षियों के साथ में ठेकेदारी का काम करते हैं। आरोप है कि अर्जुन सिंह ने लड़की की शादी के लिए 60 लाख रुपया मांगा। रुपया वापस न कर पाने पर आवास विकास का मकान बैनामा कर देने को कहा। इस बात का भरोसा करके विभिन्न तिथियों में 44 लाख रुपया खाते में व 8 लाख 34 हजार रुपया विभिन्न तिथियों में नकद दे दिया।

भरोसे के लिए अर्जुन सिंह ने उन्हें 52 लाख 34 हजार 120 रुपये का चेक उनके पिता गोविन्द माधव के नाम दे दिया। उनकी लड़की की शादी के एक महीने बाद जब मैंने रुपया वापस मांगा तो दस दिन बाद मकान का बैनामा करने को कहा। आरोप है कि बाद में कहा कि न रुपया वापस दूंगा और न ही मकान का बैनामा करूंगा। दोबारा पैसा मांगने गए तो गोली मारने की धमकी दी और रुपया हड़प लिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अर्जुन सिंह और उनके बेटे विकास सिंह निवासी अगई भगाड़ थाना नगर हालमुकाम आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली के खिलाफ आईपीसी 406 व 506 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दहेज के लिए घर में बंद कर प्रताड़ित करने पर केस

**बस्ती, निज संवाददाता।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को घर में बंद कर प्रताड़ित करने व जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने सास-ससुर समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना तिवारी की शादी गोरखपुर जनपद के शाहपुर थानांतर्गत कृष्णा नगर प्राइवेट कॉलोनी बशारतपुर में हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज में पांच लाख रुपये की डिमांड की गई। इसे पूरा न कर पाने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। घर में बंद कर दिया और मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई।

महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोरखपुर शाहपुर थाने के बशारतपुर निवासी ससुर सच्चिदानन्द तिवारी, सास प्रमिला उर्फ नीता तिवारी, ननद रेखा उर्फ शालू तिवारी, कृतिका उर्फ गुड़िया और विन्ध्यवासिनी उर्फ छोटी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# गैंगस्टर में वांछित संतकबीरनगर का मेराज दबोचा

- कप्तानगंज पुलिस ने बस्ती शहर के रिजवी बुलेट हाउस से दबोचा
- गोतस्करी में आरोपी मेराज के खिलाफ पुलिस ने की है कार्रवाई

**बस्ती/ कप्तानगंज, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के नगर थाने में गैंगस्टर को कप्तानगंज पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। संतकबीरनगर के दुधारा थानाक्षेत्र के साफियाबाद निवासी मेराज करीब 11 महीनों से वांछित चल रहा था। शनिवार को संतकबीरनगर जाकर कप्तानगंज पुलिस ने उसके घर पर कुर्की करने पहुंची थी। देर शाम तक कुर्की की कार्रवाई चली। इसके पूर्व पुलिस ने 82 की नोटिस चस्पा कर डुग्गी-मुनादी कराई थी, लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया था।

थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि पशु तस्करी के आरोपी मेराज को पुलिस टीम ने रिजवी बुलेट हाउस थाना कोतवाली से शनिवार रात को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ दुबौलिया, नगर थाने के अलावा दुधारा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर के 11 केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार नगर पुलिस ने 2022 में दो पशु तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विवेचना में छह अन्य तस्करों का नाम सामने आया था, जिसमें पुलिस ने सरगना सहित आठ गोतस्करों को जेल भेजा था।

गैंगस्टर के मामले में सात आरोपियों को कप्तानगंज पुलिस जेल भेज चुकी है। लेकिन मेराज फरार चल रहा था, जिसे कप्तानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**मेराज के खिलाफ दर्ज हैं 11 मुकदमे :** गैंगस्टर मेराज के खिलाफ दुबौलिया थाने में गैंगस्टर, नगर में पशुक्ररता अधिनियम, नगर में शस्त्र अधिनियम, दुबौलिया में पशु क्रूरता अधिनियम, दुधारा संतकबीरनगर में पशु क्रूरता अधिनियम, दुधारा में गोवध निवारण अधिनियम के तीन मुकदमे, दुधारा में शस्त्र अधिनियम, दुधारा में गैंगस्टर एक्ट व दुधारा में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है।

# छावनी में दो वारंटी किए गए गिरफ्तार

छावनी। छावनी पुलिस ने न्यायालय से वांछित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र के रेडवल निवासी वांछित राम सागर व अमोढ़ा निवासी गणेश को पुलिस टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

# तमंचा व कारतूस संग एक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

बस्ती, निज संवाददाता। मुंडेरवा पुलिस ने अवैध असहले व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा रामकृष्ण मिश्रा की अगुवाई में टीम रविवार को रेलवे क्रासिंग टेड़िया पुल ऊंचगाव के पास संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि इस दौरान एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका गया।

तलाशी में उसके कब्जे से 12 बोर का एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। आरोपी की पहचान हरिश्चन्द्र निवासी रैपुरा जंगल थाना कोतवाली के रूप में की गई। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। धरपकड़ करने वाली टीम में एसआई सचिन्द्र, ओमप्रकाश, हेड कांस्टेबल कौशल प्रसाद चौरसिया और कांस्टेबल श्रवण कुमार यादव शामिल रहे।

# डूबे दूसरे किशोर का भी शव बरामद

- वाल्टरगंज क्षेत्र के बाराह क्षेत्र के पास शुक्रवार को हुआ था हादसा
- जन्माष्टमी का कलश विसर्जित करने आए दो किशोर डूब गए थे

वाल्टरगंज (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। कुआनो नदी के बाराह क्षेत्र के पास डूबे दूसरे किशोर का शव बरामद कर लिया गया है। इनमें से एक किशोर कृष्णा की लाश शनिवार को बरामद हुई थी, जबकि लापता दूसरे किशोर अरुण पुत्र हरिशचन्द्र निवासी बेलौड़ी बरगाह का शव रविवार को घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर गटरा पुल के पास से बरामद हुआ। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि शनिवार व रविवार को सर्च अभियान के दौरान दोनों किशोरों का शव बरामद कर लिया गया है।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बाराह क्षेत्र में कुआनो नदी में शुक्रवार को कलश विसर्जन के दौरान शुक्रवार को दो किशोर समेत चार लोग डूब गए थे। बेलौड़ी बरगाह गांव निवासी हरिश्चन्द्र का 15 वर्षीय बेटा अरुण कुमार अपने रिश्तेदार महेन्द्र के 16 वर्षीय बेटे कृष्णा निवासी मथुरापुर थाना रुधौली के साथ कुआनो नदी में कलश विसर्जन करने गया था। पैर फिसलने से दोनों किशोर नदी की धारा में बहने लगे। उन्हें डूबता देखकर दो महिलाएं नीलम देवी और कृष्णावती बचाने के लिए नदी में कूद पड़ी थीं। दोनों महिलाएं भी डूबने लगीं। नाविकों ने दोनों महिलाओं को बचा लिया लेकिन तब तक अरुण और कृष्णा गहरे पानी में समा गए थे।



कुआनो नदी में दूसरे किशोर अरुण का शव मिलने पर रोते-बिलखते परिवारीजन।

थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि घटना के दिन से ही गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी गई थी। साथ में एसडीआरएफ की टीम के प्रभारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल रजत शुक्ला, रवि प्रकाश मौर्य, राजीव कुमार, आदित्य कुमार, प्रदीप, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष पांडेय, हिमांशु खोखर, मनीष शुक्ला डूबे किशोरों की तलाश में जुटे थे। शनिवार को कृष्णा और फिर रविवार को अरूण का शव बरामद कर लिया गया। घटनास्थल पर पहुंची अरूण की मां कृष्णावती देवी, बहन सोनी, भाई राज व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# नौकरी के नाम पर दस लाख हड़पा, केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाने के ककरहिया निवासी ओमप्रकाश का आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर कलवारी बाजार में उनसे कलवारी थाने के अक्सड़ानिवासी सभा नरायन ने 26 जुलाई 2016 में दस लाख रुपया लिया था। पैसा देने के छह साल बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिली तो पैसा वापस मांगने पर जानमाल की धमकी दी गई।

# 60 लाख हड़पने के आरोप में पिता-पुत्र पर मुकदमा

बस्तीः कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 60 लाख रुपये हड़पने के मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हवेली खास निवासी संतोष पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अर्जुन सिंह ने लड़की की शादी के लिए 60 लाख रुपये मांगे थे। वापस न कर पाने पर आवास विकास का मकान बैनामा कर देने को कहा।

इस बात का भरोसा करके विभिन्न तिथियों में 44 लाख रुपये खाते में भेज दिया। उसके बाद आठ लाख 34 हजार रुपया विभिन्न तिथियों में नकद दे दिया। भरोसे के लिए अर्जुन सिंह ने उन्हें 52 लाख 34 हजार 120 रुपये का चेक उनके पिता गोविंद माधव के नाम दे दिया। जब मैंने रुपये वापस मांगा तो दस दिन बाद मकान का बैनामा करने को कहा।

जब मकान का बैनामा कराने को कहा तो वह भी मना कर दिया। जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अर्जुन सिंह और उनके बेटे विकास सिंह निवासी अगई भगाड़ थाना नगर वर्तमान पता आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (विज्ञप्ति)

# नौकरी के नाम पर दस लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

बस्ती : कलवारी पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाने के ककरहिया निवासी ओमप्रकाश ने तहरीर में लगाया कि नौकरी दिलाने के नाम पर कलवारी थाने के अक्सड़ा निवासी सभा नरायन ने 26 जुलाई 2016 में उनसे दस लाख रुपये लिए थे। पैसा देने के छह साल बाद भी नौकरी नहीं मिली। जब पैसा वापस मांगा तो देने से इन्कार कर दिया। (विज्ञप्ति)

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती : मुंडेरवा पुलिस ने एक आरोपित को तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि रविवार को हरिश्चन्द्र पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम रैपुरा जंगल थाना कोतवाली को रेलवे क्रासिंग टेड़िया पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

## महिला की पिटाई के मामले में दो नामजद

बस्ती : सोनहा पुलिस ने महिला की पिटाई के मामले में दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। भानपुर निवासी कृपाशंकर अग्रहरी ने तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी कविता को विपक्षियों ने शनिवार को अपशब्द कहा। मना करने पर लाठी-डंडे से मारापीटा। पुलिस ने भानपुर निवासी राजू सोनी और शनि सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। (विज्ञप्ति)

# दहेज के लिए घर में बंद किया, मुकदमा

**जासं, बस्ती:** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को घर में बंद कर प्रताड़ित करने व जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना तिवारी ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी गोरखपुर जनपद के शाहपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर प्राइवेट कालोनी बशारतपुर में हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज में पांच लाख रुपये की डिमांड की गई। इसे पूरा न कर पाने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोरखपुर शाहपुर थाने के बशारतपुर निवासी ससुर सच्चिदानंद तिवारी, सास प्रमिला उर्फ नीता तिवारी, ननद रेखा उर्फ शालू तिवारी, कृतिका उर्फ गुड़िया और विंध्यवासिनी उर्फ छोटी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मामूली विवादों में अदालत का न करें रुख

**जासं, बस्ती :** मामूली विवादों को लेकर मुकदमेबाजी अच्छी बात नहीं है। परिवार में कुछ ना कुछ नोकझोंक हुआ करती है। इसका मतलब यह नहीं की अदालत में अर्जी लगा दी जाए।

यह बातें अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजू कनौजिया ने कहीं। वह राष्ट्रीय लोक अदालत में आए दंपतियों को समझ रही थीं। उनके प्रयास से छह परिवार साथ रहने को राजी हो गए। साथ चले गए। न्यायाधीश ने दंपतियों से कहा कि ऐसी कोशिश करना की दोबारा अदालत में न आना पड़े।

परिवार न्यायालय में 24 विवादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया, जिसमें 11 परिवारों ने एक दूसरे के साथ रहना स्वीकार किया है। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चंद्रशीला ने 11 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया। अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कन्नौजिया ने 13 पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर कराया जिसमें से 6 दंपतियों ने एक दूसरे के साथ रहना स्वीकार किया है।

# फोरलेन : गड्ढे भरने से ग्रामीणों ने रोका

## छावनी कस्बे में फोरलेन की सर्विस लेन पर गिट्टी डालने के दौरान पहुंचे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**छावनी।** स्थानीय कस्बे में फोरलेन के बदहाल सर्विस रोड पर रविवार को गड्ढों में गिट्टियां डालने के दौरान नाराज ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने मरम्मत कार्य को रोक दिया। उनका कहना था कि खानापूर्ति से काम चलने वाला नहीं है। अलबत्ता सर्विस मार्ग पर नई सड़क बनाई जाए।

गुस्साए ग्रामीणों ने कहा कि सर्विस मार्ग काफी दिनों से खस्ताहाल हो चुका है। इस पर चलने लायक नहीं है। हाईवे के आवागमन का भी भार यहां इसी सर्विस रोड पर है।

ऐसे में बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़े पैचकार्य से राह चलने लायक नहीं है। काफी दिनों से सड़क बनाए जाने की मांग उठाई जा रही है। मगर जिम्मेदार गड्ढों में गिट्टियां डलवाकर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। इस दौरान काम रोककर लोगों ने नारेबाजी भी की।



सर्विस लेन पर गिट्टी डालकर कराए जा रहे निर्माण के विरोध में धरना प्रदर्शन करते लोग। संवाद

आरोप लगाया कि बार-बार सर्विस रोड पर केवल गिट्टियां ही डाली जाती है। इसे पिच नहीं कराया जा रहा है। खस्ताहाल हो चुके सर्विस रोड पर रोजाना लंबा जाम लग रहा है।

थाना परिसर के पास से सिरौली बाबू पेट्रोल पंप तक सर्विस लेन टूट कर गड्ढों में तब्दील है। बारिश के दौरान यह सर्विस मार्ग बंद कर दिया जाता है। इसके बाद वन-वे यातायात बहाल रहता है।

इस मौके पर सूर्य प्रकाश सिंह, शत्रुहन सिंह, रविंद्र प्रकाश कसौधन, प्रवीण कसौधन, अरुण कुमार सोनू सिंह, हरीश मौर्या, जगतपाल आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता को प्रताड़ित करने में पांच ससुरालियों पर केस

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को घर में बंद करके मारने-पीटने व जानलेवा हमले के मामले में सास-ससुर समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की है। लालगंज थाना क्षेत्र की वंदना तिवारी ने तहरीर दी। बताया कि उनकी शादी गोरखपुर के शाहपुर थानांतर्गत कृष्णा नगर प्राइवेट कॉलोनी बशारतपुर में हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की गई। इसे पूरा न कर पाने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। घर में बंद करके मारापीटा गया। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। महिला थाने की एसएचओ भाग्यवती पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोरखपुर शाहपुर थाने के बशारतपुर निवासी ससुर सच्चिदानंद तिवारी, सास प्रमिला उर्फ नीता तिवारी, ननद रेखा उर्फ शालू तिवारी, कृतिका उर्फ गुड़िया और विन्ध्यवासिनी उर्फ छोटी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं केस दर्ज छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

# लड़की की शादी के लिए 52.34 लाख लेकर हड़पने का आरोप

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। एक साथ ठेकेदारी करने वाले साझीदार ने लड़की की शादी के लिए 52.34 लाख रुपये लेकर हड़प लिए। आरोप है कि रुपये वापस न कर पाने की स्थिति में मकान बैनामा करने का वादा किया था। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रुपये हड़पने व जानमाल की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।

इस संबंध में कोतवाली क्षेत्र के हवेली खास निवासी संतोष पांडेय ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि अर्जुन सिंह और उनके बेटे विकास सिंह

### आरोपी ने किया था मकान बैनामा करने का वादा, साथ में करते है दोनों लोग ठेकेदारी

निवासी अगई भगाड़ थाना नगर हाल मुकाम आवास विकास कॉलोनी के साथ में ठेकेदारी करते हैं।

आरोप है कि अर्जुन सिंह ने लड़की की शादी के लिए 60 लाख रुपये मांगा। कहा कि रुपये वापस नहीं कर पाया तो आवास विकास का मकान बैनामा कर देंगे। इस बात का भरोसा करके विभिन्न तिथियों में 44 लाख रुपये खाते में व 8 लाख 34 हजार रुपये विभिन्न तिथियों में नगद दे दिया।

भरोसे के लिए अर्जुन सिंह ने उन्हें 52 लाख 34 हजार 120 रुपये का चेक उनके पिता गोविंद माधव के नाम दे दिया। उनकी लड़की की शादी के एक महीने बाद जब मैंने रुपये वापस मांगा तो दस दिन बाद मकान का बैनामा करने को कहा।

आरोप है कि बाद में कहा कि न रुपये वापस दूंगा और न ही मकान का बैनामा करूंगा। दोबारा पैसा मांगने गए तो गोली मारने की धमकी दी और रुपये हड़प लिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अर्जुन सिंह और उनके बेटे विकास सिंह पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# एक साथ हुआ मामा-भांजे के शवों का अंतिम संस्कार, नम हुईं आंखें

## बाराहक्षेत्र घाट पर हुआ था हादसा, शनिवार को भांजे व रविवार को मामा का मिला था शव



मामा भांजे की मौत पर रोते बिलखते परिजन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज, बस्ती।** जन्माष्टमी कलश विसर्जन के दौरान बृहस्पतिवार को कुआनो नदी में डूबे मामा-भांजे के शव का रविवार को एक साथ पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद दोनों के शव का एक ही स्थान पर अंतिम संस्कार हुआ। इससे मथुरापुर, बारगाह बिलोड़ी दोनों गांव में शोक व्याप्त है। इनमें भांजे कृष्णा का शव शनिवार और मामा अरुण का शव रविवार को घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर गटरा पुल के पास मिला था।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बरागाह बेलौडी गांव में जन्माष्टमी की झांकी सजाई गई थी। शुक्रवार को वहां स्थापित कलश का विसर्जन करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे कुआनो नदी के बाराहक्षेत्र घाट



भांजे का मिला शव, मामा की तलाश जारी

10 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पर गए थे। उन लोगों के साथ में उसी गांव का निवासी अरुण (15) पुत्र हरिश्चन्द्र अपने भांजे नगर थाना क्षेत्र के मथुरापुर निवासी कृष्णा (15) पुत्र महेन्द्र के साथ गया था। कलश प्रवाहित करते समय पांव फिसलने से अरुण और कृष्णा के अलावा एक-एककर छह महिलाएं डूबने लगीं।

पास में नाव लेकर मौजूद गौर थानाक्षेत्र के अजगैवा जंगल टोला धनघटी निवासी संदीप यादव ने महिलाओं को बचा लिया, लेकिन दोनों किशोर लापता हो गए। कृष्णा का शव शनिवार दोपहर जबकि उसके मामा अरुण का शव रविवार सुबह गटरा पुल के समीप मिला। थानाध्यक्ष रामदेव ने शव बरामद किए जाने की जानकारी उच्च अधिकारियों और परिवार वालों को दी। दोनों शवों का पोस्टमार्टम के बाद मूड़घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### हमउम्र थे मामा-भांजा

**वाल्टरगंज।** रविवार को पोस्टमार्टम करने के बाद दोनों के शव का अंतिम संस्कार मूड़घाट पर किया जाने लगा तो बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कृष्णा के परिवार के लोगों के साथ गांव के भी तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं बरगाह बिलौड़ी व आसपास के गांव के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी पहुंचे हुए थे। दोनों शव एक साथ जलते देख लोगों आंखों से आंसू निकलने लगे।

# नौकरी के नाम पर 10 लाख हड़पने का केस

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। सोनहा थाने के ककरहिया निवासी ओमप्रकाश का आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर कलवारी बाजार में उनसे कलवारी थाने के अक्सड़ा निवासी सभा नारायन ने 26 जुलाई 2016 में दस लाख रुपये लिया था। पैसा देने के छह साल बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिली तो रुपये वापस मांगा। इस पर वे रुपये देने से इंकार कर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। संवाद

# महिला की पिटाई में केस दर्ज, दो नामजद

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने महिला की पिटाई के मामले में केस दर्ज किया है। भानपुर निवासी कृपाशंकर अग्रहरी का आरोप है कि उनकी पत्नी कविता को विपक्षियों ने शनिवार का अपशब्द कहा। मना करने पर लाठी-डंडे से मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने भानपुर निवासी राजू सोनी और शनि सोनी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# गैंगस्टर के तहत फरार पशु तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मेराज निवासी सफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर को रिजवी बुलेट हाउस थाना कोतवाली से शनिवार रात को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ दुबौलिया, नगर थाने के अलावा दुधारा थाने में पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, शस्त्र अधिनियम, गैंगस्टर के 11 केस दर्ज हैं। संवाद

# तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** मुण्डेरवा पुलिस ने तमंचा लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएचओ राम कृष्ण मिश्र ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रैपुरा जंगल निवासी हरिश्चंद्र को ऊंचगांव के टेंड़िया रेलवे क्रांसिंग पुल के पास से संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। संवाद

# धार्मिक भावना आहत करने पर केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दुबौलिया कस्बा निवासी शमसीर अहमद का आरोप है कि दुबौलिया निवासी सचिन सोनी समेत दो लोगों ने अभद्र टिप्पणी की, जिससे धार्मिक भावनाएं को ठेस पहुंची। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। संवाद

# धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** हर्रैया थाने से मारपीट की शिकायत करके लौटते समय हर्रैया फ्लाईओवर पर 18 अगस्त को कार पर फायर करने का आरोपी शुभम सिंह रविवार को फिर आ पहुंचा। वह केस दर्ज कराने वाले मनीष तिवारी को धमकी देने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी शुभम सिंह निवासी नयपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा ने कबूल किया है कि अपने मित्र के कहने पर उसने हर्रैया के फ्लाईओवर पर कार के पीछे दहशत फैलाने और वर्चस्व कायम करने के लिए की गई फायरिंग में साथ था। इसके साथी शशांक पांडेय निवासी परशुरामपुर को 25 अगस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। संवाद

# फायरिंग करने के आरोपी ने धमकाया, गिरफ्तार

**शिकंजा**

- हर्रैया फ्लाईओवर के चलती कार के पीछे से फायरिंग का मामला
- एक आरोपी को 25 अगस्त को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के हर्रैया थाने से मारपीट की शिकायत कर जाते समय हर्रैया फ्लाईओवर पर 18 अगस्त को कार पर फायर करने का आरोपी शुभम सिंह को रविवार को पुलिस ने उस वक्त पकड़ लिया, जब वह केस दर्ज कराने वाले मनीष तिवारी को धमकी देने आ पहुंचा। पुलिस के अनुसार आरोपी शुभम सिंह निवासी नयपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा ने कबूल किया है कि अपने मित्र के कहने पर उसने हर्रैया के फ्लाईओवर पर कार के पीछे दहशत फैलाने और वर्चस्व के लिए हुई फायरिंग के दौरान मौजूद था। उसके साथी शशांक पांडेय निवासी परसरामपुर को 25 अगस्त को ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार हर्रैया के मुरादीपुर निवासी सुरेन्द्र वर्मा के घर के पीछे नाली छोड़ने को लेकर सनी सोनकर, सुरेन्द्र वर्मा तथा मनीष तिवारी के बीच विवाद हुआ था। कुछ समय बाद मनीष तिवारी अपने निजी कार्य के लिए तहसील जा रहे थे। आरोप है कि उसी समय दीपक चौहान व रवि चौहान ने मनीष तिवारी को मारापीटा था। मनीष तिवारी इस घटना की शिकायत दर्ज कराने थाने पर आए थे। लौटते समय फ्लाईओवर पर बाइक से पीछा करके तीन लोगों ने फायर कर दिया था। पूछताछ में पता चला कि इस घटना में शशांक पांडेय, राजन निषाद और शुभम सिंह शामिल थे। इनमें से शशांक पांडेय को पुलिस ने 25 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को शुभम सिंह वादी मनीष तिवारी से विवाद कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर एसआई कमलेश यादव, हेड कांस्टेबल उमेश थाना व कांस्टेबल अभिषेक यादव ने उसे दबोच लिया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# मसिना खास में महिलाओं को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शिवनगर डिंडई पुलिस ने थाना क्षेत्र के मसिना खास गांव में महिलाओं व किशोरियों को महिला से संबंधित संभावित अपराधों के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें आकस्मिक सहायता के लिए टोल फ्री नंबर भी नोट कराया। प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह के नेतृत्व में रविवार को गांव में पहुंची एचसीपी जय प्रकाश के साथ दो महिला कांस्टेबल की टीम ने गांव की महिलाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी किया। संवाद के दौरान सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी देने के साथ ऑपरेशन सुदर्शन के तहत लोगों को नशा मुक्ति के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस दौरान मोहम्मद खालिद खान मौजूद रहे। संवाद

# जेई पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के बिजली घर गनवरिया पोखरभिटवा में तैनात जेई पर नौकरी का झांसा देकर रुपये हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति ने इस संबंध में जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। क्षेत्र के महदेवा कुर्मी गांव निवासी अभिमन्यु ने विभाग के सहायक अभियंता रमाकांत चौधरी पर एक लाख रुपये ठगी करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि बिजली घर में बिल जमा करने गया था। सहानुभूति दिखाते हुए मेरा मोबाइल नंबर लिया गया। फिर मुझे माह जुलाई में जिले पर बुलाया गया। जहां नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये प्रदीप कुमार व 50 हजार सहायक अभियंता रमाकांत चौधरी ने लिया। लेकिन आज तक न तो किसी ने नौकरी दिलाई, न तो रुपये। मांगने पर अभद्रता कर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। आवेदक ने आहत होकर जिला अधिकारी से न्याय के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। संवाद

# बिना परमिट काट ले गए आम के पेड़

**सिद्धार्थनगर।** लोटन ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पोखरभिटवा के टोला देउरवा में ग्राम समाज की जमीन में स्थित हरे आम के कई पेड़ बिना परमिट के काट दिए गए हैं। इसी तरह ग्राम खखरा टोला पठानडीह में कब्रिस्तान में स्थिति आम का पेड़ काट दिया गया है। ग्राम प्रधान कांती देवी का कहना है कि वह बाहर थीं, इस बीच कुछ लोगों ने ग्राम समाज का पेड़ काट लिया। इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फारेस्टर शैलेंद्र यादव का कहना है कि देउरवा में हरे पेड़ों की कटान करने वालों के विरुद्ध केस दर्ज होगा। एसओ लोटन चंदन कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

## कठेला समय माता थाने की पुलिस ने पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी के आभूषण और सामान बरामद किया गया। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सीओ शोहरतगढ़ गर्वित सिंह ने बताया कि कठेला समय माता थाने की पुलिस क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए लगी थी। इसी बीच रविवार सुबह सूचना मिली के चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य क्षेत्र के कठेला के पास मौजूद है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता हुआ देखकर संदिग्ध भागने लगा। जवानों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान रमेश चौरसिया निवासी गदाखौवा थाना त्रिलोकपुर बताया। उसके कब्जे से आठ हजार रुपये नकदी और सोने व चांदी का आभूषण बरामद किया गया।

पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में एसआई अजय कुमार यादव, अनिल साहनी, आरक्षी अदनान शेख, सत्यवेदी सिंह आदि शामिल रहे।

# चोरी जेवरात के समेत चोर गिरफ्तार

इटवा (एसएनबी)। थाना कठेला समय माता की पुलिस ने चोरी के जेवरात के साथ एक शातिर चोर रमेश चौरसिया पुत्र जनक चौरसिया निवासी ग्राम गदा खौवा थाना त्रिलोकपुर को उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव, अनिल कुमार द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# पुलिस का मसिना खास में जागरूकता कार्यक्रम

डिड़ई (एसएनबी)। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत शिवनगर डिडई पुलिस ने थाना क्षेत्र के मसिना खास गांव में महिलाओं व किशोरियों को महिला से संबंधित संभावित अपराधों के प्रति जागरूक कर उन्हें आकस्मिक सहायता के लिए जारी टोल फ्री नंबर भी नोट कराया। प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह के नेतृत्व में रविवार को गांव में पहुंची हे.कां. जय प्रकाश के साथ दो महिला कांस्टेबल की टीम ने गांव की महिलाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी किया, किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई। सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबर यूपी 112, 1090, 1076, 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नं. 1930 आदि महिलाओं को नोट कराया गया। संवाद के दौरान सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी देने के साथ आपरेशन सुदर्शन के तहत लोगों को नशा मुक्ति के बारे में भी जानकारी दिया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मो. खालिद खान भी मौजूद रहे।

# कार्यशाला में दी गई जरूरी जानकारी

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइंस सभागार में रविवार को गोरखपुर जोन के सभी जिलों के मानीटरिंग सेल के साथ कार्यशाला में कोर्ट के कार्यों में तेजी लाने व पैरवीकार, सहायक पैरवीकार व जिले के प्रत्येक कोर्ट में एक-एक केस मानीटरिंग पैरवीकार नियुक्त कराने, ज्यादा से ज्यादा सजा कराने व न्यायालय की ओर से जारी प्रोसेस को गूगल सीट में भरने के बारे में जानकारी दी गई।

# चोरी के सामान के साथ एक शातिर गिरफ्तार

- पचमोहनी बांध से चोर को सामान के साथ पुलिस ने पकड़ा
- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गदाखौवा निवासी रमेश के रूप में हुई पहचान

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला समय माता पुलिस ने रविवार को पचमोहनी बांध से चोरी के सामान के साथ एक युवक को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस ने उसके पास से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी भी बरामद किया है।

थानाध्यक्ष कठेला समय माता कन्हैया लाल मौर्य ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में थी। इस दौरान मुखिबर से सूचना मिली कि पचमोहनी बांध के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है। जो किसी चोरी के सामान को कहीं बेचने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रमेश चौरसिया पुत्र जनक चौरसिया निवासी गदाखौवा थाना त्रिलोकपुर बताया। उसके पास से सोने का दो मंगल सूत्र, दो चेन, एक झुमका, दो चांदी का पायल, पांच बिछुआ व आठ हजार रुपये नगदी बरामद किए गए। कड़ाई से पूछताछ में आरोपित ने बरामद सामान पिछले दिनों थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से चुराने की बात कबूल की। युवक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई अजय कुमार यादव, अनिल साहनी, हेड कांस्टेबल अदनान शेख, कांस्टेबल सत्यवेदी सिंह शामिल रहे।




खेसरहा थाने पर रविवार को थाना प्रभारी शशांक कुमार सिंह ने ग्राम प्रहरियों के बीच छाता, सीटी व टार्च का वितरण किया। • हिन्दुस्तान

# ग्राम प्रहरियों को मिला छाता, सीटी व टॉर्च

खेसरहा। खेसरहा थाने पर रविवार को थाना प्रभारी शशांक कुमार सिंह ने क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के बीच छाता, सीटी व टार्च का वितरण किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मौसम में रात के समय ग्राम प्रहरी को दिक्कत न आए इसलिए टार्च, छाता, सीटी दिया गया है। उन्होंने चौकीदारों से कहा कि क्षेत्र में जो भी सूचनाएं हो उसे तत्काल पुलिस को दें ताकि कोई अप्रिय घटना होने से पहले कार्रवाई हो सके।

# ग्राम प्रहरियों में वितरित हुआ सीटी, टार्च व छाता

**जासं, खेसरहा :** खेसरहा थाने पर रविवार को थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने ग्राम प्रहरियों को गश्त में उपयोग के लिए टार्च, सीटी तथा छाता वितरित किया। प्रतिदिन उपयोग के सामान पाकर प्रहरियों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रहरी पुलिस के अभिन्न अंग हैं। इनके पास गांव की हर छोटी बड़ी जानकारी रहती है।

# गांव का चौकीदार पुलिस की पहली कड़ी : एसओ

खेसरहा (एसएनबी) । चौकीदार पुलिस की प्रथम कड़ी है । इनके पास गांव की गतिविधि की जानकारी रहती है । जिसकी खबर थाने तक पहुंचाने का कार्य इनके द्वारा किया जाता है । इनके द्वारा पुलिस को गुप्त सूचनाऐं भी प्राप्त होती रहती है। उक्त बातें खेसरहा थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने थाने पर आमंत्रित थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरियों को टार्च मय सेल, छाता, सीटी मय डोरी प्रदान करने के दौरान कही। श्री सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के आदेश के क्रम में रविवार को ग्राम प्रहरियों को आवश्यक आवश्यकता की वस्तुओं को देने के लिए थाने पर संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शशांक सिंह ने कहा कि प्रदान की गयी वस्तुओं के उपयोग से ग्राम प्रहरीगण को आपराधिक गतिविायों पर निगरानी रखने में सहूलियत होगी इससे वह कानून-व्यवस्था बनाये रखने में सहायक साबित होगें। चौकीदार हर मौसम में निर्बाध भ्रमण करते रहें इसीलिए टार्च मय सेल, छाता, सीटी मय डोरी उन्हें प्रदान किया गया है । उन्होंने चौकीदारों से कहा कि क्षेत्र में जो भी सूचना हो उसे पुलिस तक पहुंचाने में विलम्ब नरें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से पहले उसे रोकने के उपाय किए जा सकें। उक्त वस्तुओं को प्राप्त कर प्रहरीगण के चेहरे पर खुशी दिख रही थी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपित

जासं, बढ़याः कठेला थाना पुलिस के हाथ रविवार को सफलता मिली। चोरी का आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ा। जिसके पास से चोरी के आभूषण व नकदी बरामद किए गए। आरोपित ने बीते अलग-अलग महीनों में दो चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए जेवर व नकदी चुराए थे। दोनों घटना से संबंधित मुकदमा थाने में पंजीकृत था। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कन्हैया लाल मौर्य ने बताया कि उप निरीक्षक अजय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के पचमोहनी के पास से ग्राम गदाखौवा थाना त्रिलोकपुर निवासी रमेश चौरसिया को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने 17 फरवरी की रात खड़सरी निवासी इजहार और एक जुलाई की रात कठेला निवासी रिंकू गुप्ता के यहां चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसके पास से चोरी किए गए सोने के दो मंगलसूत्र, एक झुमका, दो चांदी की पायल, पांच बिछुआ तथा आठ हजार रुपये बरामद किया गया।

# गवाही पर देंगे जोर तभी बदमाशों को मिलेगी सजा : पुलिस अधीक्षक

## एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

सभी को लंबित मुकदमों में सजा कराने के लिए दिये गए टिप्स

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन सभागार में जोन के सभी मानिटरिंग सेल के प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें कोर्ट में लंबित मामलों में आरोपितों को शीघ्र सजा कराने में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी कोर्ट में एक- एक केस मानिटरिंग पैरोकारों की तैनाती कराएं। इससे सभी को लाभ मिलेगा और सजा कराने की गति तेज होगी। इनकी मदद से तय तिथि पर कोर्ट में पीड़ित या गवाहों का बयान दर्ज कराया जा सकेगा।



पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यशाला में पुलिसकर्मियों को मुकदमों से जुड़ी जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल • जागरण

एसपी ने कहा कि सिद्धार्थनगर में टापटेन से जुड़े सात बदमाशों को आपरेशन कन्विक्शन के तहत सजा हुई हैं। जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह हम सब के लिए बड़ी उपलब्धि है। सभी जानकारियों को गूगल सीट पर भरकर पास रखें। मानिटरिंग सेल प्रभारी सिद्धार्थनगर जय प्रकाश दुबे ने कहा कि किसी भी मामले में जब गवाहों के पेश करने की तारीख पड़े तो तत्काल उनके सम्पर्क कर लें। उन्हें समय से कोर्ट में प्रस्तुत कराकर गवाही सुनिश्चित कराएं। इससे न सिर्फ गवाहों के समय की बचत होगी बल्कि आरोपितों को सजा दिलाई जा सकेगी। कार्यशाला में उपनिरीक्षक मारकण्डेय पांडेय, मुख्य आरक्षी मनीष जायसवाल, गोरखपुर मानिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक वरूणेश प्रताप सिंह, महराजगंज श्याम बहादुर सिंह, बहराइच उपेंद्र कुमार यादव, बलरामपुर कृष्ण कुमार यादव, बस्ती से उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह, देवरिया मानिटरिंग सेल प्रभारी बरजोर सिंह समेत अन्य जिलों के प्रभारी शामिल रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# पेट्रोल पम्प लूट मामला : एसओ महुली व दारोगा समेत पांच निलंबित

संतकबीरनगर/नाथनगर (एसएनबी)। जिले के थाना महुली क्षेत्र के कुशहवा बाजार स्थित एक पेट्रोल पम्प पर शनिवार की रात चार बदमाशों द्वारा पंप मैनेजर से पिस्टल सटाकर लाखों ₹ लूट लिए गए थे। उक्त मामले में आईजी रेंज बस्ती आर.के.भारद्वाज के आदेश पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने महुली थाने के एसओ व दारोगा समेत पांच पुलिसवालों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि दिनांक 09.09.2023 को रात्रि में थाना महुली अंतर्गत घोरहट में स्थित सेनानी फिलिंग स्टेशन में हुई लूट की घटना का स्थलीय निरीक्षण किया गया है।

घटना के सफल अनावरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया है। साथ ही इस घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से थाना महुली के प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह, एसआई अमरेश कुमार गिरि, हल्का प्रभारी रात्रि गश्त तथा कां. अवधेश पाल रात्रि गश्त, कां. दीपेश कुमार और कां. रजनीश कुमार मिश्र को निलंबित कर दिया गया है।



पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर चर्चा करते थानाध्यक्ष।

**पेट्रोल पंप संचालकों को दिये सुरक्षा के निर्देश :** मेंहदावल : महुली थाना क्षेत्र के पास स्थित पेट्रोल पंप पर गुरुवार को लूट की घटना पर जिले के प्रभारी एसपी संतोष कुमार सिंह ने सभी थानाध्यक्षों को अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर सुरक्षा को लेकर चर्चा करने के लिए निर्देशित किया। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने थाना परिसर पर बैठकर पेट्रोल पंप की सुरक्षा व सावधानी को लेकर टिप्स दिए। उन्होंने पेट्रोल पंप पर सुरक्षा के लिए गार्ड रखने या लाइसेंस शुदा गार्ड रखने; रात के समय पंप पर पर्याप्त स्टाफ रखने, रात के समय पंप पर अधिक कैश नहीं रखने, नकदी को पंप से बैंक ले जाते समय सुविधा अनुसार चारपहिया गाड़ी व स्टाफ को लगाने, पंप पर आपातकालीन नंबर को डिस्प्ले करने समेत सावधानी से जुड़ी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी पेट्रोलपंपों के सीसीटीवी कैमरे सही दिशा में हों जिससे नंबर प्लेट का नंबर जरूरत पड़ने पर देखा जा सके। इस दौरान कुल दस पेट्रोल पंप मालिक बैठक में मौजूद रहे।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

**पौली ब्लाक क्षेत्र के मड़पौना गांव का है मामला**

धनघटा (एसएनबी) पौली ब्लाक क्षेत्र के अजाव गांव निवासी एक गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान रविवार को मौत हो गयी। इतना ही नहीं गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहा बच्चा भी मौत का शिकार हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। पौली ब्लाक क्षेत्र के अजाव गांव निवासी 23 वर्षीय महिला अर्पिता पत्नी अमित कुमार गर्भवती थी। रविवार की सुबह उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन सुबह करीब सात बजे नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र अजाव उसे लेकर पहुंचे जहां तैनात एनएएम शशिकला ने पहले प्रसव कराने का प्रयास किया और दिक्कत होने पर गर्भ में पल रहे शिशु के मौत का शिकार हो जाने का हवाला देते हुए गर्भवती महिला अर्पिता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन जिला अस्पताल के बजाय बेहतर इलाज की उम्मीद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैंसर बाजार लेकर जा रहे थे कि दोपहर में गर्भवती महिला समेत पेट में चल रहे शिशु की भी मौत हो गयी। घटना के बाद मृत महिला के परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार के लोगों का रो -रोकर बुरा हाल हो गया है।

# तीन परिवारों में कराया सुलह

संतकबीरनगर(एसएनबी)। मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के आयोजन में परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर थानाध्यक्ष लालबिहारी निषाद की अध्यक्षता में कुल 03 मामले आये। तीनों परिवारों के मध्य सुलह-समझौता कराया गया। थानाध्यक्ष लालबिहारी निषाद ने बताया कि प्रथम पक्ष श्रीमती सोनी पुत्री स्व. छविलाल गुप्ता निवासी केनौना कुर्थिया थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष जितेन्द्र गुप्ता पुत्र रामेश्वर गुप्ता निवासी छोटी राईन थाना धनघटा, सोनम देवी पुत्री रमेश निवासी ओनिया थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष सुग्रीव गौड़ पुत्र मंगरू गौड़ निवासी भरपही थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर के बीच सुलह-समझौता कराया गया। इसी क्रम में पार्वती पुत्री स्व. ओमप्रकाश निवासी कोल्हुआ लकड़ा पो. उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष सच्चिदानन्द पुत्र खोदाई प्रसाद निवासी खुशदिव थाना गोला बाजार जनपद गोरखपुर के मध्य पति-पत्नी व पारिवारिक कलह की बात को तथा आपसी मन-मुटाव के कारण विगत कुछ वर्षों से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे जिनकी काउंसलिंग कर उन्हें तथा उनके परिवारजनों को काफी समझा-बुझाकर उनके मध्य उत्पन्न मन-मुटाव-गलत फहमियों-नाराजगियों को दूर किया गया और पति-पत्नी एक साथ रहने की बात पर राजी हुए।

# पोखरे में गिरकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के जिगिना गांव में रविवार की सुबह 40 वर्षीय व्यक्ति की पोखरे में डूब जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जिगिना गांव निवासी 40 वर्षीय रामहजूर पुत्र गोपाल हरिजन रोज की तरह रविवार की सुबह पशुओं का गोबर एकत्र कर घर के समीप स्थित पोखरे के किनारे स्थित घूर गड्ढा में फेंकने गया था। गोबर फेंकने के दौरान रामहजूर का पैर अचानक फिसल गया और वह पोखरे के गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने चीख-पुकार मचाया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पोखरे में मौजूद जलकुंभी और भारी कीचड़ के कारण रामहजूर को जब तक लोग पोखरे से बाहर निकालने में सफल हुए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाने के मोलनापुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक अरूण कुमार पांडेय हमराही पुलिसकर्मी के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए उसे पीएम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के बीच कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। दरसल मृतक रामहजूर मजदूरपेशा व्यक्ति था। मेहनत मजदूरी कर वह परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उसकी मौत के बाद पत्नी शीला देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक की संतान 18 वर्षीय मनीषा,16 वर्षीय बेटा आकाश, 13 वर्षीय बेटी शिल्पा तथा 10 वर्षीय आर्यन अपने सिर से पिता का साया छिन जाने को लेकर करूण चीख-पुकार कर रहे है जिसे देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की आंखे नम होने को बरबस मजबूर हो गई।

# युवक ने दोस्त को मारी गोली, केस

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के दशहरा गांव में बीती रात पार्वती मंदिर के पास युवक ने किसी बात को लेकर अपने दोस्त को गोली मार करके फरार हो गया। आसपास के लोग घायल को जिला अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डक्टर ने घायल को मेडिकल कलेज गोरखपुर रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि रसहरा निवासी सोनू (28) पुत्र हनुमान को देर शाम गांव के ही एक युवक ने पार्वती मंदिर के पास गोली मार दी। गोली सोनू के ब्राएं कंधे पर लगी। घटना के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। पीड़ित परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए। जहां से डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेडिकल कलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि घायल सोनू और गांव का व्यास मुनि गहरे दोस्त हैं। शाम को दोनों एक साथ कहीं गए थे। उसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और आरोप है कि व्यास मुनि ने सोनू को गोली मार दी। गोली सोनू के बाएं कंधे पर लगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिजन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पेट्रोल पंप पर लूट मामले में एसओ समेत पांच सस्पेंड

■ डीआईजी के निर्देश पर एसपी ने की कार्रवाई

■ शनिवार देर रात महुली में हुई थी वारदात

**संतकबीरनगर, निसं।** महुली थाना क्षेत्र के कुशहवा-घोरहट स्थित सेनानी फिलिंग स्टेशन पम्प पर शनिवार देर रात हुई लूट के मामले में आईजी के निर्देश पर रविवार को एसओ समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, चार अज्ञात बदमाशों पर लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर के बशारतपुर निवासी बृजेन्द्र कुमार का महुली में कुशहवा-घोरहट में पेट्रोल पंप है। शनिवार देर रात बाइक से चार बदमाश पम्प पर पहुंचे और तीन लाख 53 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती ने लापरवाही पर एसओ महुली इंस्पेक्टर भगवान सिंह, हल्का प्रभारी रात्रि गश्त अमरेश गिरि, कांस्टेबल अवधेश पाल, दीपेश कुमार बीपीओ एवं कांस्टेबल रजनीश कुमार मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। देर शाम एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पांचों पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर दिया।

संबंधित खबर P03

# तालाब में डूबने से 40 वर्षीय मजदूर की मौत

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी एक 40 वर्षीय मजदूर की रविवार को गांव स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा की शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव निवासी 40 वर्षीय मजदूर सताई पुत्र संतू पूरी तरह से नशे का आदी था और मेहनत मजदूरी करके अपनी नशे की जरूरत पूरी करने के साथ साथ परिवार का भरण पोषण भी करता था। रविवार को दिन में 11 बजे के करीब गांव के दक्षिण स्थित तालाब के किनारे शौच के लिए गया था। इस बात की आशंका प्रगट की जा रही है कि शौच से निवृत्त होने के बाद वह तालाब के किनारे पानी लेने गया और अत्यधिक नशे में धुत होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है।

# पंद्रह लीटर अवैध शराब के साथ दो दबोचे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने रविवार को 15 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपितों को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपित अभियुक्त लालचन्द उर्फ बग्गड़ पुत्र पियारे निवासी नकहा एवं गिरजेश पुत्र प्रकाश निवासी औराडाड़ गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# जन सहयोग से पुलिस ने लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जिले की पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से चार स्थानों पर 14 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी, थाना दुधारा पुलिस ने 01 स्थान पर छह सीसीटीवी, थाना महुली पुलिस ने दो स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने फूल माला पहना कर सम्मानित किया।

# चाकू से हमला मामले में केस दर्ज

नाथनगर। महुली पुलिस ने चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में मुकदमा एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महुली कस्बा में मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से हाथ पर वार कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर धारदार हथियार हमला करने की धारा में अभियोग पंजीकृत किया है।

पुलिस तहरीर में सूरज पुत्र श्याम सुंदर ने बताया कि वह 06 सितम्बर को दयाराम आदि के साथ तरकुलवा देवी स्थान दर्शन करने गया था। वापस लौटते समय गांव के पिता-पुत्र दयाराम और सुड्डू के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। वादी सूरज के अनुसार किसी तरह बीच बचाव कर मामला शान्त कराया। इसी खुन्नस को लेकर देर शाम करीब नौ बजे हाथ में चाकू लेकर सुड्डू पहुंचा। सूरज के ऊपर वार करके हाथ चुटहिल कर दिया। लोगों के पहुंचने पर सुड्डू चाकू लेकर भाग गया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुड्डू पुत्र दयाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट के बाद हुआ समझौता

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के चिकित्सक व मेडिकल स्टोर संचालक में हुई मारपीट के मामले में समझौता हो गया है। मामले में शनिवार को इमरजेंसी में तैनात एक चिकित्सक के रिस्तेदार और एक मेडिकल स्टोर संचालक में कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई थी। इस मामले को लेकर दोनों तरफ से कोतवाली में तहरीर पड़ी थी। पुलिस के काफी जद्दोजहद के दोनों पक्षों में समझौता हुआ।

अस्पताल के इमरजेंसी में शनिवार को 2:00 बजे से एक चिकित्सक ड्यूटी कर रहे थे इसी दौरान चिकित्सक के रिश्तेदार अस्पताल के गेट पर स्थित एक मेडिकल स्टोर से कुछ बातों को लेकर कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई थी। उक्त प्रकरण को लेकर दोनों पक्षों से काफी लोग कोतवाली में पहुंचे थे। दोनों पक्षों को पुलिस ने समझौता करने को कहा। जिस पर देर रात दोनों में सहमति बनी।

# शांतिभंग की आशंका में एक व्यक्ति को दबोचा

संतकबीर नगर : बेलहरकला पुलिस ने रविवार को शांतिभंग की आशंका में एक व्यक्ति को पकड़कर थाने पर लाई। भूमि विवाद को लेकर यह व्यक्ति मारपीट करने पर उतारू था। पुलिस कर्मी इनके गांव में पहुंचे। (विज्ञप्ति)

# पुलिस ने एक वारंटी को पकड़कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त राममिलन निवासी कोदवट को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# दोस्त को गोली मारने वाला आरोपित गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली थानाक्षेत्र के दशहरा गांव में शनिवार की रात हुए गोलीकांड के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपित व्यास मुनि के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामूली विवाद को लेकर व्यास मुनि साथ रहने वाले दोस्त सोनू को गोली मारी थी। जिसका उपचार गोरखपुर मेडिकल कालेज में चल रहा है। देर रात हुई गोलीकांड की घटना से जनपद में हड़कंप मच गया था।

दशहरा गांव में दो दोस्तों के आपसी विवाद में एक ने दूसरे को गोली मार दी थी। स्वजन गंभीर हालत में लेकर युवक को जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसें गोरखपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया था, जहां उसका इलाज हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी आशा की तहरीर पर केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक, दिया निर्देश

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता रविवार की देर शाम घटनास्थल पेट्रोल पंप्र पर पहुंचकर कर्मचारियों से पूछताछ की। उन्होंने पर्दाफाश के लिए लगाई गईं टीमों से प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

अवकाश पर चल रहे एसपी सनसनीखेज लूट की जानकारी होने के बाद जनपद में पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। उन्होंने बताया कि इस मामले में महुली के थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। जल्द ही पुलिस लुटेरों को पकड़ लेगी।



घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते एसपी सत्यजीत गुप्ता (मध्य में)। फोटो पुलिस मीडिया सेल

## पेट्रोल पंप लूटकांड से सक्रिय हुआ पुलिस विभाग

जागरण टीम, संतकबीर नगर : महुली थाना के कुसहवा स्थित पेट्रोल पंप पर शनिवार की रात हुए लूटकांड से पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल सहित अन्य थानों पर रविवार को पेट्रोल पंप के संचालकों के साथ बैठक हुई। पेट्रोल पंप पर दोबारा ऐसी घटना न घटे, इसके लिए प्रतिष्ठानों की सुरक्षा-व्यवस्था पर विमर्श किया गया। कोतवाली खलीलाबाद के परिसर में रविवार को पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक हुई। कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी संचालक पेट्रोल पंप पर उच्च गुणवत्ता वाला सीसी कैमरा लगवा लें। जिससे बदमाशों के आने-जाने की गतिविधि को देखने व उन्हें पहचानने में मदद मिल सके।

## पुलिस ने कर्मियों से की पूछताछ

जासं, संतकबीर नगर: पंप पर लूटपाट के समय पांच कर्मचारी तैनात थे। इसमें देवरिया जनपद के कोतवाली क्षेत्र के पलिया का सर्वेश पुत्र रामकिशन, गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र के तीरा का रामचंद्र पुत्र संतु प्रसाद, महुली थाना क्षेत्र हरदी का अनिल गुप्ता पुत्र हरिराम और महुली थानाक्षेत्र के हरपुर का राकेश गुप्ता पुत्र अच्छेलाल अंदर थे। देवरिया के पलिया का अनिल कुमार पुत्र सूर्यभान बाहर खड़ा था। रविवार को दोपहर बाद जांच करने पहुंचे आइजी ने पेट्रोल पंप के कर्मियों से भी पूछताछ की। घटनाक्रम को लेकर सभी से अलग अलग व एक साथ पूछताछ हुई।

# वाहन जांच कर भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए जांच के दौरान नियम तोड़ने वालों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियम का उल्लंघन मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 61 वाहनों के चालकों से 81 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# लोगों के सहयोग से पुलिस ने लगवाए 14 सीसी कैमरे

संतकबीर नगर : आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत पुलिस ने लोगों के सहयोग से चार स्थानों पर 14 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद ने एक स्थान पर चार, दुधारा ने एक स्थान पर छह, महुली ने दो स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। कैमरा लगवाने लोगों को पुलिस ने सम्मानित किया। प्रभारी एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के जरिए जनपद के लोगों से अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखने के लिए कहा जा रहा है। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। लोगों के प्रयास से कानून व्यवस्था को बेहतर करने की कोशिश की जा रही है। (विज्ञप्ति)

# पोखरे में गिरे व्यक्ति की खोजबीन जारी

**जासं, नाथनगर, संतकबीर नगरः** महुली थाना के जिगिना गांव निवासी एक व्यक्ति रविवार को सुबह के समय घर के पास स्थित पोखरे में गिर गया। यह देखकर कुछ लोगों ने शोर मचाया। इस पर कई ग्रामीण पहुंचे। वे पोखरे में उन्हें खोजने लगे लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में जुटी है। शाम पांच बजे तक वह पोखरे से नहीं मिला था। 40 वर्षीय रामहजूर रविवार को सुबह करीब सात बजे पशुओं का गोबर घर के पास स्थित पोखरे के किनारे फेंकने गए थे। उसी दौरान वह अचानक पोखरे में गिर गए। यह देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया। ग्रामीण पोखरे में उन्हें खोजने लगे लेकिन जलकुंभी के कारण इसमें सफल नहीं हुए। सूचना मिलने पर मोलनापुर पुलिस चौकी के प्रभारी अरुण कुमार पांडेय सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ गांव में पहुंचे। पुलिस गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में जुटी है। महुली के थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने कहा कि पोखरे में गिरे व्यक्ति की तलाश जारी है। जब तक वह नहीं मिल जाता कुछ कहा नहीं जा सकता।



पोखरे में डूबने की सूचना के बाद रोते स्वजन ● जागरण

## स्नान कर रहे व्यक्ति की पोखरे में डूबने से मृत्यु

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा थाना के मड़पौना गांव के औरहवा टोला निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति रविवार को स्नान करते समय पोखरे में डूब गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैंसर बाजार के डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मड़पौना गांव के औरहवा टोला निवासी 45 वर्षीय सतई पुत्र संतू रविवार को स्नान करने के लिए गांव के पोखरे में गए थे। इसमें स्नान करने के दौरान वह डूबने लगे। बाग में खेल रहे बच्चों ने यह देखकर शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी प्रयास के बाद उसे पोखरे से बाहर निकाला। उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी हैंसर बाजार में दाखिल कराया गया। डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी उषा देवी भूमि पर गिर पड़ी। मृतक के दो बच्चे 25 वर्षीय चंचल व 17 वर्षीय हीरा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## करंट के चपेट में आने से युवक की मृत्यु

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : घनघटा चौराहे पर स्थित एक दुकान में रविवार की शाम करंट की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक झुलस गया। परिवार के सदस्य उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैंसर बाजार में ले गए। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महुली थाना के पिपरा गांव निवासी लाल बहादुर की चाय की दुकान घनघटा चौराहे पर है। रविवार को इनका बेटा 22 वर्षीय कृष्ण मुरारी टेबल फैन को घुमा रहा था। वह करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उपचार के लिए युवक को सीएचसी-हैंसर बाजार में दाखिल कराया गया।

## 61 वाहनों से 81 हजार समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से रविवार को अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। ड्राइविंग लाइसेंस व जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 61 वाहन के चालकों से 81 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# दोस्त को गोली मारने के आरोपी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के रसहरा गांव में शनिवार देर शाम शंकर जी के मंदिर के पास दोस्त ने युवक को गोली मार कर घायल कर दिया था।

रविवार को पीड़ित पत्नी ने आरोपी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया, जबकि घायल का मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। रसहरा गांव निवासी पीड़ित पत्नी आशा का आरोप है कि उसके 28 वर्षीय पति सोनू पुत्र हनुमान और गांव के व्यास मुनि पाठक एक साथ रहते थे। दोनों में गहरी दोस्ती थी। शनिवार की रात पौने नौ बजे गांव के पश्चिम तरफ शंकर जी के मंदिर के पास उसके पति और व्यास मुनि पाठक बैठे थे। उसने पति को बुलाया तो व्यास मुनि पाठक ने कहा कि अभी भेज देता हूं। आरोप है कि उसी बीच व्यास मुनि पाठक ने उसके पति सोनू को गोली मार दी। गोली लगने से उसके पति घायल हो गए।

व्यास मुनि के साथ पति को जाते गांव के तमाम लोगों ने देखा था। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ब्यास मुनि पाठक और घायल सोनू दोनों गहरे दोस्त थे। संवाद

# वारंटी को भेजा जेल

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी कोदवट गांव निवासी राममिलन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि कई बार नोटिस के बाद भी यह वारंटी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक सोमनाथ मिश्र व आरक्षी संजय प्रसाद ने इन्हें घर से गिरफ्तार कर लिया। (विज्ञप्ति)

# 15 लीटर कच्ची के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

संतकबीर नगर : धनघटा पुलिस ने रविवार को 15 लीटर कच्ची के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसमें नकहां गांव निवासी लालचंद उर्फ बग्गड़ के पास से 10 लीटर तथा औराडांड़ गांव निवासी गिरिजेश के पास से पांच लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस नें इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (विज्ञप्ति)

# संतकबीर नगर में पेट्रोल पंप से 3.53 लाख की लूट, एसओ समेत पांच निलंबित

जासं, संतकबीर नगर : महुली के कुसहवा पेट्रोल पंप पर शनिवार की रात पहुंचे बाइक सवार चार बदमाशों ने कर्मचारियों को असलहा सटाकर बंधक बना लिया। कार्यालय के काउंटर में रखे 3.53 लाख रुपये लूटकर बदमाश फरार हो गए। आइजी ने एसओ समेत पांच पुलिकर्मियों को निलंबित कर दिया है। गोरखपुर, बशारतपुर के विजेन्द्र कुमार का बस्ती-महुली मार्ग पर इंडियन आयल का पेट्रोल पंप है। शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कर्मचारी सर्वेश, रामचंद्र, अनिल व राकेश कार्यालय में बिक्री व रुपये का मिलान कर रहे थे। अनिल बाहर खड़ा था। दो बाइक से चार बदमाश पंप पर पहुंचे। एक ने अनिल को असलहा सटाकर बंधक बना लिया। तीन बदमाशों ने कार्यालय में घुसकर कर्मचारियों पर असलहा तान दिया। विरोध करने पर कर्मचारियों की पिटाई की। चाबी छीनकर काउंटर में रखे रुपये निकाल लिए। रामचंद्र का मोबाइल छीनकर बदमाश बस्ती की तरफ भाग गए। एक बदमाश हेलमेट पहने था, तीन ने कपड़े से मुंह ढंका था। बदमाशों के जाने के बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने रविवार को मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर थानाध्यक्ष भगवान सिंह, हल्का प्रभारी उप निरीक्षक अमरेश गिरी, आरक्षी अवधेश, दीपेश व रजनीश मिश्र को निलंबित करने का आदेश दिया।

## पुलिस की छह टीमें लगीं

प्रभारी एसपी संतोष सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की छह टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। बस्ती और गोरखपुर पुलिस का भी सहयोग ले रहे हैं। लुटेरे जल्द गिरफ्तार होंगे।

संबंधित खबर » 5

# मुझे उस घड़ी का इंतजार, जब बेटे के कातिलों को मिलेगी सजा

## 26 जुलाई 2020 को चोलखरी में जन्मदिन पर पूर्व प्रधान के बेटे की हुई थी हत्या, तीन आरोपियों को हाईकोर्ट से मिल चुकी हैं जमानत

संवाद न्यूज एजेंसी



बंटी (फाइल फोटो)

धनघटा। तीन साल पहले महुली क्षेत्र के चोलखरी गांव में चुनावी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान के बेटे की उसके जन्मदिन पर हत्या कर दी गई थी, जबकि पूर्व प्रधान की पत्नी, मामा समेत सात लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया।

इस वारदात में कुल आठ लोग आरोपी बनाए गए थे, जिसमें से तीन आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, जबकि पांच अन्य आरोपी अभी जेल में निरुद्ध हैं। पीड़ित पिता का कहना है कि मुझे बस उस घड़ी का इंतजार है, जब बेटे के कातिलों को सजा मिलेगी।

महुली क्षेत्र के चोलखरी गांव निवासी पूर्व प्रधान ओमप्रकाश के मझले बेटे बंटी आर्या (19) का 26 जुलाई 2020 को जन्मदिन था। सभी नाते- रिश्तेदार उनके घर पर जुटे थे। शाम करीब सात बजे उनके बेटे बंटी आर्या के जन्मदिन की तैयारी चल ही रही थी।

उसी दौरान कुछ लोग उनके घर में घुसकर पीट-पीट कर बेटे बंटी की हत्या कर दी। बचाव में पहुंची मां सुशीला देवी, मामा लालधर, राम सिंगारे, मामी राजमती, अनुदेवी, ममेरा भाई सैपी आर्या और एक वृद्धा को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित ओमप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामपाल, यादव, रविकांत, राम अचल यादव, हरिओम, राम अधीन यादव और कुछ अज्ञात पर बलवा, मारपीट, हत्या और एससी-एसटी एक्ट का केस दर्ज किया था।

पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि घटना के वक्त वह प्रधान थे। बाद में ओमप्रकाश के बयान के आधार पर पुलिस ने विवेचना में मोहबरी डडवा गांव निवासी मनोज यादव, गौरा गांव निवासी आकाश चौधरी व मदन यादव का भी नाम केस में बढ़ाया था। सभी आरोपी जेल भेजे गए। इसमें आरोपी आकाश चौधरी और मदन यादव को उच्च न्यायालय से एक साल पहले जमानत मिल गई थी, जबकि आरोपी मनोज यादव को तीन महीने पहले जमानत मिली है, जबकि अन्य आरोपी अभी जेल में बंद हैं।

पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि उसके चार बेटे थे, जिसमें बंटी आर्या मझला था। बंटी सिविल सेवा में जाना चाहता था। परिवार को काफी उम्मीदें थी, लेकिन चुनावी अदावत में आरोपियों ने बेटे की हत्या कर दी।

घटना से उसके तीन अन्य बेटे प्रिंस आर्या, मोंटी आर्या और नितिन आर्या की एक साल तक पढ़ाई प्रभावित रही। घर की माली हालत बिगड़ गई। उसने राजनीति भी छोड़ दी। उसकी जिंदगी का सिर्फ एक ही मकसद है कि बेटे के कातिलों को कड़ी सजा मिले। उसी वक्त का उन्हें इंतजार है। पीड़ित के अधिवक्ता ने बताया कि मुकदमा गवाही में है।



चोलखरी गांव निवासी मृतक बंटी आर्या परिजनों व रिश्तेदारों के साथ।



चोलखरी गांव निवासी मृतक बंटी का घर।



मृतक बंटी आर्या की मां सुशीला देवी व भाई। संवाद

### जेल में बंद रामअधीन की पत्नी चुनी गई हैं प्रधान

इस बार चोलखरी ग्राम पंचायत में प्रधान की सीट पिछड़ी जाति की महिला के लिए आरक्षित थी। आरोपी राम अधीन की पत्नी गुड़डी देवी प्रधान चुनी गईं। आरोपी राम अधीन अभी जेल में निरुद्ध है।

# पेट्रोल पंप का कैमरा था चालू, पर डीवीआर खराब

## बाइक सवार बदमाशों ने शनिवार की रात 3.53 लाख रुपये की लूट की वारदात को दिया था अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा/संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र के कुशहवा बाजार में शनिवार देर शाम बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मियों की कनपटी पर असलहा सटाकर 3.53 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश बस्ती की ओर भाग गए। सूचना पर प्रभारी एसपी, सीओ, एसओ मौके पर पहुंच गए और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। पंप का कैमरा काम कर रहा था, लेकिन डीवीआर खराब था।

महुली क्षेत्र में नाथनगर-महुली-बस्ती मार्ग पर कुशहवा बाजार में सेनानी फिलिंग स्टेशन है। शनिवार की रात पौने नौ बजे बाइक सवार चार बदमाश पहुंचे। एक ने बाहर मोबाइल पर बात कर रहे पंप कर्मी की कनपटी पर असलहा सटा दिया। वहीं, तीन अन्य पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गए। कैश गिन रहे मैनेजर को असलहा सटाकर बदमाशों ने काउंटर में रखे 3.53 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश बस्ती की ओर भाग निकले। घटना से पेट्रोल पंप कर्मी सहम गए। बाद में पेट्रोल पंप के मैनेजर सर्वेश कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर महुली एसओ भगवान सिंह, एसएसआई अमित कुशवाहा आदि मौके पर पहुंच गए और पीड़ित पंप कर्मियों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। बाद में प्रभारी एसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ ब्रजेश सिंह भी पहुंच गए और पंप कर्मियों से पूछताछ की। पंप का कैमरा काम कर रहा था, लेकिन डीवीआर खराब था।

प्रभारी एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पंप के मैनेजर सर्वेश कुमार ने 3.53 लाख रुपये लूट लेने की सूचना पुलिस को दी। लुटेरों की संख्या चार बताई। चारों बदमाश बाइक से थे और उनकी उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। बदमाश वारदात के बाद बस्ती की ओर भाग गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पेट्रोल पंप पर हुई लूट के बारे में जानकारी लेते आईजी आरके भारद्वाज। संवाद

### आईजी के सामने हुई जांच में पंप पर सुरक्षा उपायों में मिलीं खामियां

धनघटा। आईजी आरके भारद्वाज रविवार को महुली क्षेत्र के सेनानी पेट्रोल पंप पर पहुंचे। उन्होंने लूट की घटना से संबंधित जानकारी हासिल की। आईजी के सामने हुई जांच में पंप का सीसीटीवी खराब मिला। आईजी ने घटना में जांच की प्रगति एसओ भगवान सिंह से पूछी। इस दौरान जेल से छूटे एक बदमाश पर गैंगस्टर की कार्रवाई नहीं करने पर एसओ पर नाराजगी जताई। आईजी ने बताया कि लूट की घटना के पर्दाफाश में गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर की एसओजी टीम लगी है। छह टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही लूट का पर्दाफाश होगा। संवाद

## भागने के दौरान रास्ते में खराब हो गई थी बाइक पीछा करती पुलिस तो पकड़े जाते बदमाश

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा/संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र के कुशहवा पेट्रोल पंप से लूट की वारदात कर भागने के दौरान बस्ती के देईसांड के पास बदमाशों की अपाचे मोटरसाइकिल सीज हो गई थी। मौके पर ही बाइक छोड़ कर बदमाश भाग निकले। यदि समय रहते पुलिस बदमाशों का पीछा करती तो शायद बदमाश पकड़ में आ जाते।

गोरखपुर के शाहपुर क्षेत्र के शिवनगर कॉलोनी बसारतपुर निवासी बृजेंद्र कुमार पुत्र जितेंद्र का महुली क्षेत्र के कुशहवा-घोरहट में पेट्रोल पंप है। शनिवार देर रात सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से मुंह ढककर चार बदमाश पंप पर पहुंचे। वे कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लेकर कार्यालय में घुस गए।

चाबी छीनकर कैश बॉक्स खोल दिया और उसमें रखे 3.53 लाख रुपये निकाल लिए। नोट की गड्डी हाथ में लेकर बदमाश बाहर निकले और बाइक की डिक्की में पैसा रखकर असलहा लहराते भाग गए।

पंप मालिक के मुताबिक बदमाश सीसीटीवी को डीवीआर का तार तोड़कर उठा ले गए। मैनेजर रामचंद्र का मोबाइल भी छीन ले गए। कर्मी सर्वेश के मुताबिक बाइक पर तीन बदमाश भागे थे। एक पैदल ही चौराहे की तरफ भागते हुए देखा गया।

पुलिस सूत्रों की मानें तो जांच में पाया गया कि भागने के दौरान घटना स्थल से पांच किलोमीटर दूर बस्ती की सीमा में देईसांड के पास बदमाशों की बिना नंबर की अपाचे बाइक सीज हो गई, जिसकी वजह से मौके पर बाइक छोड़कर बदमाश भाग निकले। यदि समय रहते पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया होता तो शायद बदमाश पकड़ लिए जाते। पुलिस ने रविवार को बिना नंबर की अपाचे बाइक बरामद की, जो चोरी की बताई जा रही है।

### घटनास्थल से पांच किलोमीटर दूर मिली लूट में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक



रात में कुशहवा में पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना की जानकारी जुटाते प्रभारी एसपी। संवाद

### *फुटेज में मुंह ढके, हेलमेट लगाए दिख रहे बदमाश*

*धनघटा। पेट्रोल पंप लूट की घटना में जुटी तीनों जिलों की एसओजी टीम ने रविवार को जगह-जगह लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। पुलिस सूत्रों के अनुसार बदमाश फुटेज में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन गमछे से मुंह बांधने के बाद हेलमेट पहने हैं, जिसकी वजह से उनकी पहचान मुश्किल है। घटना का पर्दाफाश करने में सर्विलांस की टीम भी जुटी हुई है। सर्विलांस टीम उस लोकेशन में काम करने वाले संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रेस करने में जुटी है। संवाद*

# डॉक्टर-मेडिकल स्टोर संचालक के विवाद का पटाक्षेप

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के चिकित्सक व मेडिकल स्टोर संचालक के बीच शनिवार को हुए मारपीट के मामले का देर रात पटाक्षेप हो गया। पुलिस की मौजूदगी ने दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को हिदायत देकर घर भेज दिया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. करुणेश दूबे व मेडिकल स्टोर संचालक संतोष यादव और सुनील कुमार के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मामला कलक्ट्रेट चौकी पर पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुला लिया। दोनों पक्षों ने एक- दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। बाद में कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष एक- दूसरे के खिलाफ कार्रवाई न करने पर सहमत हो गए। इसके साथ ही दोनों पक्षों के बीच विवाद का पटाक्षेप हो गया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि चिकित्सक व मेडिकल स्टोर संचालक ने एक- दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों में सुलह- समझौता हो गया। संवाद

# 15 लीटर शराब के साथ दो पकड़े गए

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने 15 लीटर शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनकी आरोपियों की पहचान बग्गड़ निवासी नकेहा, गिरजेश निवासी औराडाड़ धनघटा के रूप में हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# स्वास्थ्य उपकेंद्र में जच्चा-बच्चा की मौत

## परिजनों ने एएनएम पर लगाया लापरवाही का आरोप, टीम गठित कर मामले की होगी जांच : अधीक्षक

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा/ पौली।** क्षेत्र के मडपौना स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर रविवार को जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रकरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शनिचरा बाजार के अधीक्षक ने टीम गठित कर जांच कराने की बात कही है।

अंजाव गांव निवासी अर्पिता (23) पत्नी अमित कुमार को रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो परिवार के लोग नजदीकी स्वास्थ्य उप केंद्र मडपौना ले गए।



अंजाव गांव में मृतका अर्पिता के रोते-बिलखते परिजन व जुटी भीड़। संवाद

जहां सुबह 6:00 बजे जांच के बाद एएनएम ने अर्पिता को भर्ती कर लिया। 10:30 बजे काफी परेशानी के बाद उसने बच्चे को जन्म दिया तो बच्चा मृत पाया गया। पत्नी के पहले बच्चे की मौत के सदमे से पति अमित कुमार और परिवार के लोग उबर भी नहीं पाए थे कि 11:44 बजे अर्पित की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का कहना है कि अर्पिता की सांस थमने वाली थी, तब एएनम ने उसे 12: 15 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली के लिए रेफर कर दिया। मलौली अस्पताल गेट के अंदर एंबुलेंस दाखिल हुई तो डॉक्टर दौड़कर पहुंचे और उसे एंबुलेंस में ही देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

> मामला जब शुरू में ही गंभीर था, तो एएनम को मरीज को भर्ती करना ही नहीं चाहिए था। शुरुआती दौर में ही जांच के बाद पता चल जाता है कि पेट में बच्चे की स्थिति क्या है। किन परिस्थितियों में एएनम ने मरीज को भर्ती किया और उसे समय रहते रेफर नहीं किया, इस मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी।
>
> **-डॉ. प्रशांत, अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शनिचरा बाजार**

# तीन परिवारों को समझा-बुझाकर मिलवाया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को तीन परिवारों को समझा बुझाकर मिलाया गया। परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर थानाध्यक्ष लाल बिहारी निषाद की अध्यक्षता में कुल तीन मामले आए। पहला मामला सोनी पुत्री स्वर्गीय छविलाल गुप्ता निवासी केनौना कुर्थिया खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष जितेंद्र गुप्ता पुत्र रामेश्वर गुप्ता निवासी छोटी रायिन थाना धनघटा, सोनम देवी पुत्री रमेश निवासी ओनिया खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष सुग्रीव गौड़ पुत्र मंगरू गौड़ निवासी भरपही थाना सहजमवां व पार्वती पुत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश निवासी कोल्हुआ लकड़ा उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष सच्चिदानंद पुत्र खोदाई प्रसाद निवासी खुर्शदिव थाना गोला बाजार जनपद गोरखपुर के मध्य पति-पत्नी व पारिवारिक कलह की बात थी। आपसी मन-मुटाव के कारण विगत कुछ वर्षों से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे।संवाद

# पेट्रोल पंप लूटकांड में एसओ समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र में हुए पेट्रोल पंप लूटकांड में कार्रवाई में लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी सत्यजीत गुप्ता ने रविवार देर शाम एसओ समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

महुली क्षेत्र के कुशहवा में संचालित सेनानी फिलिंग स्टेशन पर शनिवार देर शाम बाइक सवार चार बदमाशों ने लूट की वारदात की थी। बदमाश पंप कर्मियों को असलहा सटाकर 3.53 लाख रुपये लूट ले गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि सूचना मिलने पर आईजी ने पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया था।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई में एसओ भगवान सिंह ने लापरवाही बरती। हलका प्रभारी एसआई अमरेश गिरी, आरक्षी अवधेश पाल ने रात्रि गश्त में शिथिलता बरती। बीट पुलिस अधिकारी आरक्षी दीपेश कुमार, आरक्षी रजनीश मिश्र ने भी दायित्व का ठीक से निर्वहन नहीं किया। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। संवाद >> पेट्रोल पंप पर कैमरा था चालू, डीबीआर खराब : पेज 2

**महुली क्षेत्र में सेनानी फिलिंग स्टेशन पर हुई थी 3.53 लाख की लूट**

## महराजगंज : पांच पुलिसकर्मी निलंबित

महराजगंज। किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर उसके भाई की पिटाई और सदमे में पिता के खुदकुशी कर लेने के मामले में आरोपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी में लापरवाही बरतने के आरोप में रविवार को नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

>> विस्तृत पेज 5 पर

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# धानेपुर में मवेशी तस्कर गिरफ्तार

धानेपुर। पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से कुशीनगर जिले के रहने वाले एक और मवेशी तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि 18 अगस्त की रात को मुखबिर की सूचना पर एक पिकप वाहन से पांच मवेशियों को बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली थी। हालांकि अन्य भाग निकले थे। इसके बाद बलरामपुर निवासी चार तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सोमवार को सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दबोच लिया। बताया कि पकड़े गए व्यक्ति ने राजू यादव निवासी माठ, थाना तरया सुजान जिला कुशीनगर बताया।



रविवार को थाने में सफाई करते पुलिस कर्मचारी।

# थानों पर चलाया गया सफाई अभियान

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में जिले के सभी थानों व कार्यालयों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विशेष रूप से थानों पर खाली पड़े हुए स्थान पर जगह-जगह उगी हुई घास को कटवाने व गंदगी को साफ कराया गया। करने का निर्देश दिए गए थे। पुलिस कार्यालय व थानों में कार्यरत पुलिस कर्मियों ने श्रमदान भी किया। लोगों को अपने आस-पास के वातावरण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश देकर जागरूक किया गया।

# रंजिशन दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

धानेपुर। शुक्लागंज में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। पीड़त की शिकायत पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलत: बलरामपुर जिले के रहने वाले हाल पता शुक्लागंज त्रिभुवन नगर ग्रंट के रहने वाले अर्जुन चौहान के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी बाप बेटे ने उन्हें व उनकी पत्नी को अपशब्द कहते हुए मारपीटा जिससे चोटें आई। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि विशनू चौहान व उनके बेटे रवि चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# शांतिभंग की आशंका में 16 के विरुद्ध कार्रवाई

गोण्डा। जनपदीय पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर कुल-16 व्यक्तियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया है ।

# आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

गोण्डा। चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत कुल आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना कटराबाजार पुलिस ने एक व थाना तरबगंज पुलिस ने पांच वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

# दो महिलाओं समेत तीन लोगों को पकड़ा

रुपईडीह। पुलिस ने रविवार को शांति भंग की आशंका के चलते क्षेत्र की दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसभरिया में शांति भंग की आशंका के चलते गीता देवी पत्नी अमरनाथ, रिंकी देवी पत्नी कुलदीप निवासी बसभरिया व निजाम आलम पुत्र मोलहे निवासी डफलीपुरवा पूरेबदल को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# ठगी के आरोपी की तलाश शुरू

मेहनौन, संवाददाता। ज्योतिष और तंत्र-मंत्र की शक्ति से पंजाब की एक अविवाहित महिला को अपने वश में कर तथाकथित ज्योतिषी पंडित पंकज तिवारी निवासी कठौवा ने महिला से लाखो की रकम अलग अलग खातों में ट्रांसफर करवाई। मामले में मृतक गुलजीत सूरी की छोटी बहन आभा आनंद की शिकायत पर इटियाथोक पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

कोतवाली इटियाथोक पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक रामशंकर राय को मामले की जांच सौंपी गई है। आरोपी की धरपकड़ के लिए जल्द ही गुजरात और पंजाब भी पुलिस जाएगी। बताया जा रहा है कि पंडित पंकज तिवारी का अयोध्या और गोंडा में भी ठिकाना है। उसकी मुलाकात जालंधर की अविवाहित महिला गुलजीत सूरी से हुई। घर में वह अपनी छोटी बहन आभा आनंद के साथ रहती थी। छोटी बहन आभा आनंद की शादी गुजरात में एक सैन्य अधिकारी से हो गई। गुलजीत सूरी घर पर अकेली रहने लगी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंकज तिवारी से हुई तो उसने मोक्ष की प्राप्ति के लिए खूब सपने दिखाए और करीब 58 लाख की रकम हड़प ली। घर की सफाई के दौरान आभा आनंद को बैंक में ट्रांसफर हुए रकम की पर्चियां मिलीं।

# हेडमास्टर के खिलाफ नहीं दी तहरीर

**फॉलोअप**

कटरा बाजार, संवाददाता। मिड-डे मील की कन्वर्जन कास्ट में एक लाख सरसठ हजार रुपए के गबन के आरोप में हेडमास्टर को निलंबित कर शिक्षा विभाग भले ही अपना दामन पाक साफ होने का दिखावा कर रहा है लेकिन हकीकत कुछ और है। सहयोगी शिक्षक दबी जुबान से बता रहे है कि यह खेल काफी पहले से ही चल रहा था। इसमें पूर्व के कई खंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल थे। अब मामले का खुलासा होने पर हेडमास्टर को बलि का बकरा बना दिया है। मंडलायुक्त के आदेश के बाद भी निलंबित हेडमास्टर के विरुद्ध तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज कराने थाने तक कोई नहीं आया है।

छात्रों उपस्थिति में गोलमाल कर एमडीएम के धन में गबन करना कोई नई बात नहीं थी। सोलह चेक के माध्यम से एक लाख सरसठ हजार तीन सौ अठारह रुपए तो मात्र दो साल सितंबर 21से अगस्त 23 के बीच का है। अगर पुराने रिकार्ड की जांच गहराई से किया जाय तो कई मामले निकल सकते है। निलंबित हेड मास्टर के विरुद्ध ग्राम प्रधान द्वारा की गई शिकायत की जांच करने पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडे ने पहले हेड मास्टर के पक्ष में ग्राम प्रधान पर दबाव बनने का प्रयास किया लेकिन प्रधान द्वारा चेक और भुगतान का स्टेटमेंट दिखाने पर उन्होंने भी अपना रुख बदल लिया।

# बार-बार बदलवाई तहरीर 72 घंटे बाद मुकदमा दर्ज

**फॉलोअप**

बभनजोत। वन विभाग की ओर से बिसुही नदी में अवैध रूप से जाल लगाकर मछलियों का शिकार करने मामले में तीन नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ खोड़ारे थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। इस मामले में वन विभाग के कर्मियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

वन विभाग ने बिसुही नदी मे अवैध रूप से मछलियों व कछुओं के शिकार करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए खोड़ारे पुलिस को नामजद तहरीर तीन सितंबर को दी थी। चार दिन बाद आखिरकार पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है। वन विभाग की ओर से पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि हमराही के साथ चमरूपुर बीट के आरक्षित वन क्षेत्र का भ्रमण कर रहा था। इसी दौरान कुछ व्यक्ति विसुही नदी के गायघाट से घारीघाट पुल के मध्य केशव नगर ग्रांट कोटिया गांव के समीप जलीय जीवों का शिकार अवैध रूप से किया जा रहा है की शिकायत मिली। इस पर सुधीर श्रीवास्तव वनरक्षक व कैलाश नाथ शुक्ला वन दरोगा के साथ मौके पर गया जहां पर मुकेश, जगदीश, मधुबन व अन्य अज्ञात वासीगण केशव नगर ग्रंट द्वारा मिलकर जलीय जीवों का अवैध रूप से शिकार किया जा रहा था।

थाना प्रभारी खोड़ारे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उधर, तहरीर बदले जाने के संबंध में पूछे जाने पर डीएफओ पंकज शुक्ला ने बताया कि पुलिस की जांच के बाद वन रक्षक के कहने पर तहरीर बदली गई है। कहा कि कागज मिलने पर ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

# सात पर मुकदमा

गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने भूमि फर्जीवाड़े में सात लोगों पर मुकदमा किया है। जानकीनगर रानीपुरवा निवासी राम गोपाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि तारा, रमेश, दिनेश, नीरज, मोहम्मद तौफीक, संजय कुमार व आनंद शुक्ल ने उनके हिस्से की भूमि का फर्जी अनुबंध करा लिया है। पीड़ित की शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा किया है। कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

# विभिन्न मामलों में पांच गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के कई गांव से पुलिस ने चोरी सहित विभिन्न मामले में पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मोहम्मद यूनुस निवासी इसरी पुरवा देवरदा, सुरेंद्र कुमार शुक्ला निवासी कौकटवा गौहानी व रामजी पांडेय निवासी चंदसुहा के खिलाफ चोरी के मामले में न्यायालय ने वारंट जारी किया था। वहीं बबलू सिंह निवासी पूरे जनवार जफरापुर थाना उमरी बेगमगंज के खिलाफ आर्म्स एक्ट व विजय नरायन निवासी गिरजा गुठौली देवरदा के खिलाफ वारंट जारी था। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# मारपीट में चार घायल, आठ पर केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के बनघुसरा पचपेड़वा निवासी अमर पाल ने बताया कि गांव के ही राम सनेही, सोनू, मीना व राम गोपाल ने बच्चों के विवाद को लेकर उसे व उसके पिता संतराम से अभद्रता करते हुए मारा-पीटा। जिससे दोनों को चोटें आईं हैं। विपक्षी ने जान-माल की धमकी भी दी। वहीं इसी गांव की मीना ने बताया कि संतराम, अमरपाल, रोशनी व सावित्री ने बच्चों के विवाद के चलते उसे व लड़के मनीष मारा-पीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अवैध गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की अगुवाई में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सलमान निवासी इमामबाड़ा को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ पकड़ लिया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके न्यायालय रवाना कर दिया गया। (संवाद)

# महिला व बालक को पीटा

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज के अनभुला निवासी सावित्री देवी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर वह अपने नाती आयुष (10) को लेकर गांव के ही श्रीकांत सिंह से उलाहना देने गई थी। तभी विपक्षी ने अभद्रता करते हुए उसे लोहे के पाइप से पीटा व आयुष को भी चोटिल कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गो तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर पुलिस ने राजू यादव निवासी दोमाठ, थाना तरया सुजान, जिला कुशीनगर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 18 अगस्त को गोवध निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय एक आरोपी पकड़ा गया था मगर राजू भाग निकला था। रविवार को राजू को दबोच लिया गया। (संवाद)

# चार लोगों पर मारपीट का केस

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया के पूरेबदल डफाली पुरवा निवासी साफिया ने बताया कि गुलमोहर का गिर गया था। जब उसे हटाने के लिए कहा तो निजाम, आलम, गुड़िया व फरीदा फातिमा ने हमला कर दिया। इससे उसे और रेशमा व सहर बानो को चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (संवाद)

# युवती से छेड़खानी में युवक पर केस

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज के एक गांव में युवती से छेड़खानी के मामले में दूसरे समुदाय के युवक पर केस दर्ज किया गया है। युवती ने बताया कि आरोपी युवक से उसकी मोबाइल पर पहले से बातचीत चल रही थी। शनिवार रात आठ बजे युवक मिलने के बहाने गांव आया। एक खेत के पास पहुंचने पर वह छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर जब लोग पहुंचे तो अपनी बाइक छोड़कर भाग गया। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अरमान निवासी रामापुर तरबगंज के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया है। (संवाद)

# करीबियों की तरफ बढ़ी पुलिस की तफ्तीश

**गोंडा।** सरयू एक्सप्रेस में हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल पर हमले के मामले में अब पुलिस की जांच करीबियों की तरफ बढ़ने लगी है। कारण, अभी तक की पड़ताल में कहीं से कोई क्लू जांच टीमों के हाथ नहीं लगा रहा है।

सुल्तानपुर की नगर कोतवाली में तैनात सुमित्रा 30 अगस्त को अयोध्या में मेला ड्यूटी करने निकली थीं। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने उन्हें घायलावस्था में पाया था। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। उधर, जीआरपी अयोध्या में केस दर्ज किया गया। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया। जिसके बाद मामले की जांच एसटीएफ के हवाले कर दी गई। बीते शुक्रवार को डीआईजी रेलवे/एसटीएफ अनंतदेव तिवारी ने मनकापुर जंक्शन पर पहुंचकर छानबीन की थी। शनिवार को गाजीपुर जीआरपी सिटी के कोतवाल अखिलेश मिश्र ने मनकापुर आकर जांच की। लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। (संवाद)

# जांच के लिए गुजरात जाएगी पुलिस टीम

संवादसूत्र, इटियाथोक (गोंडा) : पंजाब प्रांत के जालंधर निवासी महिला को मोक्ष दिलाने के लिए इटियाथोक कठौवा निवासी ज्योतिष ने 200 बार अलग-अलग खाते में रुपये मंगवाया था। महिला के निधन के बाद उसकी छोटी बहन आभा आंनद ने धोखाधड़ी का मुकदमा कराया है। खातों में भेजे गए रुपये के आधार पर कई अन्य की भी संलिप्तता सामने आ रही है। पुलिस ने आरोपित की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। जल्द ही जांच के लिए पुलिस की एक टीम गुजरात भेजी जाएगी।

गुजरात के गांधी नगर निवासिनी मृतका की बहन ने बताया कि उसके पिता सेना में कर्नल थे। उसके पति भी सेना में ग्रुप कैप्टन है। रिटायर होने बाद उनके पिता व माता का निधन हो गया। वह एक भाई दो बहन थी। भाई के मौत के बाद बड़ी बहन गुलजीत सूरी अकेली रहती थी।

## पूरे जिले में फैला है जालसाजों का जाल

ज्योतिष के नाम पर लोगों को ठगने वाले जालसाजों का जाल पूरे जिले में फैला हुआ है। जगह-जगह कार्यालय खोलकर लोगों को बीमारियों से छुटकारा दिलाने के साथ ही अन्य लाभ का झासा देकर ठगी की जा रही है। फिलहाल, लोगों की निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हुई है।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

## चार पारिवारिक मामलों का निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र पर चार पारिवारिक मामलों का निस्तारण कराया गया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव ने बताया कि अमित वर्मा, आफरीन, गुड़िया चौहान व अनारकली के पारिवारिक मामलों का निस्तारण कराया गया है। इस अवसर पर तनवीर जहां, वंदना मिश्रा, देवतादीन दूबे, महिला कांस्टेबल ज्योति व महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य का सराहनीय योगदान रहा।

## शांतिभंग के मामले में चार गिरफ्तार किए गए

सादुल्लाह नगर। थाना सादुल्लाहनगर की पुलिस ने रविवार को शांतिभंग की आशंका में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि रंजिश को लेकर आमदा फौजदारी होने पर श्यामजी मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता निवासीगण ग्राम गुमाफातमाजोत थाना सादुल्लानगर एवं प्रेमचन्द व रामनेवास निवासीगण ग्राम मुबारकपुर कहरपुरवा थाना सादुल्ला नगर को गिरफ्तार किया गया है।

## फॉरेस्ट एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ललिया। हर्रैया थाना की पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि थाना क्षेत्र के जंगल से सटे गिरगिटही गांव निवासी आरोपी कजवा को उपनिरीक्षक राम कृपाल वर्मा की पुलिस टीम ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कानूनी कार्यवाही की है।

# छह बोटा सागौन के साथ वाहन व चालक को पकड़ा

**सख्ती**

रेहरा बाजार, संवाददाता। पिकप व चालक सहित छह बोटा जंगली सगौन लकड़ी रेहरा बाजार पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने चालक सहित तीन पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई कर रही है।



जंगली लकड़ी के साथ गिरफ्तार चालक

प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार भोर मुखबिर से सूचना मिली थी की कुछ लोग पिकप से जंगली सगौन की लकड़ी लादकर कहीं ले जाने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस टीम लगाकर रेहरा बाजार-उतरौला मार्ग के ग्वालियर ग्रंट में बैंक के पास पिकप को पकड़ लिया गया। पुलिस को देखकर चालक भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस टीम ने उसे घेरकर दबोच लिया। मौके से पिकप पर लदे छह बोटा सगौन व चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पूछताछ के बाद पिकप मालिक अधीनपुर निवासी राम बाबू गुप्ता, कुशमौरा निवासी चालक अमित वर्मा सहित एक अन्य के खिलाफ वन अधिनियम में धारा केस दर्ज किया गया है।

# वन्यजीव संरक्षण में वांछित को पकड़ा

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राम कृपाल वर्मा ने बताया कि कजवा पुत्र मिलन निवासी गिरगिटही वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में न्यायालय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# अलग-अलग दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि खलील पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी खमौवा को चोरी के मामले में तथा सोनू पाल पुत्र राम दुलारे निवासी फुलवरिया बाईपास को एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# एनआई एक्ट का अभियुक्त पुलिस की पकड़ में

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस ने एनआई एक्ट मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। प्रभारी निरीक्षक तेज नरायन गुप्ता ने बताया कि राजू गुप्ता पुत्र केशव प्रसाद गुप्ता निवासी शेखा एनआई एक्ट में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, अनिरुद्ध वर्मा को भेजकर पकड़वा लिया गया।

# शांतिभंग में आठ गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में आठ लोगों के खिलाफ शांतिभंग के मामले में कार्रवाई की गई है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि थाना गैड़ासबुजुर्ग एवं सादुल्लाहनगर की पुलिस ने चार-चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान सोनू पाल निवासी फुलवरिया बाईपास तथा खलील निवासी ग्राम खमौवा के रूप में हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

## वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** हरैया थाने की पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में वांछित रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान कजवा निवासी गिरगिटही थाना हरैया के रूप में हुई है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

## गड़बड़ी के आरोप में कोटेदार गिरफ्तार

**गौरा चौराहा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने चेक बाउंस व वित्तीय अनियमितता के आरोप में कोटेदार को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज नरायन गुप्ता ने बताया कि शेखा गांव के कोटेदार राजू गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

## चार पारिवारिक विवादों का निपटारा

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, तनवीर जहां, वंदना मिश्रा, देवतादीन दूबे एंव महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य ने दोनों पक्षों की समस्या सुनकर परिवार की खुशहाली के लिए साथ रहने का सुझाव दिया। परामर्शदाताओं का सुझाव मानकर चार परिवार पुनः साथ रहने को राजी हो गए। (संवाद)

## बेटियों को किया जागरूक

**ललिया।** स्थानीय थाने की पुलिस एवं एंटी रोमियो टीम ने रविवार को बाजार में महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बेटियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा हासिल करने के साथ ही मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा बेटियों को किसी भी तरह की समस्या होने पर 1090, 1098, 181 व यूपी 112 हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने के लिए जागरुक भी किया गया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, एक घर जला

नानपारा। कोतवाली नानपारा के सरैया गांव में रविवार शाम छह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गांव निवासी नूर हसन पुत्र सुबराती का घर जलकर राख हो गया। घटना के वक्त परिवारजन खेत गए हुए थे। लपटों को देखकर गांव के लोग शोर मचाते हुए आग बुझने लगे घटना की सूचना पाकर अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुचीं। नूर हसन की गृहस्थी जलकर राख हो गई थी । अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है। उपजिलाधिकारी अजीत परेश ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

# गुलाम अलीपुरा गोली कांड में एक गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार को गुलाम अलीपुरा निवासी शरीफ को झिंगहा घाट के पास गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 32 बोर का तमंचा, एक कारतूस बरामद किया गया है। शरीफ ने अपने साथियों के साथ थाने के पास मे दो चक्र गोली मारकर नाजिरपुरा निवासी कादिरी को घायल कर दिया था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है।

# लूटे गए सामान के साथ एक गिरफ्तार

बहराइच। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने बताया कि कसेहरी खुर्द में शुक्रवार रात हुई चोरी मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश घिरा देख सामान छोड़ फरार हो गए। एक को पकड़ लिया गया। मौके से एक बाइक, एक साइकिल, सिब्बल, ताला कटर, हेलमेट, रेनकोट, साबुन, तेल, रिफांइड, मसाला आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इसी थाने के बैरी महेशपुर निवासी अबु तालिब के रूप में हुई।

हिन्दुस्तान

# भाजपा भारत को ले जा रही सौ वर्ष आगे : केशव प्रसाद मौर्य

**डिप्टी सीएम दौरा**

बहराइच, संवाददाता। प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम और आप मिलकर भारत को सौ वर्ष आगे ले जाने का प्रयास कर रहे है। इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव मे सभी 80 सीटें जीतेगी। कार्यकर्ताओं की मेहनत से देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। यह बात उन्होंने रविवार दोपहर शहर के चंद्रिकापुरी स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। जी- 20 की अध्यक्षता प्रधानमंत्री कर रहे हैं, इसका श्रेय भारत के एक सौ तीस करोड़ भारतीयों को जाता है।

कहा कि हमने जो राम जन्म भूमि पर रामलला को विराजित करने का स्वप्न संजोया था। वह 22 जनवरी को साकार होने जा रहा है। संसद के विशेष सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन का अटल जी का जो स्वप्न था। वह पूरा होने जा रहा है। डिप्टी सीएम ने जिला कार्यालय पहुंच कर पंडित दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, और उन्हें लोक सभा चुनाव की टिप्स दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने की। विशिष्ठ अतिथि राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। सांसद अक्षयवर लाल गोंड, विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व मंत्री मयंकर सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने स्वागत किया। संचालन जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।



शहर के चंद्रिकापुरी स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डिप्टी सीएम, मंच पर सांसद, जिलाध्यक्ष व अन्य

**उप मुख्यमंत्री ने 47 संकुल संघों को सौंपा 10.38 करोड़ का चेक:** बहराइच। जिले के दौरे पर आए डिप्टी सीएम ने 47 संकुल संघों की दीदियों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 10 करोड़ 38 लाख 40 हजार की धनराशि का चेक दिया। पीएम आवास योजना के तहत चार लाभार्थियों को आवास की चाभी व 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## धीमी सड़क निर्माण से डिप्टी सीएम नाराज

बहराइच। जिले के दौरे पर आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण नरेन्द्र कश्यप के साथ तहसील महसी के ग्राम चन्दनापुर सिकड़िया जाते समय ब्लॉक तेजवापुर के ग्राम पंचायत कटहा में मनरेगा से 18.80 लाख की लागत से निर्मित हाट बाजार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 966.46 लाख से निर्माणाधीन 14.100 किमी लम्बाई के मरौचा-बौण्डी मार्ग का निरीक्षण किया। डिप्टी सीएम ने हाट बाजार में सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर किया। अधिशाषी अभियता संजीव कुमार वर्मा को कार्य में तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के निर्देश दिए।

## दिनेश मौर्या के घर पहुंचे डिप्टी सीएम

महसी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या रविवार को 03:27 बजे चंदनापुर सिकड़िया गांव में दिनेश चन्द्र मौर्या के घर पहुंचे। स्कूल की कुछ बच्चियां डिप्टी सीएम को भगवान बुद्ध की तस्वीर भेंट करने के लिए खड़ी थी। गाड़ी से उतरते ही उन्होंने उन बच्चियों के पास जाकर बुद्ध की तस्वीर ली। बच्चियों को दुलराया और कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ो और सफलता की ऊंचाईयों को छुओ। वहां उन्होंने स्व. राजेंद्र प्रसाद मौर्या को श्रद्धांजलि दी। डिप्टी सीएम 28 मिनट रुके और घर में जाकर परिवारी जनों का कुशल क्षेम जाना।

हिन्दुस्तान

# 20 लाख हड़पे, धोखाधड़ी का केस दर्ज

**भ्रष्टाचार**

- पैसा मांगने पर गाली गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज
- ब्रिक फिल्ड के संचालन में पचास फीसदी हिस्से का करार हुआ था

बहराइच, संवाददाता। श्रावस्ती निवासी एक व्यक्ति से ईंट भट्ठा में साझेदारी कराकर 20 लाख रुपए हड़प लिए। धन मांगने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मटेरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रावस्ती जिले के भरथा रोशन गढ़ थाना मल्हीपुर निवासी कमाल अहमद ने सीजेएम की अदालत में वाद दाखिल कर शिकायत रखा है कि उसके और तसरीफ खां के मध्य इण्डिया ब्रिक फील्ड लखैया मोहरवा का संचालन 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इकरार हुआ था। उसने अपनी हिस्सेदारी 20 लाख रुपये का कोयला, लकड़ी व कच्ची ईंट के रूप में भट्ठे में निवेश कर दिया, जबकि तसरीफ ने निवेश नहीं किया।

उसके पिता से भूमि का बैनामा धोखाधड़ी जालसाजी करके अपने नाम करवा लिया। इकरारनामे की शर्तों के अनुसार संचालन नहीं किया, न ही फायदे का शेयर हिस्सा ही दिया। सम्पूर्ण सामग्री सहित 20 लाख रुपये उसके हिस्से का बेईमानी करके हड़प लिया।

भाड़े के लिए भट्ठे पर चल रहे उसके बहनोई का स्वराज ट्रैक्टर सहित अन्य सामान कच्चे व पक्के ईंट कोयला लकड़ी, पिसाई मशीन आदि चोरी करके उठा ले गए।

ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य सामान मांगने पर देने से मना कर दिया। शंकरपुर चौराहे पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मटेरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तसरीफ खां पुत्र मुन्सरीफ खां निवासी जोंकहा सलारपुर थाना मटेरा के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिन्दुस्त

# आठ वर्ष पूर्व की घटना में फिर केस दर्ज, कार्रवाई की मांग

- पूर्व में दर्ज केस में फाइनल रिपोर्ट लगा चुकी है पुलिस
- पीड़िता की भूमि का बहन ने नाम बदल कर अपने नाम कराने का मामला

बहराइच, संवाददाता। कोर्ट में तथ्य छिपाकर पूर्व में दर्ज कराए गए फर्जी केस मामले में पुलिस ने तहकीकात कर फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। दूसरी बार उसी मामले में कोर्ट के आदेश से रामगांव थाने में केस दर्ज होने पर पीड़िता ने डीएम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

रामगांव थाने के रायपुर के मजरे गुलरा निवासिनी ताहिरा बेगम पुत्री बास खां ने डीएम से शिकायत की है कि उसकी भूमि पर उसकी सगी बहन श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के चंद्रा बुजुर्ग के मजरे बनिया गांव की करून उर्फ रहीशा पत्नी मक्कू खां उर्फ अब्दुल सलाम कूटरचित दस्तावेजों की मदद से अपने नाम करा लिया है। जबकि उसके परिवार रजिस्टर की पहले की नकल एवं खतौनी में भी उसका नाम दर्ज था। उसकी बहन की पूर्व की वोटर आईडी व खतौनी में उसका असली नाम शाकरून उर्फ रईशा है। कूटरचित तैयार किए दस्तावेजों के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट कोतवाली नगर पीड़िता ने 2011 में दर्ज कराई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र भी दाखिल किया है। एफआईआर व पुलिस की कार्रवाई से पीड़िता की बहन ने उसके विरुद्ध एक प्रथम सूचना रिपोर्ट कोर्ट के माध्यम से वर्ष 2011 को रामगांव थाने में दर्ज कराया था। अब आठ साल बीतने के बाद उसी मामले में दोबारा केस दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने घटना की जांच कराकर नाम दर्ज कराने की मांग की है।

हिन्दुस्तान

# चोरी की बाइक संग आरोपित को पकड़ा

बहराइच। दरगाह थाने की पुलिस ने एक चोरी की बाइक बरामद कर चोर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पूर्व में नौ आपराधिक मुदकमा दर्ज है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

दरगाह एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दरोगा बृजेश कुमार चौबे, सिपाही जर्नादन यादव, सुमित शुक्रवार शाम दरगाह रेलवे क्रासिंग के पास गश्त करते हुए दरगाह जा रहे थे। एक बाइक सवार को रोककर कागजात मांगे। वह नहीं दे सका। पूछताछ में उसने बताया कि बाइक चोरी की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पयागपुर थाने के ककरहा कुट्टी निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी पर लखनऊ, पयागपुर, देहात कोतवाली, दरगाह समेत कई थानों में नौ मामले दर्ज हैं।

# अवैध कब्जा कर बनाए गए मदरसे को गिराने की डीएम से मांग

**जासं, बहराइच :** नानपारा तहसील के नरसिंहडीहा में ग्रामीण ने जमीन पर कब्जा कर जबरन मदरसा बनाने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को पत्र देकर अवैध कब्जा कर बने मदरसे को गिराने की मांग की है।

गांव निवासी इकराम अली का आरोप है कि उसकी जमीन गाटा संख्या 176 पर स्थित है। गांव के ही रहने वाले एक मौलाना समेत कुछ लोग मदरसे का निर्माण करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। पैमाइश कराए जाने पर उसकी जमीन में करीब 18 मीटर तक अवैध कब्जा होने की पुष्टि तहसील प्रशासन ने की है। इसकी शिकायत करते हुए उसने तहसील में वाद भी दायर किया है।

आरोप है कि पांच सितंबर को जब उसने संचालक से कब्जा कर मदरसा बनाए जाने की शिकायत की तो घर में घुसकर लाठी-डंडे से उसकी पिटाई की गई। आरोप है कि मदरसे में अंग्रेजी दवाओं की बिक्री समेत कई अन्य जालसाजी के काम भी किए जा रहे हैं। उसने डीएम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा, मुकदमा दर्ज

संसू, गजाधरपुर : फखरपुर इलाके के भिलोरा मोड़ चौराहे पर दबंगों ने ई-रिक्शा चालक पर जानलेवा हमला कर दिया। पीडित ने भागकर अपनी जान बचाई। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के सिसुवारा निवासी आत्माराम भिलोरा मोड़ चौराहे से भिलोरा मार्ग पर ई-रिक्शा चलाते है। रविवार को बाइक से पहुंचे दबंगों ने उसे रोककर उसे सरे राह पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर लोंगो की भीड़ एकत्रित होने लगी। युवक ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। हमले में युवक के सिर व कान में गंभीर चोटे आई। जिला अस्पताल के डा. रमेश ने बताया सिर में सीटी स्कैन के लिए रेफर किया गया है। एसओ एमके सिंह ने बताया कि दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

# दो परिवारों को सुलह करा कर बिखरने से बचाया

**जासं, बहराइच** : पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को पारिवारिक विवादों में आने वाले प्रार्थना पत्रों के पक्षकारों की काउंसिलिंग की गई। काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह, एके शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी निशा सिंह, पूर्णिमा, निहारिका व अन्य परामर्शदाताओं ने पारिवारिक मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि पति-पत्नी में घरेलू कलह होने के कारण मुकदमे शुरू हो जाते हैं। टीम के प्रयास से दो परिवार में सुलह समझौता कराया गया। उनको बिखरने से बचाया गया है। उनकी साथ-साथ में विदाई कराई गई है। फीडबैक के लिए अगले सप्ताह पुनः बुलाया गया है।

# दबंगो ने ई-रिक्शा चालक को पीटा, मुकदमा

**फखरपुर (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के भिलोरा मोड़ चौराहे पर रविवार को बाइक सवार दबंगों ने एक ई-रिक्शा चालक पर हमला कर दिया। हमले में घायल चालक को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के सिसुवारा निवासी आत्माराम (32) भिलोरा मोड चौराहे से भिलोरा मार्ग पर ई-रिक्शा चलाता है। रविवार को वह भिलोरा मोड़ चौराहे पर खड़ा था, इसी दौरान पहुंचे बाइक सवार दबंगों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर व कान मे गंभीर चोट आई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो परिवार को बिखरने से बचाया

**बहराइच।** पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को परिवार परामर्श केंद्र के तत्वावधान में पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग कराई गई। दो परिवारों को घर के लिए रवाना किया। महिला एसओ शीला यादव ने बताया कि रविवार को हुई कांउसलरों की टीम की सुनवाई में दो परिवार को बिखरने से बचाया गया।

# फरियादियों को न लगानी पड़े लखनऊ की दौड़

संवाद न्यूज एजेंसी

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**बहराइच।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान इतनी गुणवत्ता के साथ करें कि उन्हें लखनऊ जाने की जरूरत न पड़े।



बहराइच के कलेक्ट्रेट में लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित करते केशव प्रसाद मौर्य। -संवाद

उन्होंने जिले के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर विकास के प्रति प्रेरित किया। डीएम मोनिका रानी की अभिनव पहल सेवा से संतृप्तिकरण अभियान की उन्होंने सराहना की। इस दौरान डीएम मोनिका रानी, सीडीओ कविता मीना, बलहा बीडीओ संदीप कुमार, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी आदि ने उन्हें पुष्पगुच्छ व राम दरबार का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। बैठक में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, एसपी प्रशांत वर्मा, सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

**दीदियों को सौंपा 10.38 करोड़ का चेक :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न लाभार्थियों को चेक व आवास की चाभी भी सौंपी। 47 संकुल संघों की दीदियों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 10 करोड़ 38 लाख 40 हजार का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना के चार लाभार्थियों को आवास की चाबी, व तीन लाभार्थियों का आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भेंट किया।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-11-09-2023

# इंडो नेपाल सीमा पर चरस के साथ पकड़े गए आरोपी

श्रावस्ती, संवाददाता। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान दो युवक बाइक से चरस लेकर नेपाल से भारत आ रहे। टीम ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशानुसार सीमा चौकी सुइया की एसएसबी टीम भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक नेपाल से चरस लेकर भारत आ रहे हैं और सीमा स्तम्भ संख्या 634/6 के पास से होकर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही कमांडेन्ट ने सुइया कैम्प के निरीक्षक संतोष कुमार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस पर निरीक्षक ने एसएसबी व राजपुर चौकी की पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया।

इस दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 634/6 के नजदीक नेपाल से भारत आ रहे बाइक सवार दो व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। जिनके कब्जे से 950 ग्राम चरस बरामद हुआ। बरामद चरस को जब्त कर टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान अनवर अली पुत्र मोहम्मद उमर व सलमान पुत्र मुंसरिफ निवासी पिपरहवा जोगा गांव थाना सिरसिया के रूप में हुई। एसएसबी ने बाइक व चरस के साथ ही दोनों आरोपियों को सिरसिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# 950 ग्राम चरस के साथ दबोचे गए तस्कर

संसू, श्रावस्ती : एसएसबी व सिरसिया पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके कब्जे से चरस, मोबाइल फोन व बाइक बरामद हुई। आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसएसबी व पुलिस टीम ने सीमा पर गश्त के दौरान सुईया से नेपाल सीमा को जाने वाले रास्ते पर सिरसिया क्षेत्र के पिपरहवा निवासी सलमान व अनवर अली को दबोच लिया। तलाशी में सलमान के पास से 450 ग्राम चरस व अनवर अली के पास से 500 ग्राम चरस व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।